



जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 294

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

बुधवार | 07 अगस्त, 2024

# बांग्लादेश में संसद भंग

- पूर्व पीएम खालिदा जिया रिहा, जयशंकर बोले, भारत पहुंचीं शेख हसीना सदमे में, ठीक होने का समय दे रहे
- प्रदर्शनकारियों ने हसीना की साड़ी पहनी, पीएम आवास में घुसे, कपड़े, पंखे, मछली चुराई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भंग कर दी है। देश की पूर्व पीएम खालिदा जिया को भी रिहा कर दिया गया है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने मंगलवार दोपहर 3 बजे तक संसद भंग करने का अल्टीमेटम दिया था। बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ 2 महीने से जारी प्रदर्शन में सोमवार को जमकर हिंसा हुई थी। इसके बाद वे पद से इस्तीफा देकर भारत पहुंची थीं। हिंडन एयरबेस पर एनएसए अजित डोभाल ने उनसे करीब एक घंटे बातचीत की थी। इधर, भारत में मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, शेख हसीना सदमे में हैं। सरकार बात करने से पहले उन्हें कुछ समय दे रही है। वे भविष्य को लेकर खुद फैसला लेंगी। कयास हैं कि वे लंदन या फिनलैंड जा सकती हैं।



### दिल्ली से ढाका के लिए उड़ान भरेगी एअर इंडिया की फ्लाइट

एअर इंडिया की एआई 237/238 फ्लाइट मंगलवार शाम दिल्ली से ढाका के लिए उड़ान भरेगी। कंपनी ने बताया कि जो भी यात्री 4-7 अगस्त के बीच दिल्ली से ढाका की फ्लाइट लेने वाले थे, उन्हें एक बार री-शेड्यूल करने की सुविधा दी गई है। हालांकि, यह टिकट 5 अगस्त से पहले बुक हुई होनी चाहिए। इससे पहले सोमवार को बांग्लादेश में हिसा को देखते हुए एअर इंडिया ने सभी उड़ानें रद्द कर दी थीं।

### बांग्लादेश में तीनों सेनाओं के चीफ से बैठक के बाद राष्ट्रपति ने संसद भंग की

बांग्लादेश राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने मंगलवार को दोपहर करीब 3 बजे संसद भंग कर दी। पाकिस्तान की तीनों सेनाओं के चीफ और कई राजनीतिक पार्टियों के साथ चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। इसके बाद बांग्लादेश की विपक्षी पार्टी बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया। फिलहाल एवरकेयर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, 1-5 अगस्त तक आंदोलन के दौरान जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया था, उन्हें भी रिहा किया जा रहा है। अब तक विपक्षी पार्टी बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के करीब 1 हजार कार्यकर्ताओं को छोड़ दिया गया है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले हुए : एस जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को सर्वदलीय बैठक में कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। यह चिंता की बात है। इसके बाद संसद में विदेश मंत्री ने कहा कि हसीना ने सोमवार को बेहद शॉर्ट नोटिस पर भारत आने की अपील की थी। पैरामिलिट्री फोर्स बांग्लादेश अंसार को हजरत शाहजलाल इंटकनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही वे देश में सभी पुलिस स्टेशनों की सुरक्षा के लिए भी जिम्मेदार होंगे।

### इंटेलिजेंस एजेंसी के डायरेक्टर को हटाया गया

बांग्लादेश में सियासी हलचल के बीच आर्मी में बड़ा बदलाव किया गया है। बांग्लादेश की इंटेलिजेंस एजेंसी नेशनल टेली-कम्युनिकेशन मॉनीटरिंग सेंटर के डायरेक्टर जिया-उल-अहसान को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह मेजर जनरल एएसएम रिदवानुर रहमान को एनटीएमसी का डायरेक्टर बनाया गया है। वहीं विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद सायफुल आलम को दी गई है।

### बांग्लादेश में हड़ताल पर पुलिसकर्मी

बांग्लादेश के पुलिस सर्विस एसोसिएशन ने मंगलवार को हड़ताल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जब तक हर पुलिसकर्मी की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, हम हड़ताल पर रहेंगे। बीपीएसए के मुताबिक, सोमवार को बांग्लादेश में 450 पुलिस स्टेशनों पर हमला हुआ था। इस दौरान कई पुलिसकर्मी मारे गए थे। इसी को देखते हुए पुलिस एसोसिएशन ने यह फैसला लिया है। बांग्लादेश में हिंसा के दौरान घायल हुए लोगों को इलाज के लिए पेट्रापोल बॉर्डर के रास्ते भारत लाया जा रहा है।

### जयशंकर बोले, हसीना को समय दे रहे

सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि भारत आने के बाद से हसीना सदमे में हैं। सरकार बात करने से पहले उन्हें कुछ समय दे रही है। वे भविष्य को लेकर खुद फैसला लेंगी। विदेश मंत्री ने कहा कि सोमवार को बांग्लादेश में मौजूद भारतीय समुदाय की रक्षा के लिए वहां के आर्मी चीफ से बात की गई है।

### ढाका में ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे छात्र

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज हालात काबू में हैं। हालांकि, सोमवार को पुलिस चौकियों पर हमले और आगजनी के बाद पुलिसकर्मियों में डर का माहौल है। इसी वजह से मंगलवार को ढाका की सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस की जगह सैनिक और छात्र ट्रैफिक व्यवस्था संभालते नजर आए।

### प्रदर्शनकारी छात्रों की अपील पर सरकार के चीफ एडवाइजर बनेंगे यूनुस

बांग्लादेश में नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर होंगे। हसीना सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस को सरकार बनाने में मदद का न्योता दिया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। यूनुस ने कहा, मैंने इस पद के लिए इनकार कर दिया था, लेकिन छात्रों के बार-बार अपील करने पर मैंने उनकी बात मान ली है। यूनुस ने कहा, छात्र कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी है। अगर छात्रों और देश की जनता ने इतनी कुर्बानी दी है, तो मेरी भी कुछ जिम्मेदारी है। यही सोचकर मैंने छात्रों की मदद करने का फैसला किया है। यूनुस ओलिंपिक कमेटी के न्योते पर बतौर स्पेशल गेस्ट पेरिस में हैं। वे जल्द ही बांग्लादेश लौट सकते हैं। ▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

### बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनने के पक्ष में अमेरिका

अमेरिका ने बांग्लादेश में पैदा हुए राजनीतिक संकट को लेकर पहली बार रिएक्शन दिया है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक अमेरिका ने अंतरिम सरकार बनाने के निर्णय का स्वागत किया है। अमेरिका ने कहा कि कोई भी बदलाव बांग्लादेश के कानूनों के मुताबिक ही होने चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका बांग्लादेश के लोगों के साथ खड़ा है। उन्होंने सभी पक्षों से हिंसा से बचने की अपील भी की है।

### बांग्लादेश से भागकर भारत आ रहे दूरसंचार मंत्री गिरफ्तार

बांग्लादेश के दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जुनैद अहमद पलक को हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, पलक नई दिल्ली भागने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें एयरपोर्ट पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने गिरफ्तार किया।

### जयशंकर बोले, बांग्लादेश संकट पर नजर, भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं

राज्यसभा में बांग्लादेश की स्थित पर बयान देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, हम वहां मौजूद भारतीय समुदाय से लगातार संपर्क में हैं। बांग्लादेश में करीब 19 हजार भारतीय हैं, जिनमें से 9 हजार छात्र हैं। कई छात्र जुलाई में भारत लौट आए थे। हम अल्पसंख्यकों के नजरिए से भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। जयशंकर ने कहा, बांग्लादेश में कई संगठन अल्पसंख्यकों की मदद के लिए आगे आए हैं। बार्डर पर तैनात फोर्सेज से मुस्तैद रहने को कहा गया है। हम पिछले 24 घंटों से ढाका के अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## यूपी विधानसभा उपचुनाव

# सपा ने बनाया प्रतिष्ठा का प्रश्न

## पार्टी हर हाल में जीत सुनिश्चित करना चाहती है, इसलिए प्रत्याशी उतारने से पहले हर एंगल से गुणा भाग किया जा रहा है

- तारीखों के एलान से पहले समाजवादी पार्टी में जिताऊ प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हो रहा है
- दो उम्मीदवार मौजूदा सांसदों के परिवार से हो सकते हैं
- इनमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव कि करहल सीट भी है हाई प्रोफाइल

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा



**लखनऊ।** विधानसभा की 10 सीटों पर उपचुनाव को समाजवादी पार्टी ने भी अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। पार्टी हर हाल में यह जीत सुनिश्चित करना चाहती है। इसलिए प्रत्याशी उतारने से पहले हर एंगल से गुणा भाग किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कुछ के नाम लगभग तय हैं कुछ पर विचार चल रहा है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 10 सीटों पर उपचुनाव के तैयारियां तेज हो गई हैं। तारीखों के एलान से पहले समाजवादी पार्टी में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हो रहा है। इसको लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। ऐसे में सूत्रों को हवाले से समाजवादी पार्टी के छह उम्मीदवारों के कयास लगाए गए हैं। इनमें से दो उम्मीदवार मौजूदा सांसदों के परिवार से हो सकते हैं। हालांकि अन्य चार सीटों पर मंथन जारी है।

### कुंदरकी से पूर्व एमएलसी हाजी रिजवान, मीरापुर से पूर्व सांसद कादिर राणा हो सकते उम्मीदवार

कुंदरकी से सपा इस बार पूर्व एमएलसी हाजी रिजवान को अपना प्रत्याशी बनाया जा सकता है। इसके आलावा मीरापुर से पूर्व सांसद कादिर राणा को पार्टी ने उम्मीदवार बनाने के संकेत दिये हैं।

### अखिलेश यादव करहल से अपने भतीजे तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बना सकते हैं

सपा प्रमुख अखिलेश यादव करहल से अपने भतीजे तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बना सकते हैं। यह सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। ऐसे में शुरू से ही कयास लगाए जा रहा हैं कि यहां से अखिलेश यादव के किसी परिजन को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। वहीं, कटेहरी सीट से लालजी वर्मा विधायक थे। उनके सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हो गई। उनके परिवार से भी किसी को टिकट दिया जा सकता है।

### सीसामऊ सीट से इरफान सोलंकी की पत्नी हो सकती हैं उम्मीदवार

सीसामऊ सीट से इरफान सोलंकी के परिवार के किसी सदस्य को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। कयास लगाए जा रहे हैं कि उनकी पत्नी को यहां से सपा टिकट दे सकती है। बता दें कि इस सीट पर सपा का 30 सालों से कब्जा है। वह लगातार यह सीट जीतती आ रही है। यहां इरफान सोलंकी की सदस्यता रद्द होने की वजह से सीट खाली हो गई।

### नजूल का खेल : बंद मिलों की 80 हजार करोड़ की जमीन पर भू माफिया की नजर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

नजूल की जमीन को भूमाफिया से बचाने के लिए हर तरह की कवायद हो रही है। इसके तहत नजूल की जमीन का इस्तेमाल शहरों की सूरत संवारने के लिए किया जाएगा। इसी के तहत प्रदूषण से जूझते कानपुर को खुली हवा में सांस देने के लिए शासन एक प्रस्ताव पर काम कर रहा है। नजूल पर बनी मिलों की जमीन पर सिटी फारेस्ट सहित जरूरतमंदों और गरीबों के लिए आवास बनाने की तैयारी है। 80 हजार करोड़ रुपये की अनुमानित कीमत वाली इन जमीनों के लिए औद्योगिक और वित्तीय पुर्ननिर्माण बोर्ड (बीआईएफआर) सहित कई अन्य मोर्चे पर शासन अपनी पैरवी कर रहा है। कानपुर में सिविल लाइंस व वीआईपी रोड का अधिकांश हिस्सा नजूल की जमीन पर है। बेहद पॉश और महंगे इलाकों में स्थित बंद मिलें नजूल की जमीन पर हैं। खंडहर पड़ी इन मिलों के परिसर में बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। कई बाजार नजूल की जमीन पर काबिज हैं।

### जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट के गेट के पास महिला ने खुद को लगाई आग, हालत गंभीर, ट्रामा रेफर किया

- फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ के गौतमपल्ली में मंगलवार सुबह जनेश्व मिश्र ट्रस्ट के गेट के पास एक महिला ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़क कर आग लगा ली। महिला को जलता देख वहां हड़कंप मच गया। आननफानन पुलिस कर्मी महिला को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। महिला को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। वहीं, फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। उन्नाव के पुरवा में छत्ताखेड़ा गांव निवासी महिला अंजली जाटव मंगलवार को बच्चे के साथ सीएम दरबार पहुंची थीं। वहां से निकलने के बाद वह जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट के गेट नंबर तीन के पास पहुंची और वहां बैठी रहीं। कुछ देर अपने बच्चे को सड़क किनारे बैठा दिया फिर उन्होंने अपने बैग से ज्वलनशील पदार्थ निकाला खुद छिड़क कर आग लगा ली। आग लगते ही महिला चीखने चिल्लाने लगी। यह देख वहां खड़े पुलिसकर्मियों ने आननफानन महिला पर कंबल फेंक आग बुझाई। इसके बाद उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में जेल में है पति

इंस्पेक्टर गौतमपल्ली वेद प्रकाश राय के मुताबिक महिला का इलाज चल रहा है। महिला ने कुछ समय पहले दहेज प्रताड़ना का मुकदमा अपने पति व ससुरालीजनों पर दर्ज कराया था। मामले में पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था। मामले की जांच की जा रही है।

## एक करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मियों-पेंशनरों को तगड़ा झटका, सरकार नहीं देगी 18 माह के 'डीए' का एरियर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अपने एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों को तगड़ा झटका दे दिया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में स्पष्ट तौर से बता दिया है कि कोरोनाकाल के दौरान सरकारी कर्मियों का जो 18 फीसदी डीए/डीआर रोका गया था, अब उसका एरियर नहीं मिलेगा। राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने डीओपीटी के सचिव (पी) से आग्रह किया था कि 18 माह के डीए का एरियर, कर्मियों का हक है। केंद्र सरकार के कर्मियों व पेंशनरों को कोरोनाकाल के दौरान रोके गए डीए/डीआर का एरियर जारी किया जाए। राज्यसभा सदस्य, जावेद अली खान और रामजी लाल शर्मा ने सदन में यह सवाल पूछा था कि क्या सरकार, कर्मचारियों को कोरोनाकाल के दौरान रोके गए डीए/डीआर के एरियर का भुगतान जारी करने के लिए सक्रिय है या नहीं। दोनों सांसदों ने पूछा, अगर सरकार यह भुगतान जारी नहीं कर रही है, तो उसका क्या कारण है। भारतीय अर्थव्यवस्था, विश्व में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस साल डीए/डीआर जारी करने को लेकर कर्मचारी संगठनों के कितने प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार ने उन पर क्या कार्यवाही की है। इन सवालों के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा, कोरोनाकाल में अर्थव्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण डीए/डीआर रोका गया था। तब सरकार पर वित्तीय दबाव था।

### सरकार की घोषणा का निकला ये मतलब

कोरोनाकाल के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह घोषणा की थी कि कर्मचारियों को 28 फीसदी के हिसाब से महंगाई भत्ता मिलेगा। उस वक्त उन्होंने एरियर को लेकर कोई बात नहीं कही। केंद्रीय मंत्री की घोषणा का अर्थ यह था कि बढ़े हुए डीए की दर एक जुलाई 2021 से 28 फीसदी मान ली जाए। इसके अनुसार जून 2021 और जुलाई 2021 के बीच डीए में एकाएक 11 फीसदी वृद्धि हो गई, जबकि डेढ़ साल की अवधि में डीए की दरों में कोई वृद्धि दर्ज नहीं की गई। एक जनवरी 2020 से लेकर एक जुलाई 2021 तक डीए/डीआर फीज कर दिया गया था। कोरोना संक्रमण काल में डीए की तीन किस्त (1 जनवरी 2020, 1 जुलाई 2020, 1 जनवरी 2021) रोक दी गई थी। इसके बाद सरकार ने जुलाई 2021 में महंगाई भत्ते को बहाल कर दिया था। तब 18 महीने की बकाया तीन किस्तों का पैसा देने पर सरकार चुप हो गई।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

**महाकुंभ-2025** कुंभ मेला क्षेत्र में गाइनेकोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिक शिफ्टवार 24 घंटे देंगे अपनी सेवाएं

# महाकुंभ में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की भी होगी देखभाल

- 407 डॉक्टर्स की टीम और 746 पैरामेडिकल स्टाफ को किया जाएगा तैनात
- आधा दर्जन गाइनेकोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिक्स महिलाओं और बच्चों को देंगे स्वास्थ्य सेवाएं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ-2025 के महाआयोजन को लेकर योगी सरकार बड़े पैमाने पर तैयारियों में जुटी है। करीब दो माह तक चलने वाले इस आयोजन में रिकार्ड संख्या में देश-दुनिया भर से श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में योगी सरकार उनके स्वास्थ्य को लेकर विशेष तैयारी कर रही है। इसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के निदान पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। इसके लिए कुंभ मेला क्षेत्र में चार सौ से ज्यादा डॉक्टर्स के साथ ही 700 से अधिक पैरामेडिकल स्टॉफ नियुक्त किये जाने की योजना है। यह मेडिकल टीम 24 घंटे अपनी सेवाएं देगी। वहीं महिलाओं और बच्चों के लिए कुंभ मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में बेड भी रिजर्व किये जाएंगे। साथ ही इनके इलाज के लिए शिफ्ट वाइज गाइनेकोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिक तैनात होंगे।

### मेला क्षेत्र में तैनात होंगे 407 डॉक्टर्स, 24 घंटे मौजूद रहेंगी गाइनेकोलॉजिस्ट

कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 407 डॉक्टर्स की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही 182 नर्सिंग स्टाफ, 150 वार्ड ब्वॉयज, 354 फार्मासिस्ट और 60 लैब टेक्नीशियन की भी तैनाती होगी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में उन्हे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। मेला क्षेत्र में स्थित अस्पतालों में तीन शिफ्ट में 48 महिला चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगी। इसके अलावा मेला क्षेत्र में 24 घंटे गाइनेकोलॉजिस्ट भी तैनात रहेंगी। वहीं सेंट्रल अस्पताल में लेबर रूम की स्थापना की जा रही है। साथ ही 40 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम पर रहेगी। इसके अलावा सीएचसी और पीएचसी में भी 24 घंटे आकस्मिक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यहां पर अतिरिक्त दवाइयां, मरहम-पट्टी समेत अन्य चीजों के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

### 48 बेड महिलाओं और 15 बेड बच्चों के लिए रहेंगे रिजर्व

एडिशनल डायरेक्टर स्वास्थ्य प्रयागराज डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरुप महाकुंभ मेला क्षेत्र के अस्पतालों में महिलाओं और बच्चों के अलग-अलग वार्ड बनाए जाएंगे। इसके लिए 6 गाइनेकोलॉजिस्ट और 6 पीडियाट्रिक को शिफ्टवार तैनात किया जाएगा। यह सभी 24 घंटे अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 100 बेड का एक अस्थायी सेंट्रल अस्पताल बनाया जाएगा। इसमें 30 बेड महिलाओं और 10 बेड बच्चों के लिए रिजर्व रहेंगे। ज्वॉइंट डायरेक्टर हेल्थ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि सब सेंट्रल अस्पताल में 10 बेड महिलाओं और 3 बेड बच्चों के लिए रिजर्व किये जाएंगे। इसी तरह सेक्टर अस्पतालों में 8 बेड महिलाओं और 2 बेड बच्चों के लिए रिजर्व किये जाएंगे। इतना ही नहीं मेला क्षेत्र में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी, जहां पर काउंसलर द्वारा लोगों को नशे दुष्प्रभाव के बारे में बताया जाएगा। यहां पर बाल रोग विशेषज्ञ परामर्शदाता की तैनाती की जाएगी।

### राष्ट्रपति को फिजी के सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया जाना भारत के लिए गौरव का क्षण : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च सम्मान कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान फिजी के राष्ट्रपति ने प्रदान किया। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिनंदन जताते हुए देशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी को फिजी के सर्वोच्च सम्मान कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से विभूषित किया जाना भारत के लिए गौरव का क्षण है।

# यूडीआईडी के लिए लम्बित आवेदन पत्रों का करें तत्काल निस्तारण : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय दिव्यांग समिति, जिला दिव्यांग बंधु, लोकल लेवल समिति एवं यूडीआईडी की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि जनपद के दिव्यांगजनों की समस्याओं व शिकायतों के त्वरित समयबद्ध निस्तारण समिति के सदस्यों, विभागों द्वारा किए जाने के लिए दिव्यांगता समिति का गठन किया गया है। जिसमें दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए दिव्यांग भरण पोषण अनुदान, दिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजना, दुकान निर्माण संचालन योजना, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, चिकित्सा, यूडीआईडी, दिव्यांगजन के क्षेत्र में कार्यरत शैक्षिक संस्था के राज्य निधि मद वित्तीय सहायता, राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में आने वाली समस्याएं विशेष रूप से मानसिक मंदित, श्रवण बाधित, मूक दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने की जनपद स्तर पर सुविधा अगर नहीं है तो व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में दिव्यांगजनों के लिए हेल्प डेस्क प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि जो 4728 यूडीआईडी के लिए दिव्यांगजनों के आवेदन पत्र लम्बित हैं, उनका तत्काल निस्तारण कराकर यूडी आईडी जारी कराया जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि बच्चों को ब्रेल किट, एम आर किट एवं कान की मशीन आदि सहायक उपकरण प्रदान के लिए बच्चों का चिन्हांकन किया जाए। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों को निःशुल्क यात्रा अनुमन्य होने के बाद परिचालकों द्वारा अगर उन्हें परेशान किया जाता है तो उस सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी कराकर यूडीआईडी को मान्य किया जाए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में जो 649 दिव्यांगजनों की फैमिली आईडी बनाने के लिए राशन कार्ड नहीं है तो अपात्रों को हटाते हुए राशन कार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों से कहा कि दिव्यांगजनों के लिए बाधा रहित आवागमन के लिए सुगम्य भारत अभियान योजना के तहत सभी कार्यदाई संस्थाएं निर्माण कार्यों में रैंप का निर्माण अवश्य कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों को प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री आवास दिलाए जाने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण के लिए सांसद एवं विधायक से भी निधि का सहयोग लिया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर दिव्यांग उपकरण उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, दृष्टि संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छ शौचालय में अपात्रों के चयन पर होगी कार्यवाही : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह को निर्देश दिए कि जिन व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को प्रथम किस्त दी जानी है, उसकी तत्काल पत्रावली प्रस्तुत करें। साथ ही जिन लाभार्थियों को द्वितीय किस्त जारी करना है, उन लाभार्थियों का जिओ टैग कराकर खंड विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत से सत्यापन कराकर धनराशि भेजना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी पंचायतों को निर्देश दिए कि जो स्वच्छ शौचालय के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उनकी जांच करें कि वह पात्र है कि नहीं, किसी भी अपात्र का चयन नहीं होना चाहिए। अगर कहीं से शिकायत मिली कि अपात्रों का चयन किया गया है तो आप लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन निर्माण पर मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि टीम बनाकर निर्माण कार्यों की जांच कराई जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि इनका संचालन सही तरीके से कराया जाए।

उन्होंने सहायक विकास अधिकारी पंचायतों को निर्देश दिए कि जो ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के निर्माण कार्य हो रहे हैं, उन्हें शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण अपनी देखरेख में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन निर्माण के लिए कार्य योजना बनाई गई है, उसको अनुमोदित कराकर शासन को भेजा जाए ताकि धनराशि समय से प्राप्त हो सके और निर्माण कार्य कराए जा सके। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि मॉडल ग्राम जो चयनित किए गए हैं, उसमें प्रत्येक ब्लॉक से पांच ग्रामों का सहायक विकास अधिकारी पंचायतों के माध्यम से निरीक्षण अवश्य करालें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब आप लोग ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करते हैं तो विकास कार्यों का पूरा विवरण सहित निरीक्षण आख्या भेजना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि गोबरधन योजना के तहत भौंरी व कसहाई गांव चयनित हुए थे, जिसमें गोबर गैस यूनिट स्थापित हो गई है। इस पर जिलाधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी पंचायतों को निर्देश दिए कि गोबर गैस प्लांट से गांव के सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही अंत्येष्टि स्थलों जिनका निर्माण कार्य हो गया है वहां पर पौधारोपण भी कराया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में आकस्मिक वार्ड, शल्य क्रिया कक्ष, वीआईपी रूम, वाह्य रोगी विभाग, दवा वितरण कक्ष, हड्डी रोग विशेषज्ञ, एक्स-रे रूम, सीएनसी यू वार्ड, जच्चा बच्चा बार्ड, रसोई घर, दवा भंडार कक्ष, पुरुष वार्ड, आयुष्मान भारत कक्ष, सिटी स्कैन कक्ष, पोषण पुनर्वास केन्द्र, पीएनसी वार्ड, पैथोलॉजी विभाग, डॉट्स सेंटर, ब्लड बैंक, ओपीडी, पंजीकरण कक्ष आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वंदना श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में अच्छी तरह से साफ सफाई रहे। सीसीटीवी कैमरा का संचालन सही तरीके से कराया जाए। साथ ही प्रतिदिन मरीजों के वार्डों में बेडशीट अवश्य बदली जाए। रसोई घर में जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भोजन के बारे में जानकारी ली। जिसमें रसोइयों ने बताया कि दो सब्जी, दाल, चावल और रोटी बनाई जा रही है। इस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि प्रतिदिन मीनू के अनुसार भोजन, नाश्ता चाय की व्यवस्था की जाती है। पोषण पुनर्वास केन्द्र में जो बच्चे भर्ती हैं, उनके अभिभावकों व बच्चों के भोजन की भी व्यवस्था रहती है। जिला अस्पताल में निष्प्रोज्य सामग्री पडी होने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि तत्काल इसकी नीलामी कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में सभी दवाइयां उपलब्ध रहे। मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए, यह आप लोग सुनिश्चित करें। कोई भी चिकित्सक बाहर की दवाई मरीजों को न लिखें, इसका आप लोग विशेष ध्यान रखें।

## तमंचा कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह सोमवार की रात को गशत कर रहे थे। इसी दौरान जब वह हाईवे से फातिमा माता स्कूल वाली सड़क पर जा रहे थे। तभी दो युवक वहां खड़े थे, जो? पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया, और तलाशी लेने पर दोनों युवकों के पास से एक एक तमंचा व तीन? कारतूस बरामद किए। पुलिस दोनों आरोपितों को कोतवाली ले आई, जहां पर बताया कि दोनों आरोपित मुलायम सिंह व धर्मेंद्र सिंह निवासीगण ग्राम नगीना बांगर थाना मूसानगर कानपुर देहात के हैं। जो कि लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। दोनों के विरुद्ध थाना मूसानगर कानपुर देहात में बलवा मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। महमूदपुरा चौकी इंचार्ज ने कांशीराम कालोनी के समीप कच्चे रास्ते पर जा रहे।

# 6 वर्ष से मुकदमा लड़ रहे पति-पत्नी के बीच कराई सुलह

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने मंगलवार को सखी वन स्टाप सेण्टर गढीवा का निरीक्षण किया। साथ ही यौन उत्पीडन से महिलाओं की सुरक्षा विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वन स्टाप सेण्टर की प्रभारी सखी रंजीता द्विवेदी ने यौन उत्पीडन से महिलाओं की सुरक्षा से सम्बन्धित शासन, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी। काउंसलर अर्चना साहू ने घरेलू हिंसा, एसिड अटैक एवं छेडछाड, दहेज उत्पीडन से सम्बन्धित कानूनी उपचार के लिए महिलाओं को जानकारी दी। इसी क्रम में पैरालीगल वालेण्टियर ममता वर्मा ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पैरालीगल वालेण्टियर उपासना देवी आदि मौजूद रहे।

इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि मध्यस्थ राहुल शर्मा ने मध्यस्थता केन्द्र में लम्बित प्रकरण प्रियंका बनाम जितेन्द्र, जिसमें लगभग 6 वर्ष से पति-पत्नी अलग रह रहे थे, उनके प्रयास से एक साथ रहने के लिये सहमत हुये। दोनों पक्षों द्वारा सुलहनामा दाखिल किया गया। दोनो पक्ष एक साथ रहने के लिये न्यायालय परिसर से ही लडकी ससुराल के लिये गयी।

## विद्युत पोल में बंधे सपोर्टर में उतर रहे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र के भरसूड़ा में बिजली के पोल में लगे सपोर्टर में उतर रहे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम भरसूड़ा निवासी करन सिंह 36 वर्ष रविवार को अपनी पत्नी मीना के साथ घर पर था। जब वह घर के बाहर निकला, तभी दरवाजे के पास लगे खंभे के सपोर्ट तार में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह जमीन पर गिरकर अचेत हो गया। बाहर आई पत्नी ने पति को अचेत पड़ा देखा तो वह चीखने लगी। महिला की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर आ गए और वह उसे मेडिकल कालेज लाए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद कोटरा थाना प्रभारी वरुण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच गए और उन्होंने शव को कब्जे में लिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी, तीन पुत्रियां व एक पुत्र सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# साइबर फ्रॉड पीड़ित व्यक्तियों के 5 लाख 2 हजार रूपये कराये वापस

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



वर्तमान में बढते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर साइबर अपराध पीडितों को रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय राज कमल के पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशीकान्त राय द्वारा माह जुलाई में कुल 12 साइबर अपराध पीडित व्यक्तियों के कुल 5 लाख 2 हजार रुपये उनके खातों में वापस कराये गये हैं। उल्लेखनीय है कोतवाली कर्वी के शंकर बाजार निवासी पवन मिश्रा के साथ ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 1 लाख रुपये की ठगी की गयी थी। जिनके द्वारा साइबर सेल चित्रकूट में शिकायत की गयी। साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशीकान्त राय तथा आरक्षी सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार द्वारा पवन मिश्रा के 1 लाख रुपये सहित कुल 12 पीडितों के 5 लाख 2 हजार रुपए बरामद कराए गए।

वर्तमान में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी जिनके पास एन्ड्राइड मोबाइल उपलब्ध है ऑनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं, लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। अतः ऑनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को यह जानकारी जरुरी है कि कुछ सावधानी अपनाकर साइबर ठगी से बचा जा सकता है। जनपदीय साइबर सेल द्वारा लगातार लोगों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुक किया जाता हैं एवं साइबर अपराध की शिकायत प्राप्त होने पर पीडितों की शिकायत दर्ज कर सम्बन्धित बैंकों से समन्वय स्थापित कर पीडितों की धनराशि वापस करायी जाती है।

## पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रिनियां में सोमवार को घर में रखें टेबल फैन में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रिनियां निवासी गुड्डन 45 बर्ष पत्नी स्व. ज्ञान प्रकाश अहिरवार सोमवार की सुबह घर में अकेली थी और साफ सफाई कर रही थी। तब घर में रखे पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। जिसमें करंट लगने से वह झुलस कर अचेत हो गई। कोचिंग पढ़ने के बाद घर लौटे पुत्र ने मां को झुलसा हुआ पड़ा देखा तो वह जोरों से चीखने लगा। मौके पर पहुंचे लोग उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। बताया गया कि पति की लगभग 10-12 साल पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। मृतका के तीन पुत्र हैं। जिनमें उसके दो बेटे बाहर रहते हैं। मंझला बेटा अभय 21बर्ष मां के साथ गांव में रहता है, जो पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा है।

# तंत्रविद्या से बच्चों को बेसुध करने का परिजनों ने तांत्रिक पर लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । कुठौंद**

थाना क्षेत्र के गांव पंडितपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। गांव के ही एक शख्स पर तंत्रविद्या से बच्चों को बेशुद करने का एक पिता ने आरोप लगाया है।

कूठौंद थाना क्षेत्र में मंगलवार को पंडितपुर निवासी 40 वर्षीय विनोद शुक्ला अपने इकलौते बेटा-बेटी और भतीजे को बेशुद अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों का प्राथमिक उपचार किया गया। पीएससी में तैनात डॉक्टर सुरेश चंद्र ने बताया कि बच्चों को मानसिक रोग से पीड़ित होना प्रतीत हुआ है। बच्चों के पिता को मानसिक रोग विशेषज्ञ से उपचार के लिए कहा है। बच्चों के पिता विनोद शुक्ला ने पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया कि उनके इकलौते बेटे देव शुक्ला उम्र करीब 11 वर्ष, बेटी दिव्यांशी शुक्ला उम्र करीब 14 वर्ष तथा भतीजा राज शुक्ला पुत्र प्रमोद शुक्ला उम्र करीब 10 वर्ष जो बीते करीब 10 दिनों से परेशान है। बच्चे कभी चिल्लाने लगते हैं, तो कभी अचेत हो जाते हैं। जिसको लेकर पूरा परिवार सहमा हुआ है। आस पास के लोगों ने देवतानी चक्कर का होना बताया है। झाड़-फुक करवाने पर बच्चे गांव के ही राजकुमार तिवारी का नाम लेते हैं। जिसके संबंध में थाना अध्यक्ष कुठौंद केपी सरोज ने बताया कि तंत्रविद्या से बच्चों को अचेत होने की सूचना प्राप्त हुई है। जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है। प्रार्थना पत्र के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## दीवार गिरने से बच्ची की मौत

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के गढ़गुआं गांव में स्कूल से लौट रही बच्ची के ऊपर खंडहर पड़े मकान की कच्ची दीवार गिरने से बच्ची की मौत हो गई। लक्ष्मी उर्फ गंगा 7 वर्ष पुत्री मोहित सिंह सेंगर कक्षा 1 में गांव में ही सरकारी स्कूल में पढ़ती थी। स्कूल की छुट्टी हो जाने के बाद वह अपने घर वापस आ रही थी। तभी घर के सामने एक सूने पड़े गोविंद सिंह के खंडहर मकान की दीवार अचानक बच्ची के ऊपर गिर गई। जिसमें दबकर बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। गांव में ग्रामीणों ने दीवार के मलबे को हटाकर बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची के पिता मोहित सिंह ने बताया कि बच्ची स्कूल से पढ़कर घर आ रही थी। गोविंद सिंह का कच्चा घर हमारे घर के सामने ही है। स्कूल से आते समय बच्ची के ऊपर दीवार गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। बच्ची की मां रिया ने रोते हुए बताया कि मेरा एक लड़का और लड़की दोनों जुड़वा पैदा हुए थे। हमारी बच्ची सबसे ज्यादा प्रिय थी। थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि गोविंद सिंह के मकान की दीवार गिरी है। गोविंद सिंह कई वर्षो से जालौन में रह रहे हैं और यह मकान सुनसान पड़ा रहता था। बच्ची के शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# विवाहिता के साथ दुराचार के मामले में कोर्ट ने महंत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के दिए आदेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

धमकी देकर विवाहिता महिला का शोषण करने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महंत के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

मध्य प्रदेश के सतना जिले के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति चित्रकूट के महंत सत्यप्रकाश दास के साथ रहते थे। इसके चलते महंत के विरूद्ध पहाड़ी थाना में हत्या के प्रयास के एक मामले में उसके पति को भी सह अभियुक्त बनाया गया था। वर्ष 2016 में उसके पति महंत सत्यप्रकाश दास के साथ जेल मे थे। इसके चलते मुकदमें की पैरवी के लिए वह चित्रकूट आती थी और यज्ञवेदी निर्वाणी अखाडा में रूकती थी। जहां महंत के भाई जय प्रकाश ने उसे एक कमरा दिला दिया था। कमरा दिलाने के बद पति के जेल में रहने के कारण जय प्रकाश ने डरा धमकाकर उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाया। मना करने व विरोध करने पर पति को जेल में बंद रखने और जान से मरवाने की धमकी देता था। इस दौरान जय प्रकाश अपने भाई महंत सत्यप्रकाश दास और अपने रिश्तेदार अरविन्द मिश्रा के साथ लगातार उसका शारीरिक शोषण करते रहे और इसकी जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी देते रहे। बीती 18 जून 2024 को तीनों आरोपियों ने यज्ञवेदी निर्वाणी अखाड़ा के कमरे से उसके पति को बाहर भेज दिया और रात में तीनों लोगों ने बिना उसकी इच्छा के जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की। इस दौरान महंत ने कहा कि उनके मन मुताबिक काम न करने पर वह उसके पति व बच्चों को गायब करवा देंगे। इसके दूसरे दिन 19 जनू को उसने अपने पति को पूरी घटना की जानकारी दी और उनके साथ सीतापुर चैकी जाकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया, किन्तु कोई सुनवाई नही हुई। इसके बाद उसने उच्चाधिकारियों को भी अपने साथ हुए शोषण की जानकारी दी, किन्तु कोई सुनवाई नहीं की गयी। साथ ही आरोपियों द्वारा धमकी दी गयी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी साधु वेश में पेशवर अपराधी और इसके विरूद्ध कई अपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं। जिसके दबाव और प्रभाव के कारण कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है। पीड़िता ने इस मामले में कोई सुनवाई न होने पर न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने पीड़िता द्वारा दिए गए धारा 156 (3) के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक को घटना के बावत उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही विधि अनुसार विवेचना कराने और आख्या प्रस्तुत करने को कहा है।

# बढ़ते जल स्तर को देखते डीएम व एसपी ने किया नदी पट्टी गांवो का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने उरई तहसील क्षेत्र के बेतवा नदी किनारे स्थित मुहाना व आस पास के गांवों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बेतवा नदी किनारे स्थित ग्रामीणों को बढ़ते जल स्तर को देखते हुए सचेत रहने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद की सभी 82 बाढ़ चौकियों को भी सतर्क रहने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता करते हुए कहा कि कोई भी ग्रामीण बेतवा नदी किनारे न जाए, न ही अपनी जानवरों को चराए, क्योंकि बेतवा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि ललितपुर के माता टीला बांध और राजघाट से लगभग 5 लाख क्यूसिक पानी बेतवा नदी में छोड़ा गया है, जिस कारण बेतवा नदी के जल स्तर में लगातार तेजी बढ़ रही है। बेतवा नदी का जलस्तर 2 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और यह खतरे की निशान के करीब पहुंच गया है, जिससे नदी किनारे किसानों की फसल पूरी तरह से जलमग्न हो गई है, उन्होंने कहा कि खतरे का आभास होने तत्काल प्रशासन को सूचना दें, जिससे उन्हें सकुशल बाढ़ प्रभावित इलाकों से लोगो को निकाला जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है, लेकिन बेतवा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दीए गए है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) संजय कुमार, उपजिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 04 से 07 अगस्त, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।


अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.6 (+2.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.4 (0.7)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 67 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 8.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# अवनीश दीक्षित के एक और करीबी पर हुई एफआईआर

## जुड़ सकते हैं कनेक्शन, नहीं मिली पुलिस को कस्टडी रिमांड





**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर की जिला जेल से लाकर बीते दिन मंगलवार को अवनीश दीक्षित की पेशी सीजेएम कोर्ट में हुई। इस दौरान कोतवाली में दर्ज किए गए कब्जे और लूटपाट के मुकदमे में पुलिस टीम की ओर से अभियोजन पक्ष ने कस्टडी रिमांड मांगी तो बचाव पक्ष ने कोर्ट से अपनी आपत्ति दाखिल करने का समय मांगा। अभियोजन पक्ष का कहना था की जेल में निरुद्ध अवनीश दीक्षित के द्वारा कई महत्वपूर्ण साक्ष्यों के बारे में विवेचन को मौखिक जानकारी दी गई थी। लेकिन जिस तरह से मौखिक जानकारी दी गई थी उस स्थान पर जाने के बाद साक्ष्य नहीं मिल पाए हैं जिसके लिए अवनीश दीक्षित की कस्टडी रिमांड की मंजूरी दिया जाना न्याय हित में होगा। बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वारा आपत्ति लगाने का समय कोर्ट से मांगे जाने पर कोर्ट ने अनुमति दे दी है। अब इस मामले में अग्रिम सुनवाई आगामी 9 अगस्त को होगी। आपको बताते चलें कि बीती 28 जुलाई के बाद से पत्रकार अवनीश दीक्षित और उनके साथ जुड़े लोगों पर लगातार शहर के विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। साथ ही साथ पुलिस टीमें आरोपियों के घर पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास भी कर रही हैं। कल मंगलवार को लगभग दोपहर 2:30 बजे पत्रकार अपनी दीक्षित को जेल से सीजेएम कोर्ट में विद्वान न्यायाधीश सूरज मिश्रा सामने पेश किया गया। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कस्टडी रिमांड मांगी गई तो बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित के द्वारा कोर्ट से आपत्ति दाखिल करने का समय मांगा गया। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आपत्ति दाखिल करने के लिए 9 अगस्त की तारीख नियत की है। अब पुलिस की कस्टडी डिमांड की अर्जी पर सुनवाई 9 अगस्त को ही होगी।

### बिठूर में दर्ज़ हुए मुकदमे से जुड़ रहे कनेक्शन

थाना बिठूर में मंगलवार को एक महिला की तहरीर पर आईपीसी की धारा 447 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। आलमबाग लखनऊ में निवास करने वाली बीना काकरिया ने बताया कि मोहित बाजपेई पुत्र आरके बाजपेई निवासी मकान नं0-128/5/55 वाई-1 यशोदा नगर किदवई नगर ने अपने कुछ साथियो के साथ उनके का प्लाट पर ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। प्लाट के गेट मे से उनका नाम मिटाकर अपना नाम लिख दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री की हेल्पलाइन नं0-1076 पर सूचना दी थी साथ ही तत्कालीन संयुक्त पुलिस आयुक्त को भी उन्होने प्रार्थनापत्र पर दिया था। थानाध्यक्ष बिठूर ने जांच करने के बाद पीड़िता को प्लाट पर कब्जा दिलवा दिया जो कि आज भी उनके पास है। परन्तु मोहित बाजपेई व अन्य पर कोई कार्यवाही नही हई। पीड़िता की मानें तो 29 जुलाई को समाचार पत्र मे पढ़ा कि मोहित बाजपेई तथा अन्य लोग सिविल लाइंस कानपुर स्थित जमीन पर जबरन कब्जा करने के आरोप में नामजद हुये है तो उन्हें भी उम्मीद हो गयी कि न्याय मिलेगा। बताया कि उनकी उम्र 78 वर्ष है तथा वह आईआईटी कानपुर नगर से रिटायर्ड हैं। तथा अस्वस्थ्य भी है मोहित बाजपेई तथा अन्य सभी प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश करते रहते हैं।

# सेवा श्री रत्न सम्मान से संस्थाओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



मंगलवार को सिविल लाईन मर्चेंट चैम्बर हॉल में अवर हैल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर एनजीओ सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभआरंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और संस्था के अध्यक्ष आदित्य पोद्दार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अवर हेल्पिंग हैंड्स सेवा रत्न श्री सम्मान, सेवा पद्मश्री सम्मान, सेवा श्री सम्मान से सभी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष आदित्य पोद्दार ने बताया कि शहर की प्रमुख संस्थाओं ने इसमें प्रतिभाग किया। जिसमें शहर की सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं का वृहद रूप से सम्मान किया गया। शहर के दस वरिष्ठ ऐसे समाजसेवियों को सेवा श्री रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया जिनके कार्य अपने आप में सेवा से ओतप्रोत हैं।

संस्था के पदाधिकारी में मनोज गुप्ता, सुरभि द्विवेदी, विनीता अग्रवाल, वेद प्रकाश, मनोज अग्रवाल, गौरी गुप्ता, सुजीत सिंह, कृष्णा शर्मा, जया शुक्ला, सुपर्णा सुपर्णा मिश्रा, इला बाजपेई, कोऑडिनेटर अजय वर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

### सेवा श्री रत्न से सम्मानित

राकेश अग्रवाल, हरि तोषनीवाल, सीताराम खत्री, मनोज सेंगर, सुशील चक, तरनजीत सिंह, निर्मल कपूर, मनप्रीत कौर, उमा शुक्ला, डॉ अनुपम जैन जिन्हें अवर हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही साथ शहर की जानी-मानी एक सौ पचास अन्य संस्थाओं के अध्यक्ष पदाधिकारी को भी सम्मानित किया गया। पहली बार कानपुर में एक ही छत के नीचे इतने समाज सेवी एकत्र हुए यह अपने आप में हर्ष का विषय है। संस्था अध्यक्ष आदित्य पोद्दार ने बताया अगर सभी संस्थाएं मिलकर के विस्तृत रूप से कार्य करें तब संभव होगा कि हमारे देश को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता। महासचिव सुरभि द्विवेदी ने बताया कि आज हमें जरूरत है ऐसे ही समाजसेवियों की। विनायक पोद्दार ने भी अपने विचार प्रस्तुत करें। प्रमुख सचिव विनीता अग्रवाल ने बताया कि कुछ जानकारियां जो सभी संस्थाओं को होनी चाहिए जरूरत है उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल संस्था के सभी सम्मानित संरक्षक अन्य पदाधिकारीयों ने उपस्थित होकर के कार्यक्रम को ना ही केवल भव्य बनाया बल्कि हर्ष पूर्ण बनाने में भी अपना सहयोग प्रदान किया।

# सहतावन पुरवा में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा मंगलवार को ग्राम सहतावन पुरवा में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने किसानों को बताया कि दुधारू पशुओं में दूध उत्पादन की क्षमता प्रत्यक्ष रूप से उसकी प्रजनन क्षमता पर निर्भर करती है। दुधारू पशुओं में बाझपन की स्थिति पशुपालकों के लिए बहुत बड़े आर्थिक नुकसान का कारण होता है। उन्होंने किसानों को बताया कि दुधारू पशुओं के सामान्य ब्यांत अंतराल को कायम रखने के लिए पशु के ब्याने के बाद 45 से 60 दिनों के मध्यांतर में गर्मी में आ जाना चाहिए और 100 दिन के भीतर गर्भधारण कर लेना चाहिए। यदि पशु ब्याने के 60 दिनों के बाद भी गर्मी में नहीं आता तो पशुपालक अपने नजदीकी पशु चिकित्सक से उपचार करवाना चहिए।

केंद्र के वरिष्ठ गृह वैज्ञानिक डॉ.मिथिलेश वर्मा ने किसानों को बताया कि यदि हमारा पशु सही समय पर गर्भधारण नहीं करता है तो किसानों को आर्थिक नुकसान से गुजरना पड़ता है।

इस अवसर पर छुनालाल, रामबाबू, चरण सिंह सहित 25 महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# होटल प्रबंधन और कैरियर को लेकर दी गई जानकारी



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट विभाग में मंगलवार को होटल लैंडमार्क के महाप्रबंधक अमित ने विद्यार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आतिथ्य उद्योग एक क्रांति के शिखर पर है जो तकनीकी प्रगति, बदलती अतिथि अपेक्षाओं और कार्यबल जनसांख्यिकी में बदलाव से प्रेरित है। जैसे-जैसे होटल, रेस्तरां और अन्य आतिथ्य व्यवसाय स्वचालन, एआई और डिजिटल प्लेटफॉर्म अपना रहे हैं, काम की प्रकृति बदल रही है। कार्यक्रम में विभाग प्रभारी शिवांशु सचान ने बताया कि इस समय नई तकनीक चल रही है और यहां तक कि होटल प्रबंधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर रहे हैं जो आतिथ्य क्षेत्र में बहुत अच्छी बात है। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर सौरभ त्रिपाठी एवं अरविन्द चौहान उपस्थित थे। कार्यक्रम में वंश, अंजलि, शोभित, साक्षी, तनु आदि छात्र मौजूद रहे।

# शिविर में सैकड़ों दिव्यांगजनों ने सरकारी योजनाओं का उठाया लाभ

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



**कुड़नी।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी व दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सैकड़ों दिव्यांगजनों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर में कृतिम अंग उपकरण, दिव्यांग पेंशन, दुकान निर्माण व संचालन योजना, दिव्यांग विवाह पुरस्कार योजना, यू0डी0आई0डी0 कार्ड, रेलवे रियायत प्रमाण पत्र सहित सभी सरकारी योजनाओं के फार्म भरे गये।

इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि समय-समय पर अलग-अलग स्थानों पर कैम्प का आयोजन कर दिव्यांगजन को सरकारी की योजनाओं का लाभ दिया जाता है। जो दिव्यांगजन इस कैम्प में किन्ही कारणों से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये हैं वो किसी भी दिन शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क, बगिया, कानपुर नगर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। मो0नं0 9335234399 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि बताया कि बहुत से दिव्यांगजन जानकारी के अभाव में सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। जिसकी वजह से दिव्यांगजनों के लिए ये कैम्प उपयोगी साबित हो रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी ने कहा कि पार्टी का प्रयास है कि कोई भी दिव्यांग व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविर में दिव्यांगजन सशक्तीकर विभाग के मृदुल रावत, गोविन्द मिश्रा, स्वास्थ विभाग से डाक्टर प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, संगठन सचिव मनोज त्यागी, तहसील अध्यक्ष राम आसरे पाण्डेय, उमाशंकर, राजू आदि शामिल थे।

# चार साइबर लुटेरों को पकड़ने मे क्राइम ब्रांच ने मारी बाजी



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

देश के विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देने वाले जामताड़ा झारखंड के रहने वाले गिरोह के चार सदस्यो को कानपुर कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कुछ समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में ग्रीन गैस व इंद्रप्रस्थ गैस कनेक्शन धारक एवं इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन धारकों से साइबर ठगी की घटनाएं हो रही थी इसी संबंध में 30 जुलाई को कानपुर के काकादेव निवासी रविंद्र सिंह ने एक मुकदमा क्राइम ब्रांच में दर्ज कराया था जिसमें उन्होंने बताया था कि उनके साथ 48332 रुपए की ऑनलाइन ठगी हो गई है पुलिस ने इस प्रकरण का मुकदमा पंजीकृत करते हुए 5 अगस्त 2024 को चार अंतरराज्यीय साइबर अपराधी भरत कुमार, सनोज मंडल, दीपक मंडल, कृष्ण कुमार मंडल को जाजमऊ पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है जिनके पास से पुलिस ने करीब 12 मोबाइल फोन, फर्जी आईडी के प्री एक्टीवेटेड सिम कार्ड बरामद किए हैं।

यह भी बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी मूल रूप से देवघर एवं जामताड़ा झारखंड के रहने वाले हैं और यह बड़ी सटीक तरीके से साइबर अपराध करते थे यह सभी लोग देश स्तर पर विभिन्न प्रदेशों में रहने वाले आम लोग जिन लोगों ने ग्रीन गैस, इंद्रप्रस्थ गैस एवं इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन ले रखे हैं उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से विशेष रूप से बनाई गई एपीके फाइल को भेजकर उनसे संबंधित महत्वपूर्ण डाटा प्राप्त करके उनके बैंक खातों से ऑनलाइन बैंकिंग तथा पेमेंट वॉलेट एप के माध्यम से उनके सारे रुपए धोखाधड़ी करके निकाल लिया करते थे।

### स्वामी करपात्री जी महाराज का 117 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** रामराज परिषद् के तत्वाधान में बाबू ओंकारनाथ चतुर्वेदी धर्मशाला में पूज्य स्वामी करपात्री जी महाराज का 117 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। दीप प्रज्वलन प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित के ए दुबे पद्मेश अखिल भारतीय ज्योतिष परिषद के राष्ट्रीय ध्यक्ष द्वारा किया गया। पंडित के.ए.दुबे पद्मेश ने करपात्री जी महाराज के बारे में बताते हुए कहा कि वह एक युग पुरुष थे और उन्होंने भारतीय संस्कृति सनातन धर्म और गौ रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पं केए दुबे पद्मेश श्री बलराम मिश्रा प्रमोद शुक्ला राजीव अग्निहोत्री विनीत मिश्र रजनीकांत चतुर्वेदी प्रवेश चतुर्वेदी नवीन चतुर्वेदी रमेश चंद दीक्षित रमेश चंद पांडे के आर तिवारी बृजेश दीक्षित अभिषेक दिक्षित कमल शुक्ला बलराम मिश्रा प्रमोद शुक्ला, चंद्रप्रभा अवस्थी मंजू, रामशंकर बाजपेई डीके टंडन राजेश मिश्रा गीता मिश्रा आदित्य मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान की कार्यशाला का किया आयोजन




**जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा**

**कानपुर नगर।** हर घर तिरंगा अभियान के जरिए देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा 11 से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक घर, दुकान, फैक्ट्री, अस्पताल, कारखाना, स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठान आदि जगहों पर तिरंगा फहराने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस अभियान की सफलता के लिए पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है।

भाजपा दक्षिण जिला इकाई द्वारा मंगलवार को पार्टी कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक महेश त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि 11, 12 और 13 अगस्त को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकालने के साथ पार्टी कार्यकर्ता 12,13 और 14 अगस्त को स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमा और स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि 13, 14 और 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता शहर वासियों से संपर्क करके प्रत्येक घर और व्यावसायिक केंद्रों में हर घर तिरंगा फहराने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। भाजपा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस निकालेगी और पार्टी कार्यालय पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन करेगी। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि विभाजन विभीषिका दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मंडल स्तर पर 8 से 10 अगस्त और उसके बाद बूथ स्तर तक बैठकें आयोजित की जाएंगी।

भाजपा मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिला उपाध्यक्ष राजन चौहान, विनोद मिश्रा, शिवपूजन सविता, अनुराग शुक्ला, विनय मिश्रा, अमन शुक्ला को तिरंगा अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख रत्ना तोमर, प.बाल चंद्र मिश्र, प्रबोध मिश्रा, रीता शास्त्री, रघुनंदन भदौरिया, रामदेव शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# नरवल तहसील के लेखपालों ने किया कार्य बहिष्कार

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

नरवल तहसील में लेखपाल संघ ने कल से अपने कार्यों का बहिष्कार कर दिया है। उनका कहना है कि ऑनलाइन खसरा फीडिंग वेबसाइट ठीक से नहीं चल रही है और बार-बार तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। इन समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण लेखपालों ने अपने कार्य से विरक्त होने का निर्णय लिया है।

लेखपाल संघ ने कहा है कि जब तक वेबसाइट की समस्याएं हल नहीं होंगी, तब तक वे ऑनलाइन खसरा फीडिंग नहीं करेंगे। हड़ताल पर बैठे लेखपालों ने आरोप लगाया है कि तहसील अधिकारी काम पूरा नहीं होने पर वेतन रोक रहे हैं, जिससे उनका उत्पीड़न किया जा रहा है।

लेखपालों का कहना है कि खसरा फीडिंग के लिए प्रिंट खसरा उपलब्ध कराना बहुत आवश्यक है। खसरा प्रिंट से किसानों को उनके खेतों की जानकारी देने, सरकारी भूमि अतिक्रमण, निजी भूमि विवाद आदि प्रकरणों का स्थानीय निस्तारण करने, फसल आपदा राहत कार्यों के लिए खसरा लेखपाल के पास होना आवश्यक है।

लेखपालों ने यह भी बताया कि उन्हें जो सरकारी स्मार्टफोन दिए गए थे, वे खराब हो चुके हैं और एक वर्ष पहले जमा किए जा चुके हैं। अपने निजी स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने पर वे ओवरहीट हो रहे हैं। उन्होंने इस समस्या की जानकारी उच्च अधिकारियों को मौखिक और लिखित रूप से दी है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

लेखपालों ने कई मांगें रखी हैं, जिनमें फसली का खसरा 1430 के डेटा से पूरा करने, भविष्य के लिए सर्वर की क्षमता बढ़ाने, सॉफ्टवेयर प्रोग्राम को सरल बनाने, सभी तहसीलों में खसरा प्रिंट उपलब्ध कराने, सर्वर वेबसाइट की गति और गुणवत्ता को उच्च स्तर की करने, स्मार्टफोन उच्च क्षमता के उपलब्ध कराने, खतौनी अंश निर्धारण में दबाव न बनाने, और अन्य तकनीकी और प्रशासनिक मांगें शामिल हैं। लेखपाल संघ का कहना है कि जब तक उनकी सभी मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा, तब तक वे अपने काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

# फरार चल रहे नटवरलाल को कोतवाली पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

कोतवाली पुलिस ने 60 वर्षीय राधे लाल को गिरफ्तार किया है, जो लंबे समय से 420 के मामलों में वांछित था। राधे लाल, जिसे फर्जीवाड़ा करने के लिए जाना जाता है। इसने कल्याणपुर और कोतवाली थाना क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की थी।

राधे लाल ने अमित सेंगर नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर कई फर्जी जमीनों की खरीद-फरोख्त की। टिकरा थाना बिठूर और 12 सिरोही की जमीनों में फर्जीवाड़ा कर उन्होंने करोड़ों रुपये कमाए। अमित सेंगर पहले एक सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था, लेकिन उसने यह नौकरी छोड़कर बंद पड़े मकानों को चिन्हित कर राधे लाल के माध्यम से फर्जीवाड़ा शुरू किया और उन्हें बेच दिया। एसीपी कोतवाली आशुतोष के मुताबिक, राधे लाल कल्याणपुर और कोतवाली थानों से वांछित था।

कोतवाली पुलिस ने आरोपी राधे लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल हैं।

### सोशल मीडिया में छाने के लिए युवा कर रहे जानलेवा स्टंट

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें कुछ युवक अपनी जान को जोखिम में डालकर स्टंटबाजी कर रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक लाइट के खंभे पर चढ़कर गंगा नदी में छलांग लगा रहे हैं। यह खतरनाक स्टंट देखकर लोग हैरान और चिंतित हैं। हालांकि इस वायरल वीडियो की जन एक्सप्रेस पुष्टि नहीं करता है। सूत्रों के अनुसार, वायरल वीडियो कानपुर के भैरव घाट का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहे युवक मौत को दावत दे रहे हैं और इस तरह के खतरनाक करतब कर रहे हैं जो उनकी जान को जोखिम में डाल सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियाँ अक्सर देखने को मिलती हैं, लेकिन अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इसकी चर्चा अधिक हो रही है। इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से मांग की है कि ऐसे खतरनाक स्टंट करने वाले युवकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की जान को बचाया जा सके।

# ट्राला और ट्रक की आपस मे टक्कर

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



शहर से फतेहपुर की ओर जा रहा ट्राला, महाराजपुर थाना क्षेत्र के कुल गांव चौकी के पास भीषण एक्सीडेंट का शिकार हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब एक खराब ट्रक सड़क पर खड़ा था और ट्राला चालक ने ध्यान नहीं दिया, जिससे जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के कारण टाला चालक को गंभीर चोटें आई हैं। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चालक को अस्पताल पहुंचाया। इस दुर्घटना के कारण सड़क पर यातायात प्रभावित हुआ और कई घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही।

प्रशासन द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और सड़क सुरक्षा के उपायों को और सख्त करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

### स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों से पुलिस ने किया अनुरोध

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** नाबालिगों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने से दुर्घटना किए जाने के प्रकरण सामने आए है, इस सम्बन्ध में यातायात नियमों व कार्यवाही को लेकर कमिश्नरेट कानपुर पुलिस द्वारा कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें सभी विद्यालयों में सम्पर्क करके व्यापक स्तर पर यातायात नियमों से परिचित कराकर उनके अनुपालन हेतु प्रेरित किया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन से भी अनुरोध किया गया कि वह भी अभिभावकों से मीटिंग करके बच्चों को दो पहिया/चार पहिया वाहन प्रयोग न करने देने के सम्बन्ध में बता दें ताकि बच्चें वाहन चलाकर स्कूल न आए यदि बच्चें दो पहिया/चार पहिया वाहन चलाकर आते है तो स्कूल प्रबंधन अपने स्तर से सम्भव कार्यवाही करें।

# अयोध्या पहुंचे सीएम आदित्यनाथ ने रामलला के चरणों में झुकाया शीश

## जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत

**मंगलवार को हनुमानगढ़ी में भी संकट मोचन के दरबार में सीएम ने लगाई हाजिरी**

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां महापौर, विधायक समेत जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।मुख्यमंत्री मंगलवार शाम रामकथा पार्क पहुंचे। यहां से मुख्यमंत्री सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां संकटमोचन हनुमान के चरणों में हाजिरी लगाई। यहां मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भी भेंट किया गया। सीएम ने यहां दर्शन-पूजन के उपरांत अयोध्यावासियों व श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां भी विधिवत दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने श्री राम जन्मभूमि में चल रहे निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली।

इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव के दौरान अयोध्या पहुंचे थे। सीएम ने उस दौरान भी श्रीराम व संकटमोचन हनुमान के चरणों में हाजिरी लगाई थी। लोकसभा चुनाव के उपरांत मुख्यमंत्री मंगलवार को श्रीरामनगरी पहुंचे। दर्शन-पूजन के दौरान प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने पंकज

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिले भारतीय



जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष देवनारायण तिवारी ने भाजपा नेता एंव पूर्व प्रधान पंकज मिश्रा भेटुआ को किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष डीएन तिवारी ने कहा कि पंकज मिश्र को जो जिम्मेदारी दी गई है, वह अपनी पूरी ईमानदारी से निर्वाह करेंगे और जिलों में किसान मोर्चा स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार की ओर किसानों की महत्वाकांक्षी योजनाओं को की जानकारी देना ही और उनकी मदत करना लक्ष्य है पंकज मिश्र के मनोनयन पर ददन मिश्र शेरू पांडेय दीपक मिश्र विकास शुक्ल दिनेश शुक्ल आदि ने शुभकामनाएं दी है

### महापुरुषों की जीवनवृत्त एवं स्वाधीनता संघर्ष से संबंधित प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर महापुरुषों के जीवनवृत्त एवं स्वाधीनता संघर्ष की विशिष्ट घटनाओं से संबंधित मौलिक कृतियां आमंत्रित की जा रही है।उन्होंने बताया कि जन सामान्य से रचनात्मक विधाओं कविता,कहानी,निबंध,एकांकी,चित्रकला में मौलिककृतियां आमंत्रित की जा रही हैं।लोगों से प्राप्त प्रविष्टियों में से जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों हेतु चयन किया जाएगा।जनसामान्य अपनी संबंधित रचनाओं को बारह अगस्त तक ईमेल स्न्द्वश्न्ह्वड्डद्द-ह्लद्ध01श्चद्दद्वड्डद्बद्य.ष्श्र पर डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी में प्राप्त कराई जा सकती हैं।

### खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण चौदह तक

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** उप क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में पांच किमी क्रासकंट्री रेस बालक,बालिका वर्ग पन्द्रह अगस्त को प्रातः 08.00 बजे तथा बैडमिन्टन सिंगल ग्रुप अण्डर-18 बालक,बालिका वर्ग एवं 19-45 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष, महिला वर्ग एवं 46-60 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष,महिला वर्ग को सायं 04:00 बजे प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बालक,बालिकाओं एवं पुरुष महिलाओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले जनपद के इच्छुक बालक,बालिका एवं पुरुष,महिला खिलाड़ी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ जिला खेल कार्यालय अमेठी में चौदह अगस्त तक पंजीकरण करा सकते हैं।

### पेड़ काटने के आरोप में पांच माह बाद केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के कैल गांव में सरकारी जमीन पर लगे पेड़ काटने के मामले में लेखपाल की तहरीर पुलिस ने केस दर्ज किया है। एक ग्रामीण ने फरवरी में एसडीएम को सरकारी जमीन पर लगे पेड़ काटने का आरोप लगाकर शिकायत की थी। एसडीएम ने लेखपाल से आख्या मांगी थी।रिपोर्ट तहसील से होकर थाने तक घूमती रही।

## नवागत जीआरपी प्रभारी निरीक्षक कैंट ने ग्रहण किया कार्यभार

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

सोमवार शाम को नवागत जीआरपी



प्रभारी निरीक्षक कैंट रेलवे स्टेशन के पद पर समर सिंह ने अपना कार्यभार ग्रहण किया।कार्यभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने जीआरपी कैंट रेलवे स्टेशन कार्यालय पर तैनात सभी कर्मियों से परिचय प्राप्त किया।मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा।वही सावन झूला मेला को देखते हुए रेलवे स्टेशन परिसर में तथा इधर से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।बताते चलें कि नवागत जीआरपी प्रभारी निरीक्षक कैंट रेलवे स्टेशन इससे पूर्व अम्बेडकर नगर में इसी पद पर तैनात रहे।मालूम हो कि इससे पहले यहां पर इस पद पर रहे प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट रेलवे स्टेशन राकेश कुमार राय का स्थानांतरण गोरखपुर जोन में हो गया है।

## सीएम का आदेश बिजली विभाग के लिए हवा-हवाई

**जन एक्सप्रेस। बीकापुर- अयोध्या**

बीकापुर विद्युत उप केंद्र पर मुख्यमंत्री का आदेश हवा हवाई साबित हो रहा है जहां क्षेत्र में बिजली कम आने से लेकर लो वोल्टेज की समस्या तक क्षेत्र के किसान झेल रहे हैं। वही मुख्यमंत्री का निर्देश भी बिजली विभाग के लिए हवा - हवाई साबित हो रहा है सभी अधिकारियों कर्मचारियों को तैनाती स्थल पर रहकर क्षेत्र की जनता की पीड़ा को सुनकर उससे निजात देने का प्रयास करने के लिए मुख्यालय पर बने आवास पर रहने के लिए निर्देश जारी होने के बाद भी बीकापुर में देर सबेर फैजाबाद आवास बनाए अधिकारी एवं कर्मचारी आते हैं। लाइनमैन सोहावल में रहकर बीकापुर में नौकरी करते हैं। जब की बिजली विभाग के इस रवैया को देखकर कुछ लोगों ने एसडीओ मनोज कुमार की प्रशंसा की है कि जिले में आवास होने के बाद भी समय से ड्यूटी पर आते रहते हैं।

बीकापुर विद्युत विभाग की रवैया को देखकर लोग यह कहने पर मजबूर हो आए। कि यदि संविदा कर्मी लाइनमैन ना होते तो किसी भी खराब लाइन को ठीक करवाना बहुत आसान नहीं था ,संविदा कर्मियों से सेटिंग-डेटिंग करके क्षेत्रीय कनेक्शन धारक फोन करके बुला लेते हैं ,कुछ सुविधा शुल्क देकर अपना काम चलाते हैं। संविदा कर्मी बिजली की चपेट में आ गया तो अपने यहां कार्य करने से भी मौजूदा उच्च अधिकारी इनकार कर देते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आदेश विद्युत विभाग पर बेअसर साबित होने की चर्चा आम होते देखी जा रही है। की बाबा के आदेश को जो नहीं मानेगा उसके ऊपर गाज गिरनी निश्चित है लेकिन विद्युत विभाग पर इसका कोई असर नजर नहीं आता है। सभी अधिकारी कर्मचारी तहसील स्तरीय मुख्यालय छोड़कर की अपना आवास बनाकर मुख्यालय से दूरी बनाए रहते हैं। जिससे फोन से भी संपर्क करना मुश्किल हो जाता है मौके पर आवासों की स्थिति ऐसी हो गई है कि वहां न रहने की वजह से काफी घास फूस जमे होने से लगता है कि उन घरों की तरफ दिन में भी विषैला जंतुओं से मुलाकात हो है।

## डर के कारण व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा, मौत

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



जिले के भदोखर थाना क्षेत्र के बेला खरा गांव का है। जहां बीते दिनों बबूल के पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। थाने में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। जिसके चलते पीड़ित शिवदास मौर्य पुत्र राजा राम मौर्य ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर विपक्षी नुकशार पत्नी असलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में महिला ने लोगों पर लाठी-डंडों से हमला भी किया था

मामले की विवेचना भदोखर थाने के दरोगा अनिल यादव कर रहे हैं। मृतक के भाई सुरेश मौर्य ने बताया कि विवेचना अधिकारी अनिल यादव ने विवेचना में चार्जशीट लगाने के लिए उसके भाई रमेश मौर्य से 10 हजार रुपये की डिमांड करने लगे। पैसे न देने पर जेल भेजने की धमकी भी दी। जेल भेजे जाने की धमकी से डरे रमेश मौर्य को कुछ घंटे बाद ही दिल का दौरा पड़ गया जिससे उसकी मौत हो गई

भाजपा नेता अनीता श्रीवास्तव मौके पर पहुंचीं

मामला तूल पकड़ने पर मंगलवार को भाजपा नेता अनीता श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचीं और भदोखर थाने की पुलिस के साथ ही थाना प्रभारी को भ्रष्टाचार में लिप्त करार देते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की सीओ सिटी अमित सिंह ने बताया कि थाना भदोखर क्षेत्र के बेलाखरा गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इस मामले में परिजनों ने दो पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाए हैं। उन आरोपों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

## राजमिस्त्री एवं बढ़ई ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार 07 को

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदेश में प्रचलित वर्तमान रोज़गार योजनाओं में उ0प्र0 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हेतु लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेडवार अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभान्वित किया जाना है। राजमिस्त्री एवं बढ़ई ट्रेड के सभी ऑनलाइन प्राप्त आवेदको का साक्षात्कार किया जा रहा है। उपायुक्त उद्योग ने राजमिस्त्री एवं बढ़ई ट्रेड के सभी आवेदकों से कहा है कि आवेदको का साक्षात्कार 7अगस्त को कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रायबरेली में किया जायेगा।

## पूर्व विधायक रामलाल अकेला के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर दिया धरना

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

बछरावां नगर क्षेत्र में भू-माफियाओं एवं राजस्व विभाग की सांठ-गांठ में तालाब को पाट गरीबों की बस्तियों को उजाड़ने के प्रयास को लेकर तहसील परिसर में पूर्व विधायक रामलाल अकेला एवं चेयरमैन शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में बछरावां वासियों ने जोरदार धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मालूम हो कि बछरावां नगर क्षेत्र स्थित आबादी की जमीन को नोटिस के माध्यम से भू-माफियाओं को देने की साजिश को लेकर बछरावां से आए लोगो ने लेखपाल पर पैसा लेकर गलत पैमाईश करने का आरोप लगाया।




पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि मौजूदा सरकार गरीबों मजलूमों की मदद कर रही वहीं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी सरकार को बदनाम करने के लिए गरीबों पर जुल्म ढा रहे। यह अत्याचार बंद ना हुआ और बछरावां के गरीबों को न्याय न मिला तो इस प्रकरण की शिक़ायत मुख्यमंत्री से की जाएगी

वहीं बछरावां चेयरमैन शिवेंद्र सिंह एवं सभासदों ने एक स्वर में कहा की यदि उसी रकबे में स्थित तालाब भूमाफियाओं को सौंप दिया गया तो नगर क्षेत्र जलमग्न तो हो ही जाएगा। वहीं आस-पड़ोस की सैकड़ों बीघे कृषि भूमि भी डूब जाएगी। ज्ञापन लेते हुए एसडीएम राजितराम गुप्ता ने मामले की जांच करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर बछरावां सभासद आशीष कुमार, नदीम, वीरभान सिंह सहित अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी, शैलेन्द्र सिंह, रणविजय सिंह सहित सैकड़ों नगरवासी मौजूद रहे।

## रायबरेली में रोटरी क्लब का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ




**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

रोटरी क्लब रायबरेली का शपथ ग्रहण समारोह शहर के होटल क्लार्क्स इन में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर राकेश कक्कड़ को पुनः सत्र 2024-25 के लिए रोटरी क्लब रायबरेली के अध्यक्ष पद की शपथ दिलायी गई साथ ही विवेक सिंह को रोटरी क्लब के सचिव पद की शपथ दिलायी गई

अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय कॉलर कपिल कपूर के माध्यम से नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश कक्कड़ को सौंपी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया उसके उपरांत वर्ष पर्यंत रोटरी सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाले रोटरी पदाधिकारियों को अवार्ड से नवाज़ा गया।

अधिष्ठापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व रोटरी मंडलाध्यक्ष राजीव टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि पूरी दुनिया में प्रेम और सद्भावना के साथ ज़रूरतमंदों की सेवा करने का संदेश रोटरी क्लब ने दिया है और उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रायबरेली में रोटरी क्लब ने सेवा के 50 वर्ष पूर्ण किए हैं जो अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

वार्षिक आख्या निवर्तमान सचिव गोविंद खन्ना के द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन संदीप जैन एवं अवार्ड वितरण का संचालन पूर्व अध्यक्ष संजय सबरवाल द्वारा किया गया।

## राम मंदिर आंदोलन के महानायक महन्त परमहंस रामचन्द्र दास महराज को पद्मश्री दे सरकार: डॉ राम विलास वेदान्ती

**जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम**



राम मंदिर आंदोलन के महानायक महन्त परमहंस राम चन्द्र दास महराज के 21वी पुण्यतिथि की पूर्व सन्ध्या पर आचार्य नरायण मिश्र के द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुवे श्रीराम जन्मभूमि न्यास के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व बीजेपी के पूर्व सांसद डॉ राम विलास वेदान्ती महराज ने केंद्र सरकार से मांग किया कि राम मंदिर आंदोलन के महानायक तथा श्री राम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष दिगम्बर अखाड़े के पूर्व श्रीमहन्त परमहंस रामचन्द्र दास महाराज को मरणोपरांत पदमश्री एवार्ड से सम्मानित करे केंद्र सरकार साथ ही साथ गोरखनांथ पीठाधीश्वर स्व महन्त अवैधनांथ महराज तथा राम मंदिर आंदोलन के लिए अलख जगाने वाले विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्व अशोक सिंघल उन्हें भी पद्मश्री सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घोषणा करें क्यो जिस मुलायम सिंह यादव ने निःहथे कारसेवकों पर गोलियां चलवाई उन्हें पद्मश्री एवार्ड से सम्मानित किया गया जो अच्छा नही हुआ असली हकदार राम मंदिर आंदोलन के रियल हीरो रहे पुरोधाओं को जो नजरअंदाज किया गया उससे हिन्दू समाज मे गलत संदेश गया है। इस भूल को केंद्र सरकार सुधार करे तभी सच्ची श्रद्धांजलि महन्त परमहंस रामचन्द्र दास महराज की होगी साथ ही साथ बीजेपी की हार पर डीएम एस पी व यहां की पुलिस व्यवस्था पर को दोषी ठहराया डॉ राम विलास बेदान्ती ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी व अखिलेश यादव के इशारे पर यहाँ केअधिकारी काम कर रहे है इसकी जांच होनी चाहिये तथा यहाँ के नागरिकों को विना वजह अपने ही घरों व मठ मंदिरों में आने जाने के लिए परेशान किया जा रहा है जो ठीक नही हो रहा है पुलिस प्रशासन अपने मे सुधार लाये इस पर सभी उपस्थित सन्तों महन्तों ने तालियां बजा कर किया स्वागत इस श्रद्धांजलि सभा मे बाबरी मस्जिद विध्वंस के मुख्य मुद्दई इकबाल अंसारी ने भी इस मांग का समर्थन किया तो उन्हें डॉ राम विलास बेदान्ती के द्वारा उनके नाम मे परिवर्तन कर राम इकबाल कह कर सम्बोधित किया।

## सड़क किनारे लघुशंका कर रहे युवक की बाइक ले उड़े चोर

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

लालगंज थाना क्षेत्र के अंदर एक युवक की बाइक उस समय चुरा ली गई जब वह लघुशंका करने के लिये सड़क किनारे रुका। पुलिस ने आज दो दिन बाद चोरों को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया।

सड़क किनारे बाइक में चाबी लगी छोड़कर लघु शंका करने गए युवक की बाइक तीन लोग मौका पाकर चुरा ले गए। हालांकि पुलिस ने मोटरसाइकिल चुराने वाले लोगों को दो दिन के भीतर ही बाइक सहित धर लिया। मामला लालगंज थाना क्षेत्र का है

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के सरेनी रोड़ पर बेहटा कलां गांव के पास गुरुवार की यह घटना है। प्रतापगढ़ जनपद के कुशफेरा देवपुर निवासी नवनीत मौर्य गुरुवार की शाम को कस्बे की ओर आ रहा था। बेहटा कलां गांव के निकट जब वह पहुंचा तो उसे लघुशंका लगी। युवक ने अपनी बाइक में चाबी लगाकर सड़क किनारे खड़ी कर दी और वह वहीं पास में ही खड़े होकर लघुशंका करने लगा

तभी उधर से गुजर रहे तीन युवकों ने मौके का फायदा उठाकर बाइक स्टार्ट की और बाइक लेकर रफू चक्कर हो गए। पीड़ित युवक जब तक कुछ समझ पाता यह मामला हो गया। परेशान युवक सम्बंधित क्षेत्र के थाने गया और बाइक चोरी की घटना के बारे में पुलिस को लिखित शिकायत दी पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी

उसके बाद आज सरेनी कोतवाली की हद में आने वाले भोजपुर निवासी रोशन सिंह पुत्र समर जीत, कोरवां निवासी दिनेश कुमार पुत्र लाल प्रसाद व हरकिशुन खेड़ा गांव निवासी सत्यपाल पासी पुत्र सूर्यपाल को बाइक चुराने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया गया उनके पास से वह चोरी की गई बाइक भी बरामद हो गई।

# निर्भीक पत्रकारिता के पुरोधा थे स्व. शीतला सिंह: प्रो. अभय

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

स्व. शीतला सिंह निर्भीक पत्रकारिता के पुरोधा थे, उन्होंने किन्ही परिस्थितियों में झुकना नहीं सीखा। हमेशा सच के साथ रहे, इसीलिए उनकी पकड़ हर वर्ग में थी। यहां तक कि वैचारिक मत भिन्नता के बावजूद लोग उनसे सलाह लेते थे।

उक्त बातें जनमोर्चा के संस्थापक संपादक स्मृति शेष शीतला सिंह की 93वीं जयन्ती पर प्रेस क्लब पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि साकेत महावि. के प्राचार्य प्रो.अभय कुमार ांसिंह ने कहीं। कहा कि उन्होंने कभी किसी से भेदभाव नहीं रखा सभी की मदद की। पत्रकरिता के लिए तो वह पूरे देश में जाने पहचाने जाते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रकाशन सहकारी समिति लि. के अध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा कि वे हम सभी के अविभावक थे। उनसे हमने समय से काम करना, सच्चाई के रास्ते पर चलना सीखा। मान्यता समिति उप्र के सदस्य अशोक नवरत्न ने कहा कि पत्रकारिता के लिए उन्हें पद्मभूषण मिलना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार बीएन दास ने उनकी यादों को ताजा करते हुए कहा कि हम बहुत बातें उनसे समझते थे। लखनऊ के पत्रकार अरूण त्रिपाठी ने उनके साथ अपनी यादें साझा की। प्रेस क्लब फैजाबाद के पूर्व सचिव त्रियुग नारायण तिवारी ने कहा हमने तो जनमोर्चा से पत्रकारिता की शुरुआत की। शीतला सिंह ने पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अलग छाप छोड़ी है। प्रेस क्लब के प्रथम सचिव जोखू प्रसाद तिवारी ने कहा कि उनके अन्दर मतभिन्नता थी, पर मनभिन्नता नहीं थी। प्रेस क्लब




सचिव नाथ बक्स सिंह ने उनकी उपलब्धता पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक जयशंकर पाण्डेय ने कहा कि उन्हें जो अभास होता था उसे किसी से कहने में संकोच नहीं करते थे। वह चाहे छोटा अधिकारी हो या प्रदेश का मुख्यमंत्री, सभी से वेबाक बात करते थे। अभा. क्षत्रिय समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा वे गरीबों व मजदूरों की मदद हमेशा करते थे। भाकपा नेता सूर्यकान्त पाण्डेय ने शीतला सिंह की पत्रकारिता को बिना आडम्बर की बताते हुए कहा कि वह कभी अन्धविश्वास के पक्षधर नहीं थे। गन्ना सहकारी समिति के सभापति सन्तोष सिंह ने कहा कि वह मिल्कीपुर क्षेत्र के अविभावक थे। बाबा राम दास ने भी उनके साथ अपनी यादें ताजा की और देहदान को सराहा। जिला सहकारी बैक के सभापति धर्मेन्द कुमार सिंह टिल्लू ने कहा कि बाबू जी अपने निष्पक्ष विचारों के बल पर जाने जाते थे जो उन्हें सही लगता था वहीं करते थे। सजपा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा पत्रकारिता व समाज सेवा दोनों ही उनसे प्रेरणा लेकर करनी चाहिए। मनोज मेहरोत्रा ने कहा कि कभी किसी से डरे नहीं और निष्पक्ष पत्रकारिता के पक्षधर रहे।

अतिथियों का स्वागत जनमोर्ची के स्थानीय संपादक रामकुमार सिंह तथा संचालन उनके पुत्र सहसंपादक सूर्य नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर विनय मनूचा, शरद कपूर, अभाक्ष समाज के जिलाध्यक्ष अम्ब्रीश सिंह, महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव व जनवादी सत्यभान सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में इलाहाबाद के वरिष्ठ पत्रकार वीएन राय, सूर्यभान सिंह, दुर्गाप्रसाद तिवारी आफत, अवध विवि. पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष विन्ध्याचल चतुर्वेदी, आशुतोष सिन्हा, दिनेश सिंह बब्लू, पूर्व प्रबन्धक ओपी त्रिपाठी जन एक्सप्रेस, लखनऊ के अरुण त्रिपाठी आदि अनेक लोगों ने स्व. शीतला सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। लाडली सिंह ने गीत के माध्यम से लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर उनके पुत्र अवधेश प्रताप सिंह, आलोक सिंह, प्रपौत्र अशोक कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, जनमोर्चा के मंजर अब्बास व सचिव वेद प्रकाश पाठक, बीएन सिंह, उग्रसेन मिश्र आदि ने अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। पत्रकार कृष्ण मुरारी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
टेंडर नोटिस संख्या-51245214A दिनांक- 05.08.2024
इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51245214A | Supply, Installation and Commissioning of Road Mobile Crane Capacity 10 Ton as per Attached Technical SPECIFICATION NO. C&W/LKO/RMC/10T/23 | 1 Nos. | 30.08.2024 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 2411/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 26°C |
| कानपुर | 33°C | 27°C |
| देहरादून | 29°C | 25°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 27°C |

# 2 लाख से अधिक युवाओं को मिला एनएपीएस का लाभ

## सीएम योगी ने प्रदेश में प्राथमिकता के आधार पर लागू की पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना

* राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना के तहत 30 जून तक जारी की गई 50 करोड़ से ज्यादा की धनराशि
* प्रशिक्षुओं को डीबीटी के माध्यम से वितरित की गई अब तक 46.85 करोड़ रुपए की धनराशि
* जून 2022 से जून 2024 तक 431 स्थानों पर आयोजित किया गया प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला
* मेले में 31,273 उम्मीदवारों ने लिया हिस्सा, 1873 छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों ने भी किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

देश में शिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) को योगी सरकार ने प्रदेश में पूरी प्रतिबद्धता से लागू किया है। योजना के तहत प्रदेश के अंदर 2018 से लेकर 30 जून 2024 तक 2 लाख से ज्यादा प्रशिक्षुओं ने इसका लाभ लिया है। इसके लिए सरकार की ओर से 50 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि युवाओं में शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया है, जिसका परिणाम है कि लाखों युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी मिल पा रही है।

### पुरुषों और महिलाओं दोनों को मिला लाभ

जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 से लेकर 30 जून 2024 तक उत्तर प्रदेश में एनएपीएस योजना के तहत



2,18,033 प्रशिक्षुओं ने लाभ लिया है। इन लाभार्थियों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी बड़ी संख्या में सम्मिलित रही हैं। अप्रेंटिस का लाभ लेने वालों में जहां पुरुषों की संख्या 1,85,123 रही है तो वहीं महिलाओं की संख्या 32,608 है। इस योजना में युवाओं को प्रशिक्षण के साथ ही स्टाइपेंड के रूप में आर्थिक सहायता भी प्राप्त हुई। इसके लिए योजना के अंतर्गत प्रदेश में 30 जून तक 51.72 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। यही नहीं, जुलाई 2023 से लेकर 30 जून 2024 के बीच में प्रशिक्षणार्थियों के बीच 46.85 करोड़ रुपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम से वितरित की गई है।

### 431 स्थानों पर आयोजित हुए अप्रेंटिसशिप मेला

इस योजना के तहत सरकार ने प्रदेश भर में जून 2022 से जून 2024 तक 431 स्थानों पर प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया है। इस मेले में प्रदेश भर से 31,273 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। इसमें देश भर से 1873 छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों ने भी प्रतिभाग किया है। मालूम हो कि इस योजना से कुल 5757 उत्कृष्ट प्रतिष्ठान जुड़े हुए हैं, जो न सिर्फ युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अवसर उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि कुशल युवाओं को भी तैयार कर रहे हैं।

**नियोक्ताओं को मिलता है कुशल कार्यबल**

योजना के अंतर्गत प्रशिक्षुओं को स्टाइपेंड मिलता है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सहायता प्राप्त होती है। प्रशिक्षुता के माध्यम से प्रशिक्षणार्थी व्यावहारिक अनुभव और कौशल से लैस होते हैं, जो उनके करियर में मददगार होता है। प्रशिक्षुता पूरी करने के बाद, प्रशिक्षुओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। दूसरी तरफ, सरकार योजना के अंतर्गत नियोक्ताओं को प्रशिक्षुओं के वजीफे का 25त्न (अधिकतम ?1500 प्रति माह) प्रदान करती है। वहीं, अप्रशिक्षित प्रशिक्षुओं के बुनियादी प्रशिक्षण की लागत का एक हिस्सा भी सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इस योजना के माध्यम से नियोक्ताओं को प्रशिक्षित और कुशल कार्यबल मिलता है, जिससे उनकी उत्पादकता बढ़ती है तो वहीं रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होते हैं।

सीएम योगी बोले, एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना साकार

# अब एक जिला-एक विश्वविद्यालय का लक्ष्य



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए गए दिशा-निर्देश में कहा कि विगत सात वर्षों में सतत प्रयासों से प्रदेश में एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना पूरी हो चुकी है। सभी 18 मंडलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना हो चुकी है। कई मंडलों में निर्माण कार्य जारी है। मंडलों के बाद अब हमारा लक्ष्य एक जिला-एक विश्वविद्यालय का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 35 जनपदों में विश्वविद्यालय की उपलब्धता है शेष असेवित जिलों में विश्वविद्यालयों के लिए निजी क्षेत्र बड़ा सहयोगी बन सकता है। उच्च शिक्षा में निजी क्षेत्र के वित्तपोषण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह हमारे उद्देश्यों की पूर्ति में पूरक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा की बढ़ती मांग को देखते हुए, निजी निवेश उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के सरकारी प्रयासों में सहायक हो सकता है। इससे छात्रों के लिए उपलब्ध संस्थानों, पाठ्यक्रमों और सीटों की संख्या में वृद्धि होगी, साथ ही यह शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ाने के प्रयासों में भी सहायता मिलेगी। भारत के सबसे युवा राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा में एक विशेष स्थान रखता है। उत्तर प्रदेश, जिसकी औसत आयु 21 वर्ष है, जो 2030 तक बढ़कर 26 वर्ष हो जाएगी और भारत की युवा आबादी में इसका योगदान 16.5 प्रतिशत होगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की ग्रास एनरोलमेंट रेट (जीईआर) 25.6 प्रतिशत है, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार 2035 तक 50 प्रतिशत तक बढ़ाना आवशयक है। निजी निवेश प्रोत्साहन नीति इस अंतर की पूरा सकती है। उच्च शिक्षा में निजी निवेश वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है। अन्य राज्यों की सम्बंधित नीति का अध्ययन करें। स्टेकहोल्डर्स से संवाद करें और यथाशीघ्र उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति तैयार कर प्रस्तुत करें। नई नीति में निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी में छूट, कैपिटल सब्सिडी आदि प्रोत्साहन को यथोचित स्थान दें। नई नीति में आकांक्षात्मक जनपदों में विश्वविद्यालयों की स्थापना पर अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान होना चाहिए। इसे प्राथमिकता दें। इसी प्रकार, विश्व की टॉप रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों के कैम्पस के प्रस्ताव पर भी विशेष प्रोत्साहन प्रावधान रखें।

# संयुक्त पारिवारिक संपत्ति के विभाजन और अपनी संपत्ति व्यवस्थापन प्रक्रिया का करें सरलीकरण : सीएम योगी

* बिना विवाद पीढ़ियों की संपत्ति का हो सकेगा आसानी से बंटवारा
* खुद के जीवित रहते अपनी अचल संपत्ति को परिवारीजनों को देने में होगी सहूलियत

**यह होता है विभाजन**

- विभाजन विलेख में सभी पक्षकार विभाजित सम्पत्ति में संयुक्त हिस्सेदार होते हैं एवं विभाजन उनके मध्य होता है।
- विभाजन विलेख में प्रस्तावित छूट एक ही मृतक व्यक्ति के समस्त लीनियल डीसेंडेंट्स, जो सहस्वामी हों, को आच्छादित करेगी अर्थात यदि दादा की मूल सम्पत्ति में वर्तमान जीवित हिस्सेदार चाचा/भतीजा / भतीजी हैं, तो वह इसका उपयोग कर सकते हैं।

**यह होता है व्यवस्थापन**

- व्यवस्थापन विलेख में व्यवस्थापन कर्ता पक्षकार (जीवित) अपनी व्यापक सम्पत्ति को कई पक्षकारों के मध्य निस्तारित करता है।
- व्यवस्थापन विलेख में प्रस्तावित छूट के अधीन व्यवस्थापन कर्ता पक्षकार अपने समस्त लीनियल डीसेंडेंट्स/डीसेंडेंट्स, जो किसी भी पीढ़ी के हों, के पक्ष में व्यवस्थापन कर सकता है। अर्थात सम्पत्ति यदि परदादा परदादी जीवित हों, तो उनके पक्ष में, एवं यदि प्रपौत्र/प्रपौत्री जीवित हों, तो उनके पक्ष में भी किया जा सकता है।

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मात्र 5,000 रुपये के स्टाम्प शुल्क के साथ अपनी अचल संपत्ति को रक्तसंबंधियों के नाम करने की बड़ी सहूलियत देने के बाद उत्तर प्रदेश में अब पारिवारिक विभाजन और व्यवस्थापन में भी बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि एक परिवार के सदस्यों के बीच अचल संपत्ति के बंटवारे तथा जीवित व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति को अपने परिवारी जनों के नाम किए जाने पर देय स्टाम्प शुल्क भी 5,000 रुपये तय किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक खर्च के कारण प्रायः परिवार में विभाजन की स्थिति में विवाद की स्थिति बनती है और कोर्ट केस भी होते हैं। न्यूनतम स्टाम्प शुल्क होने से परिवार के बीच सेटलमेंट आसानी से हो सकेगा। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा आम आदमी के ईज़ ऑफ़ लिविंग के लिए अनेक प्रयास किये गए हैं। संपत्ति विभाजन और व्यवस्थापना प्रक्रिया में सरलीकरण से लोगों को और सुविधा होगी।

# पशुधन एवं दुग्ध विकास व राजनैतिक पेंशन विभाग मंत्री ने भगौतीपुर व ढिलवासी गौशाला का किया निरीक्षण

* मंत्री ने गौशाला में अच्छी व्यवस्था करने व खड़ंजा लगवाने के अधिकारों को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत उत्तर प्रदेश मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग धर्मपाल सिंह मंगलवार को विकास खण्ड बख्शी का तालाब स्थिति अस्थायी गोंवंश संरक्षण केन्द्र गौशाला भगौतीपुर एवं ढिलवासी का निरीक्षण किया। वहीं मंत्री ने अस्थायी गोंवंश संरक्षण केन्द्र भगौतीपुर में खड़ंजा आदि को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये है। वहीं मंत्री धर्मपाल सिंह ने गौ कास्ट मशीन एवं वर्मी कम्पोस्ट आदि का कार्य कराकर गौशाला को स्वावलंबी करने के खड़े निर्देश दिए हैं। वहीं मंत्री के निरीक्षण के समय निदेशक पशुधन एवं विकास डा0 पी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 सुरेश कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 सुनील राय, खण्ड विकास अधिकारी पूजा पाण्डेय ग्राम प्रधान अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।





# उपचुनाव : गुलालपुर ग्राम पंचायत में हुआ मतदान, पड़े 1335 वोट

* गुलालपुर ग्राम पंचायत में आठ गांवों में लगभग 48.4 प्रतिशत हुआ मतदान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब के ग्राम पंचायत गुलालपुर प्रधान का बीमारी के चलते निधन हो जाने से प्रधान पद काफी दिनों से खाली पड़ा था जिस पर प्रशासन द्वारा उपचुनाव कराया गया। बता दें कि ग्राम पंचायत गुलालपुर में कुल 2766 मतदाता हैं। जिसमें गुलालपुर सहित कुल आठ (8) मजरे है जैसे, गुलालपुर, अकड़ा, बरगदी, सरावां, भवानी सिंह पुरवा, जुत्ती, भिटठा, रामाधीन पुरवा इन गांवों में करीब 5500 लोगों की आबादी हैं जिसमें कुल 2766 मतदाता है। वहीं मंगलवार को ग्राम पंचायत गुलालपुर ग्राम प्रधान का देहांत हो जाने से प्रधान पद खाली था उपचुनाव के दौरान कुल 1335 वोट पड़ी है यानी 48.4त्न मतदान हुआ है। वहीं बीकेटी विकासखंड अधिकारी पूजा पांडेय ने बताया कि गुलालपुर ग्राम पंचायत में लगभग 5500 लोग रहते हैं कुल मतदाता 2766 हैं मंगलवार को ग्राम प्रधान पद उपचुनाव के दौरान 1335 वोट पड़े हैं यानी 48.4 प्रतिशत मतदान हुआ हैं और इस चुनाव की मतगणना 8 अगस्त को होंगी,आठ अगस्त को प्रधान पद किसने पाया हैं उसका नाम घोषित किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान पद उपचुनाव में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर किया वोट, बुजुर्गों व किसी किसी ने किया पहला वोट**

बख्शी का तालाब के गुलालपुर में प्रधानी उपचुनाव के लिए मंगलवार की सुबह सात बजे मतदान शुरु हो गया। पंचायत उप चुनाव के तहत पूर्व प्रधान स्व रामनाथ की पत्नी मालती देवी और पूर्व सदस्य विजय के बीच चुनावी मुकाबला है। दो बूथों पर कुल 2766 वोट है जिसमें एक बूथ पर 1421 और दूसरे पर 1345 वोट है। एआरओ सुनील राय ने बताया कि पूर्व प्रधान का बीमारी से निधन होने के बाद से खाली चल रही प्रधानी की सीट को लेकर दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। मंगलवार सुबह से ही वोटरों के बीच वोटिंग को लेकर काफी उत्साह बना हुआ दिखाई दिया। पूर्व प्रधान रामनाथ की कैंसर से मौत के बाद अब उनकी पत्नी पंचायत उप चुनाव लड रही हैं उनके साथ पंचायत की सहानुभूति बनी हुई है इसलिए अधिकांश वोटरों का दावा है कि प्रधानी का ताज उनके सिर पर ही सजेगा। किसी किसी ने अपना पहला वोट प्रधानी उपचुनाव में डाला तो बुजुर्ग महिलाओं व बुजुर्ग व्यक्तियों में उत्साह के साथ वोट किया। लेकिन जब चुनाव परिणाम नही आ जाता कुछ भी कहना मुश्किल है। आठ अगस्त को प्रधानी की मतगणना होगी।

# इटौंजा पुलिस ने चोरी का ई-रिक्शा समेत तीन व्यक्तियों को किया गिरफ्तार




* इटौंजा एस.एच.ओ के नेतृत्व में तीन दरोगा व चार सिपाहियों ने चोरी का ई-रिक्शा, चोरों को धर दबोचा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले कमिश्नरेट उत्तरी जोन क्षेत्र इटौंजा थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी का ई-रिक्शा समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी सुजीत कुमार दुबे के निर्देशन में इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी के ई-रिक्शा के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आपकों बता दें कि उ0नि0 रमेश सिंह यादव,उ0नि0 प्रवीन कुमार,उ0नि0 धीरेन्द्र राय, का0 मो0 जाहिद, मु0आ0 फरीद खान,चिराग त्यागी,अभिषेक मय हमराह पुलिस बल के साथ रायपुर पैट्रोल पम्प के पास मौजूद थे। तभी मुखबिर की सूचना पर तीनों व्यक्ति चोरी के एक ई-रिक्शा को माधौपुर रोड की तरफ ले जा रहा हैं मुखबिर खास की सूचना पर माधौपुर रोड पर बाग के पास पहुंचकर ई-रिक्शा ले जाने वाले तीन व्यक्तियों से पुलिस ने नाम पता पूछा तो उन्होंने सोमनाथ, सोनू , संतोष वर्मा ने बताया कि ई-रिक्शा कैसरबाग कचहरी से दो तीन दिन पहले चोरी किया गया था जिसे बेचने के लिये ग्राहक ढूंढ रहे थे। वहीं ई-रिक्शा चोरी के सम्बन्ध में लखनऊ के वजीरगंज थाना पर मु.अ.सं. 227/24 धारा 303(2) बीएनएस पूर्व से दर्ज है। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि अभियुक्तगणों के कब्जे से बरामद चोरी के ई-रिक्शा के सम्बन्ध में थाना पर मु.अ.सं. 124/24 धारा 317 (2) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाहीं कर तीनों व्यक्ति को न्यायालय भेजा गया जहां से जेल भेज दिया जायेगा।

# वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति के कार्यभार ग्रहण किया : पवन सिंह चौहान



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी तालाब स्थित से ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष व एमएलसी पवन सिंह चौहान वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सभापति बनने के बाद आज कार्यभार संभाल लिया गए। वहीं जिसमें विधान परिषद अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह कमेटी की प्रथम भेट पर कमेटी को दायित्व व कार्यभार सौंप कर शुभकामनाएं प्रेषित की। जिसमें सहयोगी विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, कुंवर महाराज सिंह, ऋषिपाल सिंह, अरुण पाठक, विजय शिवहरे, केपी श्रीवास्तव, विक्रांत सिंह, शाह अलम को कार्यों के निर्वहन अपनी निष्ठा समर्पण हेतु वचनबद्ध हुए। समिति कार्यों का क्रियान्वयन प्रारंभ कर चुकी हैं।

# मनरेगा में सभी श्रमिकों को मिल रहा रोजगार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे परिवारों के इच्छुक वयस्क सदस्यों को उनकी मांग के अनुसार रोजगार उपलब्ध करने का उद्देश्य शत -प्रतिशत पूरा हो रहा है।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा एक मांग-आधारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है। उत्तर प्रदेश में गरीब परिवारों को आर्थिक तौर पर मजबूत करना और ग्रामीण परिवेश में रह रहे वयस्क नागरिकों को रोजगार के लिये न भटकना पड़े, इसको लेकर लगातार मनरेगा के माध्यम से श्रमिकों को रोजगार उनके ही गाँव में उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन किया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोगों को सभी मूलभूत सुविधाओं को पहुँचाना है।

# दुग्ध समितियों के दुग्ध मूल्य भुगतान को दी जाये प्राथमिकता

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि दुग्ध समितियों के दुग्ध मूल्य भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। अक्रियाशील दुग्ध समितियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास किये जाए। पराग के मिल्क पालर्स को सक्रिय किया जाए और पराग के उत्पादों की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल में दुग्ध समितियों का डाटाबेस तैयार कराया जाए। पशुपालकों एवं किसानों को प्रशिक्षित किया जाए एवं दुग्ध उत्पादन में नई तकनीक व नई जानकारी देने का कार्य विभाग द्वारा किया जाए ताकि प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हो सके।दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बंद दुग्ध समितियों को क्रियाशील करने, किसानों, पशुपालकों में दुग्ध व्यवसाय हेतु जागरूकता हेतु उत्पन्न करने एवं प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि किये जाने हेतु उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। दुग्ध उत्पादन की बढ़ोत्तरी के संबंध में निर्देश दिये।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून बनाने में केंद्र की कोताही

**उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आरोप लगाए गए हैं। कहा गया है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप शराब घोटाला करती है, आप भ्रष्टाचार करती है, आप बच्चों के लिए कक्षाएं बनाने में घोटाला करती है, आप पानी घोटाला भी करती है... कांग्रेस आप के खिलाफ शिकायत करती है। कांग्रेस आप को अदालत में घसीटती है और अगर कार्रवाई होती है तो वे मोदी को गाली देते हैं। इन आरोपों के जवाब में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दलों का कहना था कि भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाती है, बाद में उन्हें ही अपनी पार्टी में शामिल करवा कर केस वापस ले लेती है।**

*विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका पर सुनवाई स्वीकार करना स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लडने़ वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गुट को भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा बताया था। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हु कहा था कि विपक्षी नेता नोटों के बंडलों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड और बंगाल में ऐसे मामले उजागर हो रहे हैं। वे दिल्ली की जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में बदलाव के लिए आए लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। पीएम ने कहा था कि शराब घोटाला हो या नेशनल हेराल्ड घोटाला, भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूला जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। जिसने भी लूट की है, उसे जनता का पैसा वापस करना होगा। हम इस पर कानूनी राय लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्ट लोगों के धन का एक्स-रे करेंगे। जिन्होंने लूट की है, उन्हें जेल जाना होगा। इतना ही नहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना एनडीए सरकार का एक मिशन है, न कि चुनावी लाभ का मामला। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और काले धन पर और अधिक कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी आजादी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पहले आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ सबूतों के साथ गंभीर आरोप लगाने और बाद में लोकसभा चुनाव लडने़ के लिए उसके साथ गठबंधन करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बिना किसी झिझक के यह कहना चाहता हूं और देशवासियों को भी बताना चाहता हूं कि मैंने एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पूरी आजादी दी है। सरकार कहीं भी हस्तक्षेप नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (जांच एजेंसियों को) ईमानदारी के लिए ईमानदारी से काम करना चाहिए। भ्रष्टाचार में लिप्त कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं पाएगा। यह मोदी की गारंटी है। विपक्षी सदस्यों के इस आरोप का जिक्र करते हुए कि सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत मुलायम सिंह यादव जैसे विपक्षी नेताओं के बयानों का हवाला दिया।*

### एक्सप्रेस आलेख

**मनु भाकर और दूसरे खिलाड़ियों के कोचों का दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं, ताकि आने वाला कल अच्छा हो। उन्हें शिक्षा के महत्व की जानकारी दें। मनु भाकर के अलावा भी हमारे यहां बहुत सारे खिलाड़ी साबित करते रहे हैं कि खेलों में सफलता के साथ-साथ पढ़ाई करना भी संभव है। यह सट है कि पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए बहुत समर्पण और मेहनत चाहिए। इसके अलावा, व्यक्ति को अपने खेल के शिखर पर पहुंचने के लिए बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है। तमाम कठिनाइयों और संघर्षों के बीच, अधिकांश एथलीटों के लिए पढ़ाई पीछे छूट जाती है। पर इस तरह के खिलाड़ियों की भी कोई कमी नहीं है, जिन्होंने अपने खेल और पढ़ाई के बीच सही संतुलन बनाया।**

# मनु भाकर क्यों बन गयीं सभी खिलाड़ियों के लिए आदर्श



आर.के.सिन्हा

**जीवन के बारे में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। इसके अलावा, शिक्षा हमें समाज में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाती है। शिक्षित लोग अपने आसपास की दुनिया को बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं। शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। मनु यह साबित करती है कि हरेक इंसान के लिए शिक्षा कितनी अहमियत रखती है।**

निशानेबाज मनु भाकर को अब सारा देश जानता है। पेरिस ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी चौथे स्थान पर रहीं। उनके पेरिस ओलंपिक खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन से सारा देश प्रसन्न है। मनु भाकर सिर्फ अचूक निशानची ही नहीं हैं। वो तो देश के अधिकतर खिलाड़ियों के लिए भी एक तरह से प्रेरणा हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा पर भी हमेशा भरपूर ध्यान दिया। हरियाणा के झज्जर शहर की रहने वाली मनु भाकर ने 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में 90 पर्सेंट से अधिक अंक अर्जित किए। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्लाय के लेडी श्रीराम कॉलेज (एलएसआर) से पालिटीकल साईंस आनर्स की डिग्री भी ली। एल0 एस0 आर0 देश का चोटी का महिला कॉलेज माना जाता है। नोबल पुरस्कार विजेता और म्यांमार की शिखर नेता आंग सान सू ची यू ने 1964 में इसी लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। मुन भाकर का लेडी श्रीराम कॉलेज में पढ़ना इस बात की गवाही है कि उन्होंने अपनी पढ़ाई पर भी हमेशा फोकस रखा। इधर बीते कुछ सालों से हमारे अपने देश के बहुत सारे नामवर खिलाड़ियों ने स्कूल के बाद आगे की पढ़ाई नहीं की। ये कोई बहुत आदर्श स्थिति नहीं मानी जा सकती। आप कितने ही बड़े खिलाड़ी क्यों न हो जाएं, पर आप बेहतर इंसान और नागरिक तो ढंग से पढ़-लिखकर ही बनते हैं। महान फुटबॉलर चुन्नी गोस्वामी, क्रिकेटर अजीत वाडेकर और सुनील गावस्कर उन खेलों की दुनिया के शिखर नाम रहे हैं, जिन्होंने खेल के मैदान में जौहर दिखाते हुए अपनी पढ़ाई को नजरअंजाद नहीं किया। चुन्नी गोस्वामी और अजीत वाडेकर तो स्टेट बैंक में अहम पदों पर इसलिए पहुंचे , क्योंकि इनके पास सही डिग्रियां थीं। सुनील गावस्कर बीते पांच दशकों से सक्रिय हैं। पहले क्रिकेटर के रूप में और बाद के दशकों में बतौर लेखक और कमेंटेटर के। उनके पास क्रिकेट की गहरी समझ के अलावा शब्दों का भंडार भी है। वैसे खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के आधार पर नौकरी तो बहुत सारे खिलाड़ियों को मिल ही जाती हैं। माफ करें, कई कथित खिलाड़ियों को जाली प्रमाणपत्रों के आधार पर भी नौकरियां मिलती रही हैं। यह भी सबको पता है। सारी दुनिया ने मनु भाकर को बीत दिनों मीडिया को इंटरव्यू देते हुए देखा। इतनी छोटी सी उम्र में वह कितने धीर-गंभीर अंदाज में अपनी बात रखती है। वह गीता का उदाहरण देते हुए सफलता के मर्म को समझाती है। मनु भाकर हिन्दी और अंग्रेजी में पूरे विश्वास के साथ सवालों के जवाब देती है। यही सही शिक्षा सिखाती भी है। आप पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के अधिकतर खिलाड़ियों को देख लें। जावेद मियांदाद, इंजमाम उल हक, शोएब अख्तर जैसे मशहूर खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में भले ही बेहतरीन प्रदर्शन किए हों, पर वे जब बोलते हैं तो सच में बहुत अफसोस होता है कि बेहतर शिक्षा ना मिलने के कारण वे अपने व्यक्तित्व निर्माण में कितना पिछड़ गए। वे इंटरव्यू देते वक्त पूरी तरह से सड़क छाप ही लगते हैं। बेशक,शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल जीवन में सार्थक शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा जीवन का आधार है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन में आगे बढ़ता है, सही गलत में अंतर कर पाता है। शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी। मनु भाकर और दूसरे खिलाड़ियों के कोचों का दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं, ताकि आने वाला कल अच्छा हो। उन्हें शिक्षा के महत्व की जानकारी दें। मनु भाकर के अलावा भी हमारे यहां बहुत सारे खिलाड़ी साबित करते रहे हैं कि खेलों में सफलता के साथ-साथ पढ़ाई करना भी संभव है। यह सट है कि पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए बहुत समर्पण और मेहनत चाहिए। इसके अलावा, व्यक्ति को अपने खेल के शिखर पर पहुंचने के लिए बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है। तमाम कठिनाइयों और संघर्षों के बीच, अधिकांश एथलीटों के लिए पढ़ाई पीछे छूट जाती है। पर इस तरह के खिलाड़ियों की भी कोई कमी नहीं है, जिन्होंने अपने खेल और पढ़ाई के बीच सही संतुलन बनाया और दोनों क्षेत्रों में कामयाबी हासिल की है। ये व्यक्ति बौद्धिक और शारीरिक शक्ति का शानदार उदाहरण हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के हाल तक कोच रहे राहुल द्रविड़ को दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सभी प्रारूपों में 23,000 से अधिक रन हैं। राहुल द्रविड़ ने कॉमर्स में स्नातक की डिग्री भी हासिल की है, जिसे उन्होंने बैंगलोर के सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ कॉमर्स से प्राप्त किया। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए चुने जाने से पहले, वह एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। कर्नाटक और भारतीय टीम में राहुल द्रविड़ के साथी अनिल कुंबले ने सभी प्रारूपों में 900 से अधिक विकेट लिए हैं और टेस्ट और वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। कुंबले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और कोच भी रहे हैं। उनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री है। अब शतरंज के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद की बात कर लेते हैं। विश्वनाथन आनंद पहले भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। वह पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन हैं और उन्हें शतरंज के सर्वकालिक महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जा सकता है। शतरंज के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों ने उनकी शिक्षा को बाधित नहीं किया। उनके पास चेन्नई के लोयोला कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री है। यह हरेक इंसान को समझन होगा कि हमारे जीवन में शिक्षा का क्यों इतना महत्व है और हर व्यक्ति को शिक्षित होना क्यों जरूरी है? सबसे जरूरी बात यह है किशिक्षा हमें निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षित लोग अपने जीवन के बारे में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। इसके अलावा, शिक्षा हमें समाज में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाती है।



**शिक्षा जीवन का आधार है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन में आगे बढ़ता है, सही गलत में अंतर कर पाता है। शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी।**

### एक्सप्रेस कविता

*युद्ध और हिंसा नहीं हमारी प्रकृति, शांति-सद्भाव रही हमारी नियति। फिर क्यों लड़ते हैं देश और समाज, जमीनी भूभाग के लिए कल और आज। गांधी, नेल्सन मंडेला, बुद्ध के विचारों पर करो विचार, शांति के लिए,सौहाद्र पर सदैव करो सदाचार। युद्ध को छोड़ विकास अमन का अपनाओ रास्ता, ना रखो विवाद और हिंसा से अपना वास्ता। इसराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध का अहितकर नतीजा,युद्ध में मरते हैं निरीह बच्चे,बूढ़े भाई और भतीजा। क्या ऐसी भूख है युद्ध की तुम्हारे अंदर, तुम विवेकशील इंसान हो नहीं हो हिंसक जानवर। चलो शपथ लेते हैं शांति, चैन,अमन की, ना कोई रिश्ता रखें बातों से विष वमन की। शांती से रहेंगे बन जाएगा विश्व महकता चमन, शांति की फुहारो से भीगा रहेगा हर देश का गगन।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**आपके पास जो कुछ है उसकी सराहना करें और जो कुछ आप चाहते हैं उसे प्राप्त करने का प्रयास करें**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | तृतीया 10:06 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वाफाल्गुनी 20:30 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | बुधवार |
| योग: | परिध, 11:41 |
| सूर्योदय: | 05:47 |
| सूर्यास्त: | 19:05 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 12:26-14:06 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | नहीं है |

## जन एक्सप्रेस

### ले के रहेंगे जोखिम !

*कर रहे प्रयोग फिर ।
पाना नया मुकाम ।।
आ रहीं हैं कब से ।
अड़चनें तमाम ।।
करना अलग हट कर ।
चलना अलग राह ।।
हो रहा ना वह कुछ ।
जिसकी हमको चाह ।।
बुन रहे हम सपने ।
है कुछ कर दिखाना ।।
ठान लिया इस बार ।
देखेगा ज़माना ।।
ले के रहेंगे जोख़िमि ।
करना है सुधार ।।
बार बार ये हमको ।
हार नहीं स्वीकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दो मुंहे बालों की समस्या कम करने के लिए लगाएं ये 5 चीजें, चमकदार भी बनेंगे बाल

**बालों** को हेल्दी रखने के लिए रोज देखभाल करना जरूरी है। कई बार सही देखभाल के बाद भी बाल बेजान होने लगते हैं। ऐसे में बाल ड्राई और फ्रिजी होने लगते हैं। इसका कारण आपको दो मुंहे बाल भी हो सकते हैं। दो मुंहे होने के कारण बालों की ग्रोथ रूक जाती है। ऐसे में बाल लंबाई से बहुत फ्रिजी लगने लगते हैं। इसके समाधान से लिए इन्हें ट्रिम करना ही फायदेमंद होता है। लेकिन ट्रिमिंग करना ही केवल इकलौता समाधान नहीं है। ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें बालों में लगाने से आप दो मुंहे बालों से निजात पा सकते हैं। ये चीजें हमारी किचन में ही मौजूद होती हैं।

**नारियल तेल:** दो मुंहे बालों को रिपेयर करने के लिए आप नारियल तेल लगा सकते हैं। नारियल तेल में एंटीऑक्सीडेंट के साथ कई प्राकृतिक गुण भी होते हैं। ये बालों को मॉइस्चराइज करने और नमी देने में मदद करते हैं। नारियल तेल को आप शैंपू से दो घंटे पहले बालों में मसाज कर सकते हैं। इससे दो मुंहे बाल ठीक होने लगते हैं और बालों में शाइन बनी रहती है।

**एलोवेरा जेल:** बालों को मॉइस्चराइज रखने के लिए आप एलोवेरा जेल भी लगा सकते हैं।



एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। यह जेल बालों को गहराई तक हाइड्रेट करता है। इसे आप रात में सोने से पहले बालों पर लगा सकते हैं। इसके अलावा, बाल धोने के बाद एलोवेरा जेल लगाना भी फायदेमंद होता है। इसे आप रोज भी बालों पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे बाल ड्राई और फ्रिजी नहीं होते हैं।

**प्याज का तेल:** प्याज का तेल दो मुंहे बालों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसके इस्तेमाल से बालों मेंहाइड्रेशन और मॉइस्चर बना रहता है। इससे आपको ड्राई और फ्रिजी बालों की समस्या नहीं होती है। इसे आप घर पर भी तैयार कर सकते हैं या बाजार से खरीदकर भी लगा सकते हैं। प्याज का तेल बनाने के लिए आपको प्याज को सरसों या नारियल तेल में पकाना है। इसे बोतल में भरकर रखें और शैंपू से पहले इस्तेमाल करें।

**दही और शहद:** बालों को हेल्दी रखने के लिए आप दही और शहद भी लगा सकते हैं। यह दो मुंहे बालों को कम करने के लिए बेहतरीन हेयर मास्क है। हेयर मास्क बनाने के लिए बाउल में थोड़ा-सा दही लीजिए। अब इसमें 1 चम्मच शहद मिलाएं। पेस्ट बनाकर बालों की लंबाई पर लगाएं। आधे घंटे बाद सादे पानी से बाल धोएं और फर्क महसूस करें।

**केले का मास्क:** केले का हेयर मास्क आपको फ्रिजी और ड्राई बालों से राहत देगा। इससे आपको बालों में शाइन आएगी और बाल मॉइस्चराइज रहेंगे। केले में मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं और बालों को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। इन चीजों को इस्तेमाल करने से आप दो मुंहे बालों की समस्या से राहत पा सकते हैं। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो शेयर करना न भूलें।

### एक्सप्रेस विशेष

# योगी के तंज में छुपी, भविष्य की राजनीति



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) को साथ लेकर चुनाव मैदान में उतरे। अखिलेश को लगा कि अल्पसंख्यक के नाम पर भाजपा मुसलमानों की आड़ में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर सकती है।**

**ऐसे में योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को यह संदेश सदन से दिया है कि अगर ये सद्भावना वाले लोग सत्ता में आ गये तो प्रदेश में बहन बेटियों और आमजन की जिंदगी दुश्वार हो जाएगी। अधिवक्ता मोहित शर्मा कहते हैं कि, कड़ी कानून व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी की यूएसपी रही है। प्रदेश की जनता खासकर महिलाएं कानून व्यवस्था के मामले में योगी जी की बड़ी प्रशसंक है।**

**उत्तर** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर सड़क पर भरा पानी उछालने और महिला को खींचकर गिराने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। इसकी गूंज विधानसभा तक में सुनाई दी। मुख्यमंत्री ने सदन में दो आरोपितों का नाम लिया, जिस पर जमकर राजनीति भी हो रही है। योगी ने जिन आरोपितों का नाम लिया उनमें एक मुस्लिम और एक यादव था, जिसका मकसद मुख्य विपक्षी दल सपा पर निशाना साधना था। योगी ने तंज भरे अंदाज में कहा, यह सद्भावना वाले लोग हैं? यानी अब इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे? नहीं इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी। सभी आरोपितों के नाम सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री योगी को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्षी दलों का कहना है कि अपराधियों की न जाति होती है और न धर्म लेकिन योगी आदित्यनाथ ने सदन में उनकी धार्मिक और जातीय पहचान को रेखांकित किया जो निंदनीय है। सनद है कि मुस्लिम-यादव (एमवाई) फॉर्मूले के सहारे समाजवादी पार्टी लंबे समय से सूबे में अपनी राजनीति कायम रखे हुए है। माना जाता है कि समाजवादी पार्टी का मुस्लिम और यादव पारंपरिक वोटर हैं। इसी समीकरण के सहारे समाजवादी पार्टी यूपी में चार बार सरकार बना चुकी है। सपा ने एमवाई डी यानी दलित व दूसरी जातियों पर फोकस किया तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी सीटें 47 से बढ़कर 111 हो गईं। मतदान प्रतिशत भी अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। उत्तर प्रदेश की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और 2022 के चुनाव में सपा को उनका पूरा समर्थन 2017 के चुनाव की तुलना में इसके टैली में सुधार का एक महत्वपूर्ण कारक था। पिछले कुछ चुनावों में गैर-यादव ओबीसी के वोटों ने भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुमान के अनुसार, ओबीसी उत्तर प्रदेश की आबादी का लगभग 40-50 प्रतिशत हिस्सा हैं। यादव राज्य की आबादी का लगभग 8-10 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसलिए अखिलेश को अपनी पार्टी के आधार को अपने पारंपरिक मुख्य समर्थकों, यादवों से आगे बढ़ाकर अन्य ओबीसी समुदायों को भी शामिल करने की आवश्यकता थी। प्रदेश में दलितों की भी अच्छी खासी आबादी है, जो करीब 20 प्रतिशत है और परंपरागत रूप से बसपा के वफादार रहे हैं। अखिलेश दलितों के एक वर्ग तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जो लंबे समय से पार्टी की गिरावट से हतोत्साहित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) को साथ लेकर चुनाव मैदान में उतरे। अखिलेश को लगा कि अल्पसंख्यक के नाम पर भाजपा मुसलमानों की आड़ में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर सकती है। फिर उन्होंने पीडीए के ए को कभी अगड़ा बताया तो कभी आधी आबादी मतलब महिलाएं। इसी फार्मूले पर अखिलेश यादव ने टिकट बांटे। इस बार 'एमवाई' वाले सालों पुराने सामाजिक समीकरण को तिलांजलि दे दी गई। मुस्लिम और यादव तो हर हाल में समाजवादी पार्टी के साथ रहेंगे। इस सोच के आधार पर अखिलेश यादव ने इस बार के चुनाव में अपनी रणनीति बदल ली। जिसका फायदा पार्टी को मिला और सपा ने ऐतिहासिक 37 सीटों पर जीत दर्ज की। राजनीतिक विश्लेषक केपी त्रिपाठी के अनुसार, आज भले ही अखिलेश पीडीए का राग अलाप रहे हैं। लेकिन उनकी मजबूती का आधार एमवाई समीकरण ही है। इसलिए मुख्यमंत्री योगी ने हुडदंगियों का नाम लेते हुए यादव और मुस्लिम का नाम लिया। योगी ने सपा के कोर वोट बैंक पर सीधा प्रहार किया है। त्रिपाठी कहते हैं कि, योगी आदित्यनाथ और भाजपा सपा पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाती रहती है। सपा के शासन में कानून व्यवस्था किसी से छुपी नहीं रही। इसमें कोई दोराय नहीं है कि लचर कानून व्यवस्था सपा सरकार की सबसे बड़ी कमजोरी रही है। ऐसे में योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को यह संदेश सदन से दिया है कि अगर ये सद्भावना वाले लोग सत्ता में आ गये तो प्रदेश में बहन बेटियों और आमजन की जिंदगी दुश्वार हो जाएगी। अधिवक्ता मोहित शर्मा कहते हैं कि, कड़ी कानून व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी की यूएसपी रही है। प्रदेश की जनता खासकर महिलाएं कानून व्यवस्था के मामले में योगी जी की बड़ी प्रशसंक है। गोमती नगर की घटना पर सख्त कार्रवाई और सदन में अपने भाषण से साफ कर दिया है कि अगर सपा की राजनीतिक ताकत बढ़ेगी तो आमजन का जीना मुहाल हो जाएगा।

# पुलिस का खौफ अपराधियों में कम होने की वजह पुलिस है?

**✱ जिन पुलिस कर्मियों की छवि खराब उन्हें थाने पर महत्वपूर्ण पद न दिए जाने का मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट जारी कर दिया निर्देश**

**✱ उत्तर प्रदेश सरकार की छवि धूमिल करने में पुलिस का अहम योगदान पुलिस से अपराधियों का खौफ ख़त्म होना अपराध में इजाफा**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** पहले पुलिस के नाम से अपराधियों की अपराधी थर थर कांपते थे। पुलिस जब घर पहुंचती थी आस पास के लोग भी दहशत खाते थे। पुलिस के भय से भागे भागे फिरते थे लेकिन पुलिस की छवि दिन प्रतिदिन धूमिल होती जा रही। जिसकी वजह लोगों को पुलिस का खौफ नहीं सच्चाई पर गौर किया जाए तो यह सामने आता है। एक दबंग गरीब को मार पीट कर लहुलुहान कर दे घायल पीड़ित 112 पर काल करता है। और ज्यादातर 112 का नम्बर मिलता नहीं उदाहरण के तौर पर 112 नम्बर की पुलिस आई मारपीट करने वाला दबंग भाग गया। पुलिस पीड़ित को स्थानीय चौकी लेजाकर अपना काम तताम कर देते हैं। अब आती है तहरीर लिखवाने की तो ज्यादातर चौंकी थानों के पास तहरीर लिखने वाले मौजूद होते जो पचास रूपए लेते और पुलिस उन्हें बता देती तहरीर हल्की-फुल्की हो तमंचा लाठी का जिक्र न हो पीड़ित 50 रूपए देकर तहरीर लिखा कर पहुंचता है। चौकी,थाने फिर पुलिस विपक्षी के घर जाती पीड़ित से विपक्षी का नम्बर लेती है। घर पहुंची विपक्षी को फोन कर डराया धमकाया जाता है कि मुकदमा लिख दिया जाएगा आदि तरह की बातें कर विपक्षी को काफी डराया धमकाया जाता है विपक्षी जब आता है कि जेल जाओगे मामला गंभीर है। एस पी के पास पीड़ित पहुंच गया उपर से बहुत दबाव है। विपक्षी नतमस्तक हो जाता है। साहब बचा लो बचाने के लिए शर्त रखी जाती है वो शर्त जब विपक्षी पूरी कर देता है।पूरी होने पर विपक्षी बेखौफ कोई डर नहीं सीधे पुलिस से सेटिंग अब कोई क्या करेगा पुलिस से भय समाप्त मौक़ा पड़ने पर और केस पुलिस को लाकर देना दलाली करना मुखबरी करना हल मामले पुलिस द्वारा हल करना पीड़ित शांत हो गया ज्यादा शिकायत बाजी 107,116,151 का खेल खेला जाता है। एफआईआर दर्ज होते देर नहीं नाम निकालने के लिए दलाल सेट जो पत्रकारिता कम दलाली ज्यादा सब सेट पुलिस खुश पत्रकार खुश दबंग पुलिस के करीब कोई पुलिस का भय नहीं चौकी थानों पर दलालों का डेरा पत्रकारिता का दुरुपयोग पत्रकार महाश डीएम व एसपी के साथ फोटो कोतवाल के साथ फोटो साथ चलने और जबदस्त दलाली से बडे से बडे मामले मैनेज हो जाना और अपराध करके अपराधी का बच जाना और पुलिस का खास हो जाना बढ़ते अपराध की वजह है। एफआईआर दर्ज होते देर नहीं नाम निकालने के रेट चालू यही हो रहा पुलिस सिर्फ रूपए लेने में जुटी मारपीट का मामला आया पुलिस खुश आय का स्त्रोत है। यही महिला थाने में खुले तौर पर देखा जा सकता पीड़ित एक बार पुलिस के पास पहुच जाए फिर तौबा कर लेता दुबारा न जाना पड़े बेकार में पुलिस चौकी थाने गए अगर ग़लत करने वाले को सजा पीड़ित को न्याय मिले दलाली कम हो पत्रकारों का दखल कम हो चौकी में खुलेआम दलाली बंद हो तहरीर पीड़ित की पीड़ा के हिसाब की लिखे थानों चौकी के बाहर लिखने वाले वैसे भी मामले की नाश पढ़ने वाले इन तहरीर लिखने वालों को चौकी थानो के करीब करीब पनपने न दिया जाए पुलिस की गस्त तेजी हो अराजकतत्वों पर नजर रखी जाये पुलिस का भय व्याप्त हो अपरानी डरे और घटना घटित करने से पहले सौ बार सोचे तब ही अंकुश लगेगा अपराध पर ज्यादा मुखबिर बनाने और विपक्षियों से रूपए के चक्कर में प्रेम दिखाना बंद होना चाहिए और साथ ही पीड़ित को तहरीर बदलने के लिए दबाव बनाने की बात पुलिस की आम हो गई है। एफआईआर दर्ज कराने के लिए पीड़ित तहरीर बदलने के लिए मजबूर होता और उसके अतिरिक्त आन लाइन शिकायत पर गौर किया जाए तथा जांच की जाए ज्यादातर मामलों में विपक्षी से लेन-देन कर उसे फायदा पहुंचाया जाता और आख्या में यह लिखा जाता आये दिन शिकायती पत्र देने का आदि है लगाएं गये आरोप तथ्यहीन निराधार असत्य है। मुझ उप निरीक्षक ने दौरान जांच में यह पाया जबकि हकीकत में पीड़ित के घर उपनिरीक्षक तो दूर एक एक होमगार्ड तक नहीं पहुंचता मामले को टुविट किया जाता उत्तर प्रदेश पुलिस, खीरी पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देती और एसपी खीरी सीओ सिटी या कोतवाली प्रभारी को मामले में आवश्यक जांच कर विधिक कार्रवाई के लिए निर्देशित करते है सच्चाई यह है कि इसमें भी जांच वांच कुछ नहीं होती पीड़ित के घर कोई नहीं जाता मनगढ़ंत आख्या लगा दी जाती है साइन करने के उच्चाधिकारियों के पास कागज जाता है। व्यस्त होने के कारण पुलिस के अधिकारी साइन कर देते है मामला लिखने वाला तो कोई दूसरा होता है इस तरह की खानापूर्ति लापरवाहियें साफ नज़र आती है। आदेश तक सीमित रहता पीड़ित के पास कोई नहीं जाता आख्या जांच सब हो जाता बस जिसकी लाठी उसकी भैंस की कहावत सच साबित हो रही।



## जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने तहसील सिधौली का किया आकस्मिक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने तहसील सिधौली का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर दस्तावेजों का अवलोकन करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को प्रदान किये। उन्होंने कहा कि जो भी लम्बित प्रकरण है, उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा जनता की समस्याओं को सभी अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर सुने एवं गुणवत्तापूर्ण समस्याओं का निस्तारण करें। साथ ही न्यायालय में लंबित विभिन्न दस्तावेजों का अवलोकन कर किया। उन्होंने तीन व पांच साल पुराने वादों एवं अभिलेखों का भी अवलोकन कर संबंधित को निर्देश दिये कि समय से रिकॉर्ड रजिस्टर में अंकित किया जाये। उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि रजिस्टर अपडेट करायें। उपजिलाधिकारी की पेशकार अमिता श्रीवास्तव का कार्य संतोषजनक व कार्यों में लापरवाही बतरनें पर स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश संबंधित को दिये, यदि कार्यों में सुधार न हो तो दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। धारा 24 का अनुपालन की जानकारी उपजिलाधिकारी से प्राप्त की।

राजस्व निरीक्षक ठाकुर प्रसाद के लगातार कार्यो में लापरवाही एवं शिथिलता पाए जाने पर पदावनति किये जाने हेतु उपजिलाधिकारी सिधौली को पत्रावली चलाने हेतु निर्देशित किया। अधिष्ठान, राहत, भू आवंटन व सेवापुस्तिकाओं का अवलोकन किया। साथ ही इंक्रीमेंट, वेतन आदि की जानकारी लेकर लम्बित न रखने के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित को प्रदान किये। रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने सब रजिस्ट्रार को निर्देश दिये कि कार्यालय के दस्तावेजों को व्यवस्थित रखा जाये तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। पूर्ति निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर सभी दस्तावेजों को अद्यतन करने के साथ व्यवस्थित रखने के निर्देश भी संबंधित को दिये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि किसी भी पटल पर प्राइवेट/बाहरी व्यक्ति से कार्य न कराया जाये। निरीक्षण के दौरान अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सिधौली अनिल रस्तोगी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सिधौली रेणुका यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निर्णयों को रिकार्ड रजिस्टर में अंकित कर प्रमाणित भी किया जाये। न्यायालय के विभिन्न दस्तावेजों का जिलाधिकारी ने गहनता पूर्वक अवलोकन कर जिलाधिकारी ने अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान विभिन्न परगना अभिलेखों का अवलोकन किया तथा परवाना, गॉर्ड फाइल, कंप्यूटर रजिस्टर आदि का अवलोकन कर व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सड़क पर मृत अवस्था में मिला युवक, परिवारवालों ने हत्या का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। महमूदाबाद। सोमवार की शाम घर से निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मरणासन्न अवस्था में सड़क के किनारे मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को लेकर सरैंया राजासाहब स्थित एक निजी चिकित्सालय पहुंचे जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां ने जेठ व उनके पुत्रों पर पुरानी रंजिश में बेटे को मारकर सड़क पर डाल देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। सदरपुर के अफ़सरिया हुसैनपुर के अंकुल (26) पुत्र स्व.किशोरीलाल मरणासन्न अवस्था में संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार की शाम खैरपुर पुल से बाबा बाग आने वाले मार्ग के किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन अंकुल को आनन फानन में सरैंया राजासाहब के एक निजी चिकित्सक के वहां इलाज के लिए लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां रामावती ने अपने जेठ व उसके पुत्रों पर पुरानी रंजिश में बेटे को जान से मार डालने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि मृतक की मां की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्ट्या मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार की चोंट के निशान नहीं हैं। अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### चार माह का दिया जायेगा सामूहिक प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । हरदोई। उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिहं ने बताया है कि वर्ष 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग के 18 से 45 आयु वर्ग के बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगारयुक्त बनाने हेतु चार माह का सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, हरदोई द्वारा संचालित किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि लगभग 37 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। पुरूषों हेतु इलेक्ट्रीशियन तथा महिलाओं हेतु सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा, इसमें 1 माह का उद्यमिता विकास हेतु सैद्धान्तिक प्रशिक्षण तथा 3 माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। इच्छुक उम्मीदवार वेबसाइट पर 20 अगस्त 2024 तक आनलाईन कर सकते है। योजना में अभ्यर्थियों का चयन उनके शैक्षिक योग्यता/अनुभव तथा साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। उक्त योजना अन्तर्गत पूर्व प्रशिक्षण में प्राप्त कर चुके अथवा अन्य किसी राजकीय योजना में प्रशिक्षण ले चुके अभ्यर्थी एवं शिक्षारत अभ्यर्थी मान्य नहीं होगें। इस योजना की विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, हरदोई से सम्पर्क किया जा सकता है।

### जिला प्रशासन ने गर्रा नदी की बाढ़ से प्रभावित ग्रामों को दी सहायता राशि

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि बाढ़ के दौरान मृतक हुए 02 व्यक्तियों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गई है। बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई कच्चा आंशिक मकान 66, पक्का आंशिक 12, 80 झोपड़ियों, 18 पशुशाला तथा 1 मृत पशु के स्वामी को सहायता राशि का भुगतान कर दिया गया है। (कच्चा आंशिक क्षतिग्रस्त मकान प्रति घर 4000/-, पक्का आंशिक क्षतिग्रस्त मकान प्रति घर 6500/- प्रति झोपड़ी 8000, प्रति पशुशाला 3000/ की सहायता राशि दी गयी। उन्होंने बताया कि गर्रा नदी के बाढ़ से प्रभावित (तहसील बिलग्राम, सवायजपुर, शाहाबाद और सदर) कृषि मे सर्वे के पश्चात तददिनांक तक कुल 18227 कृषकों के कुल 7,46,51,033-00 का कृषि निवेश अनुदान शासन के निर्देशों/मनको के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा वितरित किया गया।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। कस्बा निवासी महिला ने पड़ोसी युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। कस्बा निवासी महिला ने बताया कि उसका पति और दोनो पुत्र दिल्ली में काम करते हैं।घर पर वह और उसकी 16 वर्षीय पुत्री अकेले रहती हैं।ब्लॉक 42 में रहने वाले सौरभ पुत्र ब्रजकिशोर उसकी पुत्री के मोबाइल पर बात किया करता था।रविवार को वह किसी काम से बाजार गई थी।इस बीच विपक्षी उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।पुत्री अपना मोबाइल भी घर छोड़ गई है।प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।पुलिस मामले की जांच कर कार्यवाही कर रही है।

### जीजा की नाबालिग बहन को ले गया साला, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। कस्बा निवासी एक युवक अपने जीजा की नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर साथ ले गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी व युवक को बरामद कर लिया है। युवक को जेल भेज दिया गया है। कस्बा के मोहल्ला पटियानीम निवासी शिवा कश्यप की बहन की शादी कस्बा के ही एक मोहल्ले में हुई है। सोमवार की सुबह शिवा अपने जीजा की चचेरी बहन (15) को बहला कर अपने साथ ले गया। किशोरी के पिता ने बेटी को घर मे रखे 50 हजार रुपये के साथ ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया आरोपी शिवा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से किशोरी को भी बरामद कर लिया गया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण व न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिए भेजा गया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।




## गुम हुई दस वर्षीय बालिका सकुशल बरामद, पुलिस को मिली सफलता



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपदीय पुलिस महिलाओ, बालिकाओं की सुरक्षा हेतु निरंतर गश्त एवम् नियमानुसार यथासंभव सहायता हेतु निर्देश दिये गये हैं। थाना सकरन क्षेत्रांतर्गत तैनात पीआरवी 1814 पर कॉलर देशराज नि:गेगलापुर मजरा चिल्हिया थाना सकरन सीतापुर द्वारा अपने भाई की 10 वर्षीय साली के घर से लापता होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर तत्काल थाना सकरन व पीआरवी टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जानकारी की गयी तो परिजन द्वारा बालिका का नाम हिमांशु उम्र 10 वर्ष बताया गया जो रात में शौच को निकली थी वापस नही आयी। परिजन के सहयोग से रात में ही निरंतर बालिका को तलाश करने के प्रयास किये गये जो सुबह चिल्हिया गांव मोड़ पर सुरक्षित मिल गयी।

बालिका को परिजन के सुरक्षित सुपुर्द कर उसके घर रवाना किया गया। परिजन द्वारा पुलिस टीम को हार्दिक धन्यवाद एवम् आभार व्यक्त किया गया।

## लगभग चालीस वर्षों से घाघरा सरयू नदी के किनारे कर रहे हैं तपस्या त्यागी बाब

जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी



**सीतापुर।** पत्रकारों समाज सेवकों और गण मन व्यक्तियों के बीच त्यागी बाबा की छवि अलग है लोग इनको श्रद्धा से देखते हैं त्यागी बाबा 40 साल से घाघरा नदी सरयू नदी के किनारे अपनी तपस्या कर रहे हैं और सावन मास में गोला गोकर्णनाथ के शिवलिंग पर हजारों लोगों के साथ जल अभिषेक करने जाते हैं यह परंपरा आज 20 वर्षों से निरंतर हो रही है यही कारण है की त्यागी बाबा का महत्व पूरे जनपद में अलग ढंग से देखा जाता है, प्रशासनिक अधिकारी रक्षा सुरक्षा और सेवा भावना के साथ कांवरियों का साथ दे रहे हैं तथा उनके खाने-पीने की व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं 16 तारीख को खेमकरण इंटर कॉलेज में दिलीप शुक्ला के व्यवस्थापन में विराट भोजन व्यवस्था का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है दिलीप शुक्ला पंडित राम दयाल शुक्ला के छोटे पुत्र है शिव शक्ति लहरपुर के नाम पर उन्होंने हर आयोजन में खेमकरण इंटर कॉलेज में बेहतरीन व्यवस्था की है तथा भक्तों को चाय भजन कीर्तन तथा भोजन की पर्याप्त व्यवस्था करते रहे हैं।

तहसील प्रशासन पूरी मुस्तादी के साथ कांवरियों का स्वागत कर रहा है रक्षा सुरक्षा में लगा है कोतवाली प्रभारी तथा तहसीलदार लहरपुर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बराबर हर मार्ग का निरीक्षण कर रहे हैं तथा कांवरियों के लिए हर तरह से सहयोग कर रहे हैं दूरभाष पर कोतवाली प्रभारी ने बताया सारी व्यवस्था कर ली गई है त्यागी बाबा के दिशा निर्देशन में हजारों कांवरियों का भव्य स्वागत जगह-जगह पर होगा इसके बाद खेमकरण इंटर कॉलेज में उनका खाना नाश्ता आदि की बेहतरीन व्यवस्था की गई है।

त्यागी बाबा प्रतिवर्ष हजारों अनुयायियों के पास सरयू जल का अभिषेक करके गोला गोकर्णनाथ जाकर भगवान शिव को जलाभिषेक करते हैं जिसमें उनके भक्त लोग पूरी तन्मयता के साथ कांवड़ यात्रा को निकलने में अपना योगदान करते हैं।

## बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड खंभारखेडा में प्रारम्भ हुई गन्ना बुवाई

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

खंभारखेडा बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेड़ा के मिलगेट प्रथम, ग्राम मिदनिया के कृषक कुलवंत सिंह पुत्र जसवीर सिंह द्वारा मानसून गन्ना बुआई की शुरूआत पूजा-पाठ के साथ की गयी। कृषक द्वारा अगेती गन्ना प्रजाति को.लख. 16202 एवं को.शा. 18231 की बुवाई ट्रेंच (4 फिट) विधि, सिंगल बड एवं सहफसल के साथ की गयी। गन्ना बुवाई के दौरान चीनी मिल के महाप्रबन्धक(गन्ना) पुष्पेन्द्र ढाका एवं सहायक महाप्रबन्धक(गन्ना) राजेन्द्र सिंह समेत चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे। इस मौके पर चीनी मिल के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता जी का संदेश कृषकों में साझा करते हुए बताया कि गन्ने में लगने वाले पोक्का बोइंग रोग की रोकथाम हेतु कॉपर ऑक्सिक्लोराइड दवा का स्प्रे करें, इस उपयुक्त समय में गन्ने की बंधाई एवं मिट्टी चढ़ाई आदि का कार्य पूर्ण कर लें।

## डीएम ने की ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । हरदोई




विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने उपायुक्त एनआरएलएम को निर्देशित किया कि समूह गठन की स्थिति में सुधार लाया जाये। समूहों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम एक मोबिलाइजेशन टीम की तैनाती सुनिश्चित की जाये। समूह गठन में लापरवाही की दशा में डीएमएम व बीएमएम की जवाबदेही तय की जाये। लापरवाही को लेकर उन्होंने डीएमएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। विद्युत सखी को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए बिजली विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाये। खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बिजली विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों व कांट्रेक्टर आदि की विद्युत सखी की बैठक करा दी जाये।मनरेगा की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवसों का सृजन सुनिश्चित किया जाये। लगातार कई माह से अन्य विकास खण्डो से पीछे रहने पर उन्होंने एपीओ सांडी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जाये। लापरवाह रोजगार सेवकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। राशन की सभी मॉडल का निर्माण जल्द पूर्ण कर जल्द हैण्डओवर कराया जाये।प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक अमृत सरोवर का चयन किया जाये। निर्माणाधीन सरोवरों का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाये। पीडी डीआरडीए को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्रों धनराशि समय से अवमुक्त कर आवास समय से बनवाना सुनिश्चित किया जाये। कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। अधूरे आवासों को जल्द पूरा कराया जाये। पात्र चयन में अनियमितता करने पर सम्बंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाये। उन्होंने लंबित प्रकरणों के धीमे निस्तारण के लिए पीडी तथा सुरसा बीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपात्रों को जारी धनराशि की रिकवरी सुनिश्चित की जाये अन्यथा कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। सचिव से लेकर खण्ड विकास अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाये। प्रत्येक लंबित प्रकरण की पृथक से समीक्षा की जाये। विकास खण्डो में सभी कार्यालयों के बाहर अनुभाग का नाम लिखवाया जाये। इन अनुभागों के बाहर बोर्ड पर काम करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के नाम के साथ फोन नंबर व पदनाम अंकित कराया जाये। 15 अगस्त से पूरा विकास खण्ड परिसर की सफाई करायी जाये। कक्षों को सुव्यवस्थित कराया जाये। प्रवेश द्वार के साथ विकास खण्ड के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। ये कैमरे विशेष रूप से सभी अनुभागों व मीटिंग हॉल में लगवाए जाएं। इन कैमरों का कंट्रोल खण्ड विकास अधिकारी के कक्ष में बनाया जाये। परिसर में कम से कम एक सुविधाजनक शौचालय बनाया जाये। पंचायती राज की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी पंचायत घरों की पूर्ण सक्रियता सुनिश्चित की जाये। व्यक्तिगत शौचालय से पात्रों को लाभान्वित कराया जाये। पात्र चयन के लिए पंचायतों में बैठक करा ली जाएं। चिन्हित स्थानों पर आँगनबाड़ी केंद्रों का जल्द निर्माण सुनिश्चित किया जाये। हॉट कुक्ड फूड के लिए 15 अगस्त से पूर्व प्रत्येक ग्राम में खरीद सुनिश्चित की जाये। हॉट कुक्ड मील योजना का समय समय पर सत्यापन किया जाये। आँगनबाड़ी केंद्रों में लर्निंग लैब का कार्य तेजी से कराया जाये। दिव्यांग पेंशन के निर्बाध प्रेषण के लिए उनकी फेमिली आईडी बनाई जाये। हर घर तिरंगा कार्यक्रम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि झंडों की व्यवस्था ससमय करा ली जाये। ग्रामों में साफ सफाई का कार्य कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## करोड़ों रुपए खर्च करके गौशालाएं बनाने के बाद भी छुट्टा पशुओं से नहीं मिल रही निजात



**✱ सड़कों पर घूम दुर्घटनाओं को दावत दे रहे आवारा पशु**

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

भाजपा सरकार में करोड़ों रुपए खर्च करके गौशालाएं बनवाई गई और गौवंशों के खाने के लिए भूसे चारे के लिए लाखों रुपए महीने में आता है लेकिन उसके बाद भी गौवंश रोड पर घूम रहे है रोड पर आए दिन गौवंश से टकराकर जनता चोटिल होती है जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते नगर से लेकर ग्रामों तक में आवारा पशुओं का कहर जारी जहां एक और स्कूल के समय बच्चे स्कूल जाते हैं वहीं दूसरी और आवारा पशु आपस में लड़ते हैं। अगर नगर की बात करे तो प्रतिदिन आपस में लड़ते रहते हैं आवारा पशु झुण्ड लगाकर खड़े हो जाते हैं और पास से निकल रहे लोगो के ऊपर दौड़ पड़ते हैं सुबह स्कूल के टाइम बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ये आवारा पशु कब किस पर हमला कर दे कोई पता नही।उसके बाद भी अधिकारियों का गौवंश की तरफ कोई ध्यान नहीं है योगी जी अधिकारियों को आदेशित करते हैं कि गौवंश रोड पर नहीं दिखना चाहिए लेकिन अधिकारियों को योगी जी के आदेशों का सुना अनसुना कर देते हैं। कुछ समय पूर्व सरकार की ओर से समस्त जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि कोई भी गौवंश इधर-उधर निराश्रित न घूमता हुआ पाया जाए इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने गोवंश को आश्रय उपलब्ध नहीं करा पा रहे है।

### विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने पर चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाकर मृतका के भाई ने एसपी को प्रार्थना दिया है। जिसके बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के भाई-बहन सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहजहांपुर जिले के मिर्जापुर थाने के पृथ्वीपुर गावं निवासी रामसुदेश ने एसपी नीरज जादौन को दी तहरीर में बताया है कि बहन नीरज देवी की शादी सन 2011 में पाली थाने के गदरिया पश्चिमी गावं निवासी प्रदीप के साथ की थी। बताया बहनोई प्रदीप के हिस्से की जमीन की बिक्री पूर्व में 8 लाख 70 हजार रुपये में हुई थी। बिक्री की पूरी रकम रूपापुर निवासी प्रदीप के जीजा कृपाशंकर ने ले ली थी। बहन नीरज देवी ने जब कृपाशंकर से रुपये देने की बात कही तो बहनोई प्रदीप का भतीजा रामप्रताप उसकी बहन उमा व कृपाशंकर ने उसके साथ कई बार मारपीट की। बहन की सूचना पर उसकी ससुराल पहुंचकर पंचायत भी कराई गई थी। जिसमें कृपाशंकर ने रुपये देने की हामी भी भरी थी। लेकिन बाद में मुकर गया और बहन को रुपये वापस नही दिए। बीती 17 जुलाई को बहन ने फिर रुपये वापस मांगे तो करीब शाम पांच बजे कृपाशंकर ने अपने भाई मदनपाल और रामप्रताप व उसकी बहन उमा के साथ मिलकर बहन के साथ मारपीट की। सभी को मारपीट करते भांजी दिव्या (6) व दीपिका के अलावा गावं के अन्य लोगों ने देखा था। इसी बात से आहत होकर बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी तहरीर लेकर पाली थाने गया था तो पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वशन दिया था। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नही की थी। प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया है कि तहरीर के आधार पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

**विधायक ने समाज कल्याण अधिकारी पर लगाया आरोप**

# बोले विधायक, घटना की सूचना देने के पांच घंटे बाद पहुंचे समाज कल्याण अधिकारी

**✻ जनप्रतिनिधियों की बात को अनसुना करते अधिकारी**

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने जिला समाज कल्याण अधिकारी पर गंभ्फ्र अठरेप लगठत। व्ढए कव्ठ ङक मेरे द्वारा स्वयं सूचना देने के बाद इतनी बड़ी घटना घटित हो जाने पर भी नहीं पहुंचे समाज कल्याण अधिकारी, फोन करने के बाद 5 घंटे बाद घटना स्थल पर पहुंचे समाज कल्याण अधिकारी, विधायक ने छुब्ध मन से कहा कि जनप्रतिनिधि और विधायकों की नहीं सुनते हैं समाज कल्याण अधिकारी, जबकि समाज कल्याण विभाग ही से संचालित है आश्रम पद्धति का विद्यालय।

### बोले विधायक नहीं बख्शे जाएंगे दोषी, होगी सख्त कार्रवाई

घटना के बारे में जानकारी देते हुए विधायक ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान, उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो और विद्यालय के भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने विद्यालय प्रशासन से भी बात की और उन्हें छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना के बाद बच्चों और उनके परिवारों की चिंता को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस घटना ने जिले में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है, और अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। फिलहाल, प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सभी छात्रों का उचित इलाज किया जा रहा है और वे जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। इस मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।



### जब विधायक की बात हो अनसुनी तो आमजन का क्या होगा

यक्ष प्रश्न– जब सत्ताधारी जनप्रतिनिधि और विधायक की बात नहीं सुनते अधिकारी और कर्मचारी तो आमजन का होता है, क्या यही है सीएम योगी आदित्यनाथ का उत्तम उत्तर प्रदेश, यही है भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन जहां विधायक द्वारा घटना की सूचना देने पर जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचते हैं।

### क्या है घटना

मामला उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना में एक गंभीर घटना सामने आई है, जिसमें विद्यालय के 80 छात्र बासी खाना खाने से बीमार हो गए। इस घटना के बाद विद्यालय में हड़कंप मच गया, और बीमार छात्रों का तत्काल इलाज शुरू किया गया। सूचना मिलते ही स्थानीय बीजेपी विधायक सुरेन्द्र चौरसिया मौके पर पहुंचे और दो दिनों तक लगातार छात्रों का हालचाल लिया। विधायक ने छात्रों की स्थिति की समीक्षा की और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए और सभी छात्रों का जल्द से जल्द स्वस्थ होना प्राथमिकता है।

# डीएम ने स्वतंत्रता दिवस को गरिमापूर्ण तरीके से मनाने के दृष्टिगत की बैठक

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

स्वतंत्रता दिवस को भव्य एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने स्वतंत्रता दिवस को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के संबन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 13 व 14 अगस्त से ही जनपद के सभी शहीद स्मारकों व महापुरुषों से जुड़े स्थलों की साफ-सफाई करायी जाएंगे। ब्लाक स्तर के लिए खंड विकास अधिकारी, तहसील स्तर पर संबंधित तहसीलदार, व नगरीय क्षेत्र में अधिशासी अधिकारियों को उत्तरदायी बनाया गया। 14 अगस्त को जिलाधिकारी द्वारा टीबी के 100 मरीजों को गोद लिया जाएगा तथा उन्हें पोषण पोटली प्रदान की जाएगी। उक्त कार्यक्रम का आयोजन रेडक्रॉस द्वारा किया जाएगा। इसी दिन अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी स्मारक स्थल पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।




### 13 से 15 अगस्त तक जगमगाते रहेंगे सभी कार्यालय भवन

जनपद के सभी कार्यालय भवनों को 13 से 15 अगस्त की रात्रि तक प्रकाशमान किए जाने के साथ समुचित साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। स्वतंत्रता दिवस की शुरुआत 15 अगस्त के सभी धार्मिक स्थलों पर प्रार्थना के साथ किया जाएगा। स्थानीय स्टेडियम में क्रास कंट्री रेस, सात बजे सभी स्कूलों से प्रभात–फेरी निकाले जाने का निर्देश दिया गया। ध्वाजारोहण के उपरांत स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके आश्रितों को सम्मानित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में वृक्षारोपण किए जाने एवं नगर के सभी महापुरुषों के स्मारक स्थलों व प्रतिमाओं पर प्रात: 9.30 बजे अधिकारियों की ओर से माल्यार्पित किया जाएगा। अपराह्न तीन बजे नगर के वार्डों में साफ–सफाई का कार्यक्रम आयोजित कराया जाएगा तथा उत्कृष्ट कार्य करने वालो को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में सीएमओ डॉक्टर राजेश झा, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार, सीआरओ जेआर चौधरी, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसपी डॉक्टर भीम कुमार गौतम, वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल पांडेय सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ब्रह्मपुर ब्लॉक कार्यालय में केन्द्रीय राज्यमंत्री का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



**जन एक्सप्रेस । चौरीचौरा**

ब्रह्मपुर ब्लॉक प्रमुख सुमन यादव की अध्यक्षता में, विकास खंड कार्यालय में क्षेत्रीय सांसद केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता मानवेन्द्र कुमार, चूड़ा मणि शाही, उपेन्द्र पासवान मंडल उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र यादव, संदीप पासवान, अयुब आलम, योगेन्द्र यादव, पन्ने लाल यादव, संगीता विश्वकर्मा, सीमा मोदनवाल, और संदीप यादव उर्फ कालिया शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास और सामाजिक समरसता पर भी चर्चा की गई।

## बंदर के आतंक से सरदार पटेल नगर निवासी परेशान

**जन एक्सप्रेस/पनियरा**

**महाराजगंज।** पनियरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 की सरदार पटेल नगर में एक बंदर का आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं ,बंदर राह चलते लोगों के घरों में जाकर लोगों को काटकर घायल कर दे रहा है। बंदर के हमले से वार्ड निवासी मोहन पासवान संतोष प्रजापति व दीपक माल बुरी तरह से घायल हो गए हैं उन्हें इलाज के लिए पीएसी पनियरा लिया गया जहां चिकित्सक ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है वहीं बंदर के हमले से उमेश सिंह राजू राय परमेश्वर सिंह अर्चना सिंह शारदा पासवान गणेश ब्रह्मदेव दुर्विजय आदि को घायल कर दिया है इस वार्ड के सभासद अर्चना सिंह अर्जुन राय गणेश गोपाल पासवान दीपक विनय शिवम विष्णु गुड्डू बबलू सहित तमाम लोगों ने शासन प्रशासन से अवगत भी कराया और इस बंदर से निजात दिलाने की अपील भी की है।

# गोरखपुर में आर्किटेक्ट की गोली मारकर हत्या

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

जनपद के सिकरीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अहिरौली खुर्द गांव में सोमवार रात को दबंग ने रंजिश में एक व्यक्ति के चाचा पर हमला किया और उनका हाथ तोड़ दिया। सूचना पाकर चाचा को देखने पहुंचे भतीजे आदेश (24)को भी दबंगों ने लाठी डंडो से बुरी तरह पीटा और गोली मारकर घर के सामने छोड़ गए। घायल आदेश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। आदेश गोरखपुर के एक कॉलेज से आर्किटेक्चर की पढ़ाई कर रहा था और तारामंडल क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और आरोपी फरार है। अगर पुलिस ने समय पर कार्रवाई की होती तो शायद आदेश की हत्या नहीं होती।



### क्या है मामला

दरअसल दीपू चौधरी मुंबई में सिलाई का काम करते हैं और उनके घर के पीछे एक पोखरा है, जिसे लेकर बृजेश त्रिपाठी के परिवार से विवाद चल रहा है। चार साल पहले बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद से दोनों परिवारों में रंजिश गहरी हो गई थी। आदेश आर्किटेक्चर की पढ़ाई के लिए गोरखपुर शहर चला आया था और गांव में कम ही आता था। सोमवार को वह अपने पिता दीपू के आने की खुशी में गांव आया था और चाचा की पिटाई की खबर सुनकर वहीं रुक गया।

### पुरानी रंजिश में हुई आदेश की हत्या

अहिरौली खुर्द गांव में आदेश चौधरी की हत्या में पुलिस की नाकामी भी जिम्मेदार मानी जा रही है। सोमवार शाम को आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते आदेश के चाचा विनोद चौधरी पर जानलेवा हमले किया गंभीर घाव लगने के बाद विनोद थाने पहुंचे लेकिन किसी ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया थोड़ी देर बाद ही आदेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### पुलिसिया कार्यशैली से ग्रामीणों में आक्रोश

गांव वालों का गुस्सा इस बात पर है कि अगर पुलिस ने विनोद की शिकायत को गंभीरता से लिया होता और कार्रवाई की होती तो आदेश की हत्या नहीं होती फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात कर स्थिति को शांत करने की कोशिश की जा रही है। आदेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था छोटे भाई अभिषेक (20) और विवेक (18) गांव में ही रहकर पढ़ाई करते हैं। घटना के समय दोनों भाई घर पर ही मौजूद थे। घायल चाचा से मिलने के लिए आदेश भी गांव पहुंचा था।

### आरोपी और उसके साथियों ने किया विनोद पर जानलेवा हमला

सोमवार शाम को करीब छह बजे के समय आरोपी बृजेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर विनोद को घेरकर लाठी डंडों से पीटा, जिससे विनोद का हाथ टूट गया ।इलाज कराने के बाद विनोद थाने फरियाद लेकर पहुंचे। आदेश अपने चाचा से मिलने के बाद घर के बगल में हो रहे कीर्तन में शामिल हो गया ।वहीं ,आरोपी भी पहुंचे और आदेश के हाथ पैर में गोली मार दी और लाठी डंडों से पीठ कर घर के पास छोड़ दिया घायल आदेश को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में पूछे जाने पर एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है,शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गोरखपुर जिले में मनरेगा कार्य में फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा

**विभागीय साइट पर बिना काम किए ही मजदूरों की हाजिरी दर्ज, करने का मामला, डीसी मनरेगा ने मेठ पर की फौरी कार्रवाई**

**जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा**

जनपद के चौरी चौरा तहसील क्षेत्र के ब्रह्मपुर ब्लॉक के ग्राम सभा रामपुरा में मनरेगा के तहत एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। हाल ही में जन एक्सप्रेस टीम द्वारा की गई पड़ताल में सामने आया कि बिना किसी वास्तविक काम के ही पोर्टल पर मजदूरों की हाजिरी दर्ज की गई है।

### ग्राउंड जीरो पर टीम ने की पड़ताल, भ्रष्टाचारियों में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस टीम द्वारा मंगलवार को की गई पड़ताल में पाया गया कि ग्राम सभा रामपुरा के तीन मास्टर रोल के तहत 27 मजदूरों की हाजिरी दर्ज की गई थी। हालांकि, जब मौके पर जाकर वास्तविकता की पुष्टि की गई, तो वहां कोई भी मजदूर काम पर नहीं था। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक साल से इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का मिट्टी का कार्य नहीं हुआ है, जिससे स्पष्ट हो गया कि फर्जी हाजिरी के लिए पुरानी फोटो का उपयोग किया गया है। जन एक्सप्रेस टीम ने फर्जीवाड़े की सूचना डीसी मनरेगा गोरखपुर को दी। जन एक्सप्रेस टीम की पड़ताल से योजना के भ्रष्टाचारियों में हड़कंप मच गया है।




### डीसी मनरेगा ने महिला मेठ को किया निलंबित, दिया जांच का आदेश, भुगतान रोकने का दिया निर्देश

इस खुलासे के बाद, **डीसी मनरेगा सौरभ श्रीवास्तव** ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने संबंधित महिला मेठ को तुरंत निलंबित कर दिया और इस मामले की गंभीरता से जांच का आदेश दिया। इसके साथ ही, मास्टर रोल को शून्य करने और सभी भुगतान को रोकने की भी घोषणा की गई है।सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, ऋहमने पाया है कि पुरानी फोटो का उपयोग कर हाजिरी दर्ज की गई है। इसके लिए जिम्मेदार महिला मेठ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है और मास्टर रोल को शून्य कर दिया गया है। हम मामले की पूरी गंभीरता से जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बिलारी ग्राम सभा में ग्राम प्रधान पद का उपचुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा**

स्थानीय तहसील क्षेत्र के बिलारी ग्राम सभा में मंगलवार को ग्राम प्रधान पद के लिए उपचुनाव शांति और सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुआ। यह उपचुनाव पूर्व ग्राम प्रधान शोखी यादव के निधन के बाद आयोजित किया गया था। इस चुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में थे। सात मतदान केंद्रों पर कुल 54 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव के बाद बैलेट बॉक्स को सील कर, कड़ी निगरानी में सुरक्षित स्थान पर रख दिया गया। इस दौरान तहसीलदार निशा श्रीवास्तव और थाना अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने चुनाव की प्रक्रिया की लगातार निगरानी की। मतगणना 8 अगस्त को निर्धारित की गई है, जिसके बाद बिलारी ग्राम को नया ग्राम प्रधान मिल जाएगा। इस चुनाव ने ग्राम सभा में एक नई शुरुआत की उम्मीदों को जन्म दिया है।

## ग्राम्य विकास राज्यमंत्री ने संचालित प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



जिला ग्राम्य विकास संस्थान, देसही देवरिया पर संचालित सोशल आडिट टीम के सदस्यों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम के द्वितीय दिवस में ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम द्वारा निरीक्षण किया गया तथा प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के संबंध में एवं गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया गया। इसके साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रहें वृक्षारोपण के राष्ट्रीय अभियान **एक पेड़ माँ के नाम** को गति प्रदान करते हुए उद्यान विभाग देवरिया द्वारा तैयार उन्नतशील फलदार पौधों नीबू एवं अनार के 51 पौधों का रोपण राज्यमंत्री द्वारा किया गया।प्रशिक्षण में आये प्रतिभागियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को फलदार वृक्षों को अधिक से अधिक रोपित किये जाने हेतु उन्होंने प्रेरित किया। इसके साथ ही बरगद व पीपल के वृक्ष के महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास विभाग तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ग्राम्य विकास विभाग के मण्डल स्तरीय अधिकारी उपनिदेशक आचार्य, डाक्टर बीएल मौर्या, जनपद स्तरीय अधिकारीगण, खण्ड विकास अधिकारी ए के पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी अरूण कुमार पाण्डेय, सेवा निवृत्त वरिष्ठ प्रशिक्षक अमर सिंह, मास्टर ट्रेनर सोमनाथ शर्मा, संस्थान के सहायक राधामोहन कुशवाहा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा देसही देवरिया, वेदपाल, प्रशिक्षक समन्वयक, कम्प्यूटर रोहित, अनामिका, भावना मिश्रा, झामलाल एवं ग्राम पंचायतों से आयें हुए ग्राम प्रधान गण के साथ ही समाजसेवी रामप्रवेश यादव द्वारा कार्यकम को सफलता बनाने हेतु सहभागिता की गयी।

# लावारिस पड़ी बाइक को पुलिस ले गई थाने

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर के वार्ड नंबर 14 सुभाष नगर में स्थित प्रेम पोखरे के पास बीती रात से लावारिस पड़ी एक बाइक को देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया।

सूचना पाकर मौके पुलिस टीम के साथ पहुंचे फरेन्दा चौकी प्रभारी गंगाराम यादव पहुंचकर बाइक को कोतवाली पर ले गई जहां पर बाइक पर लिखा नम्बर यूपी 55 ए एल 3934 नम्बर पर सिद्धार्थनगर के एक व्यक्ति से वार्ता की फरेन्दा कोतवाल ने बताया कि उक्त गाड़ी के संबंध में जांच पड़ताल किया जा रहा है । बाइक नंबर से पता चला है और उक्त अज्ञात मालिक जिसके नाम से उक्त मोटरसाइकिल है उससे वार्ता किया गया तो उन्होंने बताया कि वह बाइक अपने बहन बहनोई को शादी में दिए थे उनके बहनोई उक्त स्थान पर छोड़ कर चले गए थे पुलिस को उन्होंने उनका नंबर व पता दे दिया है। उक्त नंबर पते के जांच पड़ताल में पुलिस टीम जुटी हुई हैं।



# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ पंचायत उपचुनाव, 27 प्रतिशत हुआ मतदान



**जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर**

गोला ब्लाक के जिला पंचायत क्षेत्र 43 में मंगलवार को उपचुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। प्रशासनिक दावे के अनुसार कुल 27 प्रतिशत मतदान हुआ। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।उपचुनाव के जोनल मजिस्ट्रेट व तहसीलदार बृजमोहन शुक्ल ने बताया कि कुल 28 ग्राम पंचायतों के 81 बूथ पर चुनाव संपन्न हुआ। जिसके लिए कुल 324 कर्मचारी ड्यूटी पर लगे थे। जिसे सात सेक्टर में विभाजित कर सात सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए थे। इसके अलावा 200 पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। शाम पांच बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्व ढंग से चुनाव संपन्न हो गया। कुल लगभग 27 प्रतिशत मतदान हुआ। सभी पोलिंग पार्टियों ने समय से पहुंचकर मतदान पेटिका जमा करा दिया है और अधिकारियों के देखरेख में ब्लाक मुख्यालय पर बने स्ट्रांग रूम सील कर दिया गया। वहां सुरक्षा के लिए जवानों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

# गोरखपुर के खजनी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं की पिटाई करने वाली वार्डेन अर्चना पाण्डेय की संविदा समाप्त करने की हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस**
**FOLLOW-UP**

**✻ जन एक्सप्रेस की खबर का चंद घंटों में दिखा असर**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

जनपद में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओ की पिटाई करने वाली वार्डेन अर्चना पाण्डेय की संविदा समाप्त की जा रही है। आपको बता दे कि वार्डेन अर्चना पाण्डेय के द्वारा छात्राओं के पिटाई का वायरल वीडियो वायरल हुआ था। छात्राओं ने रोस्टर के अनुसार भोजन न देने की शिकायत की थी जिस पर वार्डेन ने छात्राओं को डंडे से पीटा था। जिसके बाद छात्रा अपना चोट वीडियो में दिखाती हुई नजर आ रही थी। बीएसए से बात करने पर जांच के निर्देश दिए थे। अब जांच रिपोर्ट आ गयी है।

### वार्डेन की संविदा समाप्त कराने की किया जा रहा है कार्रवाई: बीएसए


छात्रावास में रह रही छात्राओं को शिक्षिका ने पीटा

✻ छात्राएं बोली खराब खाना दिया जाता है शिकायत करने पर शिक्षिका डंडे से मारती है

✻ जिले के खजनी क्षेत्र के उसवा बाबू कस्तूरबा गांधी विद्यालय का है मामला

बीएसए बोले दोषी मिलने पर होगी कार्रवाई

छात्राओं ने पुलिस को बताई आपबीती बर्बता की कहानी

आरोपी शिक्षिका बोली उन पर लगाए सभी आरोप बेबुनियाद

जांच रिपोर्ट के सम्बध में बीएसए रामेंद्र सिंह ने बताया कि खजनी के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का प्रकरण संज्ञान में है इसमें वार्डेन के द्वारा कुछ बच्चियों की पिटाई की गई थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस प्रकरण में जांच समिति को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये गये थे। जिसका रिपोर्ट आ गया है। इसमें वार्डेन की संविदा समाप्त करने की कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। वीडियो के आधार पर जब जांच कराई गई तो वार्डेन दोषी पाई गई है। उन्होने बताया कि जिन बच्चों को चोट लगी थी वह बच्चियां अब स्वस्थ्य है उनकी पढ़ाई अच्छे ढंग से चल रही है।

### बीएसए ने चंद घंटों में लिया खबर का संज्ञान, की कार्रवाई

बताते चलें कि सोशल मीडिया पर वायरल विडियो में वार्डेन द्वारा छात्राओं की खबर को हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस के 5 अगस्त 2024 के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसका चंद घंटों में संज्ञान लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर ने 5 अगस्त को ही वार्डेन की विभाग से संविदा सेवा समाप्ति का पत्र जारी कर दिया।

## बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जारी किया तुगलकी फरमान

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

पिछले दिनों अलीगढ़ में गर्मी की वजह से शिक्षक और छात्र-छात्राओं की तबीयत खराब होने से समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को लेकर बौखलाए अलीगढ़ बेसिक शिक्षा अधिकारी और इसी बौखलाहट में एक तुगलकी फरमान जारी कर दिया है ।पत्र जारी कर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया है कि विद्यालयों में सभी अध्यापक अध्यापिकाएं अनुदेशक एवं छात्र-छात्राओ की तबीयत खराब होती है तो उसकी सूचना मीडिया को न दी जाए। अगर जरूरी है तो उनके फोटो खंड शिक्षा अधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी के पर्सनल मोबाइल नंबर पर भेजे जाएं। अगर किसी ने मीडिया को फोटो भेजें और खबर प्रकाशित होती है तो उसके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जब बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार से इस पत्र के बारे में पूछा गया कि आप मीडिया से अपने विभाग की खबरें क्यों छुपाना चाहते हैं तो वह टालते हुए नजर आए और फोन पर कहने लगे कि हमारी इस तरह की कोई मंशा नहीं है आप समझने की कोशिश करें।

# एनडीडी अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग मिलकर करें कार्यः एडी

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत मंडल स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक का हुआ आयोजन
- आगरा मंडल के चारों जनपदों में 10 अगस्त को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े निकालने की दवा
- 14 अगस्त को चलेगा मॉप अप राउंड, जिसमें दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को किया जाएगा आच्छादित



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन और निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कार्यालय एडी सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। अपर निदेशक चिकित्सा एवं परिवार कल्याण आगरा मंडल डॉ.चंद्रशेखर की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय बैठक में आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा और मैनपुरी के स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित नेशनल हेल्थ मिशन के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।
अपर निदेशक चिकित्सा एवं परिवार कल्याण आगरा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य बच्चों में कृमि संक्रमण को रोकना और नियंत्रित करना है। यह दिवस हर साल फरवरी और अगस्त में मनाया जाता है। अभियान के दौरान एक से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों और किशोरों,किशोरियों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। एनडीडी अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। आगरा मंडल के चारों जनपदों में 10 अगस्त को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी।
एडी डॉ.चंद्रशेखर ने बताया कि अभियान के दौरान जनपद आगरा 24.27 लाख, फिरोजाबाद 14.08 लाख, मथुरा 14.16 लाख और मैनपुरी 10.36 लाख बच्चों और किशोरों,किशोरियों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निर्देशित भी किया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव बर्मन ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मदद से एक से पांच साल तक के बच्चों को दवा दी जाएगी। जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों में छह से 19 साल तक के बच्चों व किशोरों-किशोरियों को शिक्षकों की मदद से दवा खिलाएंगी। जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक डॉ. विजय सिंह ने बताया कि एक से दो साल तक के बच्चों को आधी गोली और दो से 19 साल तक बच्चों व किशोरों को पूरी गोली खिलाई जाएगी। छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जानी है। जबकि बड़े बच्चे गोली चबाकर खा सकेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए एविडेंस एक्शन इंडिया संस्था अहम भूमिका निभा रही है।

## प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ0 एम0के0एस0 सुंदरम द्वारा पीएम श्री कंपोजिट स्कूल एलमपुर का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन डॉ0 एम0के0 एस0 सुंदरम द्वारा पीएम श्री कंपोजिट स्कूल एलमपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में श्रवण व अस्थि बाधित एवं मानसिक मंद बच्चों के लिए संचालित रिसोर्स सेन्टर में दिव्यांग बच्चों से वार्ता कर उनके क्रियाकलापों एवं शिक्षण कार्य की जानकारी ली।
उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि दिव्यांगों को गुणवत्तापरक शिक्षा के माध्यम से मुख्य धारा में लाया जा सके। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के अध्यापन कार्य के लिए नियुक्त शिक्षक मुन्ना प्रसाद, राजेन्द्र कुमार एवं धर्मेन्द्र कुमार के अध्यापन कार्य एवं किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बने खाने को खाकर मिड-डे-मील की गुणवत्ता पर संतोष प्रकट किया। उन्होंने रसोईयों के मानदेय भुगतान की संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में लगभग 1000 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। यहां सरकार की मंशा के अनुरूप निपुण भारत मिशन के साथ ही विद्यार्थियों को बहुआयामी शिक्षा प्रदान की जा रही है।
विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब, टेबिल टेनिस, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटवाल कोर्ट के साथ ही अन्य खेलकूद व शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से उनको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखा जा रहा है। प्रमुख सचिव द्वारा विद्यालय निरीक्षण के उपरान्त विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों पर संतोष प्रकट करते हुए प्रधानाचार्य के कार्यों के सराहना की गई।
इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक केएस वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह समेत विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान प्रसूता की मौत

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ के थाना बन्नादेवी इलाके के रसलगंज स्थित एल0जे0 मेमोरियल हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान प्रसूता की मौत पर परिजनों ने डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। सूचना के बाद मौके पर इलाका पुलिस पहुंच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीगढ़ के गांव अमरगढ़ी निवासी नुसरत को उसका पति रिजवान और परिजन डिलीवरी के लिए रसलगंज स्थित एल0जे0 मेमोरियल अस्पताल में लेकर आए थे। जहां डिलीवरी के 38000 रुपये मांगे गए। परिजनों ने बताया है कि नुसरत की डिलीवरी में बच्ची का जन्म हुआ। लेकिन नुसरत की तबीयत बिगड़ने लगी। डॉक्टर डिलीवरी के बाद चले गए। कई बार अस्पताल स्टाफ को नुसरत की तबीयत बिगड़ने की बात बताई। लेकिन, उन्होंने एक न चलने दी। इसी दौरान नुसरत की मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल में अन्य परिजन भी इकट्ठे हो गए। और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

# फीस बढ़ोतरी के विरोध में अभाविप ने डीएस कॉलेज के बाहर किया प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना गांधी पार्क इलाके के धर्म समाज महाविद्यालय के बाहर अभाविप ने प्रदर्शन किया है। यह प्रदर्शन री-एग्जाम में की गई फीस बढ़ोतरी के विरोध में किया है। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुलपति के विरोध में जमकर नारेबाजी की और फीस भरने के लिए भीख मांगी है। अभाविप ने प्रदर्शन के दौरान राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर का पुतला फुका और एक ज्ञापन एसीएम सुधीर कुमार को दिया है। इस ज्ञापन में अभाविप ने बढ़ाई गई फीस को कम किए जाने की मांग की है।
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अंकुर शर्मा ने कहा की कुछ समय पहले फेल हुए छात्रों के लिए री-एग्जाम कराए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया था। अब री-एग्जाम तो कराये जा रहे हैं लेकिन जो फीस पहले 360 रुपये थी वो फीस अब 1060 मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक साथ 700 रुपये की बढ़ोतरी की गई है जो कि गलत है। फिलहाल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन कर बढ़ाई गई फीस को कम करने की मांग की है।

## पूर्व प्रधान अखिल भारतीय पंचायत परिषद से जुड़े

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी ठाकुर गवेन्द्र सिंह एडवोकेट के प्रयासों से समाजसेवी लोकप्रिय ग्रामीण परिवेश से जुड़े हुए पूर्व प्रधान ठाकुर बुद्धपाल सिंह निवासी ग्राम पनेठी एवं ठाकुर राजेश कुमार सिंह पूर्व प्रधान ग्राम अलदाद पुर जनपद अलीगढ़ आज गैर राजनीतिक संस्था अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल हो गए दोनों लोगों ने कहा पंचायत परिषद को मजबूत करने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देंगे और संगठन के साथ निर्वाचित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को जोड़ेंगे दोनों का स्वागत कर प्रदेश प्रभारी ने आभार प्रकट कर कहा दोनों ही व्यक्ति लोकप्रिय एवं जनप्रिय व्यक्ति है जिससे त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को इनके जुड़ने से मजबूती मिलेगी और शीघ्र ही पूरे प्रदेश में पंचायत परिषद के संगठन का गठन कर शीघ्र ही राज्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार सुबोध कांत सहाय एवं कार्यवाह का अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान और देश के समाजसेवी बुद्धजीवी एवं पंचायतो के हित में काम करने वाले सम्मानित पंचायत के विशेषज्ञ लोगों को आमंत्रित किया जाएगा दोनों के शामिल होने राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर ध्यान पाल सिंह राष्ट्रीय सचिव श्रीमती नयना नंदकुमार पाटिल उत्तर प्रदेश संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह प्रदेश शहर सह संयोजक चौधरी महेंद्र सिंह प्रदेश महासचिव नरेंद्र सिंह सोलंकी प्रदेश सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह श्रीमती सुनीता सिंह महानगर अध्यक्ष धर्मवीर सिंह पूर्व पार्षद प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता कुंवर मोहम्मद अहमद प्रधान आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर हार्दिक बधाई दी।

## वृक्षारोपण कर मनाया केंद्रीय राज्यमंत्री बी एल वर्मा का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** केंद्रीय राज्यमंत्री बी एल वर्मा के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर फौजी विकास सेवा समिति ने वार्ड 71 दहतोरा क्रीड़ा स्थल पर वृक्षारोपण कर मनाया। जिलामंत्री भाजपा डॉ सुनील राजपूत ने कहा कि आज उच्च तापमान, बदलता हुआ मौसम, घटती हुई पानी की आपूर्ति सभी के पीछे पेड़ों की अंधाधुँध कटाई भी एक प्रबल कारण है ।आज हम विकास के नाम अपने निजी फायदों के लिए जंगलों को कम करते जा रहे है। जंगलों की कटाई कर उनकी जगह कंकरीट का जाल बिछाते जा रहे है। जिसका सीधा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हमको पर्यावरण को बचाना है तो प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने का संकल्प लेना होगा साथ ही उन पेड़ों की देख भाल की जिंम्मेदारी भी अपने बच्चों की तरह करने का प्रण लेना होगा।

# पर्यावरण में ऑक्सीजन की कमी दूर करने के लिए पौधारोपण करना जरूरी: डॉ आशीष राय

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के रामनगर के समाजसेवी नीरज मौर्य के नेतृत्व में पेंसिल चित्रकार शिवम प्रजापति वासुदेवम के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के प्रांगण में सात पौधे लगाकर जन्मदिन की बधाई दिए समाजसेवी नीरज मौर्य ने ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए इस पहल की शुरूआत किया और सभी लोगों ने अन्य सभी देशवासियों से अपील भी किया है कि एक दो पेड़ लगाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाने में सहयोग करें जिस तरह से अपने बच्चों की आप परवरिश करते हैं,इस तरह से पेड़ लगाकर उसकी देख-देख करके उनका जीवन बचाएं और अपने पर्यावरण को शुद्ध बनाएं समाजसेवी नीरज मौर्य की इस पहल से लोगों को जरूर सीख मिलेगी और लोग जन्मदिवस, सालगिरह श्रद्धांजलि सभा जैसे मांगलिक कार्यक्रम में एक दो पौधारोपण कर पर्यावरण को शुद्ध बनाएं। इस मौके पर मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के चिकित्साधिकारी आशीष राय, डा. आर. पी. मौर्य, आलापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, डा. चेतन शर्मा, शिवकुमार, फार्मासिस्ट चन्द्रिका वर्मा आदित्य मौर्य शिवम प्रजापति, गोलू प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

# अमृतांजन हेल्थकेयर को लगातार दूसरे साल मिला सर्वश्रेष्ठ हेल्थकेयर ब्रांड का सम्मान

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




भारत में स्वास्थ्य सेवा उद्योग में 131 वर्षों से अधिक समय से अग्रसर, उद्देश्य-संचालित, नवोन्मेषी उत्पाद कंपनी अमृतांजन हेल्थकेयर को सर्वश्रेष्ठ हेल्थकेयर ब्रांड पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अमृतांजन हेल्थकेयर को 7वें ईटी नाउ बेस्ट हेल्थकेयर ब्रांड्स समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया है। पूरे भारत में 1000 से अधिक हेल्थकेयर ब्रांडों की विस्तृत जांच करके एक कठोर चयन प्रक्रिया के माध्यम से यह चुनाव किया गया है। बहुत कम ब्रांड चयन प्रक्रिया के मानदंडों को पूरा कर पाए थे, जिससे अमृतांजन हेल्थकेयर को मिला यह सम्मान और भी अधिक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित हो गया है।
अमृतांजन हेल्थकेयर के पोर्टफोलियो में स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में कई अलग-अलग उत्पाद शामिल हैं। विज्ञान और आयुर्वेद का एक अनूठा मिश्रण लाते हुए, ब्रांड ने प्रभावी उत्पाद पेश किए हैं जो क्लिनिकल (नैदानिक) ????परीक्षणों में सफल साबित हुए हैं और राहत प्रदान करते हैं। नवाचार अमृतांजन की सफलता का प्रमुख स्तंभ है। रोल-ऑन पेन रिलीफ, पहला हाइड्रोजेल पैन पैच जैसे, उपयोग में आसान और सुविधाजनक फॉर्मेट पेश करके, अमृतांजन ने सभी उपभोक्ताओं के लिए दर्द पर इलाज को आसान बना दिया है।
ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, अमृतांजन उन्हें पूरा करने के लिए डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी को अपनाकर तेज़ी से विकास कर रहा है। डिजिटल परिवर्तन के लिए, ब्रांड ई-कॉमर्स, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर प्लेटफॉर्म में महत्वपूर्ण निवेश कर रहा है, सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है, अमृतांजन कॉम्फी पीरियड ट्रैकर जैसे ऐप लॉन्च करके उपभोक्ताओं के साथ अपने संबंधों को और मज़बूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

## दबंगों ने युवक को पीटा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** गाली देने से मना करने पर एक युवक को दबंगों ने जमकर पीटा। महिला ने अपने पति को बचाने का प्रयास किया। इसके बाद उसके साथ भी मारपीट की गई। उसने जब इसकी शिकायत पुलिस से की तो घर में घुसकर भी उसके साथ मारपीट की गई। उसके बाद घर में रखी बाइक भी जला दी। सिकंदरा के बाईंपुर में रहने वाले मोनू ने शिकायत की है कि 5 अगस्त को अपने परिवार के साथ कैलाश मेला देखने गया था। मेला देखकर लौट रहा था। मोनू के गांव छीतर के पास के गांव नगला नाथू मौजा के 6-7 युवक खड़े थे। मोनू का आरोप है कि वे गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर युवकों ने मोनू के साथ मारपीट शुरू कर दी। पत्नी ने रोका तो उसके साथ भी मारपीट की। 112 पर फोन कर पुलिस को शिकायत की। मेले के कारण पुलिसकर्मियों ने आने में असमर्थता जताई और कहा कि थाने में जाकर शिकायत करो।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

किशोरी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। स्थानीय पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया है।
सम्मनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से शादी का झांसा देकर हरदोई जनपद, थाना अतरौली के फत्तेहपुर गांव निवासी युवक अशोक कुमार यादव ने कई बार दुष्कर्म किया। लेकिन किशोरी ने जब युवक पर शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया। इस पर किशोरी की शिकायत पर सम्मनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी। अपराध एवं अपराधियों की तलाश में चलाये जा रहे अभियान के तहत सम्मनपुर पुलिस टीम ने बरियावन चौराहे से सोमवार की शाम आरोपित अशोक कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई करने के बाद युवक को न्यायालय भेजा जा रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कोटा पैसेंजर और हल्दीघाटी एक्सप्रेस का यात्रियों से साधारण किराया लिया जाए

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** किरावली रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को दोपहर 12 बजे रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य पवन इंदौलिया और संदीप गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सुझाव दिए गए। मुख्य रूप से गाड़ी संख्या 05913/05914 कोटा पैसेंजर और 19817/19818 हल्दीघाटी पैसेंजर का किराया मेल एक्सप्रेस का लिया जा रहा है। जबकि साधारण वर्ग का लिया जाना चाहिए। स्टेशन पर मेडिकल वेंडर, स्टोर बने जिससे प्राथमिक उपचार के लिए यात्रियों को समय पर दवा मिल सके। तथा यात्रियों के लिए आरओ और ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए। एवं स्टेशन पर से साफ सफाई की आवश्यकता है। तथा पानी के अभाव में शौचालय बंद हैं जिनके लिए पानी की व्यवस्था कर शौचालय यात्रियों के लिए खुलवाये जाएं। एवं स्टेशन पर लगी आधी लाइट खराब हैं उन्हें ठीक कराया जाए। समिति में सुझाव दिया गया कि स्टेशन में घुसने के पांच छह एंट्री पॉइंट हैं जिन्हें बन्द कर एक मुख्य गेट से एंट्री दी जाए। इस अवसर पर सलाहकार समिति के सदस्य पवन इंदौलिया, संदीप गुप्ता, डीसीआइ रजनीश चाहर, वरिष्ठ खण्ड अभियंता, विद्युत नेतराम मीणा, स्टेशन प्रबंधक राहुल शर्मा, शेर सिंह यादव, वाणिज्य सुपरवाइजर, मौसिम खान, कृष्ण मोहन राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। डीसीआइ रजनीश चाहर ने बैठक के प्रस्तावों को उच्च अधिकारियों के समक्ष रख समाधान का आश्वासन दिया।

### गोपऊ ग्राम पंचायत उप चुनाव में हुआ 76.39 प्रतिशत मतदान

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** विकास खंड अछनेरा के गांव ग्राम पंचायत गोपऊ में प्रधान पद के लिए मंगलवार को हुए उप चुनाव में कुल 76.39 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रातः आठ बजे से शुरू हुए मतदान में साढे ग्यारह बजे तक 37 प्रतिशत बोट पडे थे। प्रधान पद के लिए चरन सिंह, रोशनलाल, भागीरथ और रुपेन्द्र सिंह चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव के दौरान उपजिलाधिकारी सचिन राजपूत एवं एसीपी शिरोमणि उपाध्याय ने मतदान का जायजा लिया। तथा अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिये। चुनाव अधिकारी खण्ड शिक्षाधिकारी सौरभ आनंद ने बताया कि कुल 3950 मतदाताओं में से 2994 ने मतदान किया एवं शांतिपूर्ण तरीके से कुल 76.39 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ।
**मतदान केन्द्र पर लगाए गए 70 पुलिसकर्मी**–गोपऊ प्रधान पद के उप चुनाव में गोपऊ पूर्व माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय दोनो केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए 70 पुलिसकर्मी लगाए गए। थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह ने बताया कि एक इंस्पेक्टर, आठ सब इंस्पेक्टर, सात महिला सिपाही और 54 सिपाही की ड्यूटी लगाई गई थी।
**90 वर्षीय वृद्ध महिला ने किया मतदान** –गोपऊ प्रधान पद के उपचुनाव में नगला खुशियाली की 90 बर्षीय महिला किरन देवी पत्नी रामसरन को उसका पौत्र गोदी में मतदान केंद्र तक लाया। उसके बाद वृध्द महिला ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### दूसरे दिन उत्तराखंड ने जीती सेंट पीटर्स की लॉन टेनिस प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** सी आई एस सी ई लॉन टेनिस प्रतियोगिता सेंट पीटर्स कॉलेज के मैदान पर चल रही है जिसके दूसरा दिन 6 अगस्त 2024 का अंडर 14 का पहला मैच उत्तराखंड वर्सेस लखनऊ बी गर्ल्स के बीच खेला गया जिसमें उत्तराखंड ने जीत दर्ज की। दूसरा मैच बॉयज प्रयागराज वर्सेस लखनऊ ए के बीच खेला गया जिसमें प्रयागराज ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच प्रयागराज वर्सेस लखनऊ बी के गर्ल्स के बीच खेला गया जिसमें लखनऊ भी ने जीत दर्ज की। चौथा मैच उत्तराखंड वर्सेस मेरठ बॉयज के बीच खेला गया जिसमें उत्तराखंड ने जीत दर्ज की। वही अंदर 17 का पहला मैच उत्तराखंड वर्सेस लखनऊ आ बॉयज के बीच खेला गया जिसमें लखनऊ आ ने जीत दर्ज की। दूसरा मैच प्रयागराज वर्सेस लखनऊ आ गर्ल्स के बीच खेला गया जिसमें प्रयागराज ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच प्रयागराज वर्सेस लखनऊ बी बॉयज के बीच खेला गया जिसमें प्रयागराज ने जीत दर्ज की। चौथा मैच लखनऊ ए वर्सेस उत्तराखंड बॉयज के बीच खेला गया जिसमें लखनऊ ए ने जीत दर्ज की। वही अंदर-19 का पहला मैच उत्तराखंड वर्सेस लखनऊ आ बॉयज के बीच खेला गया जिसमें लखनऊ आ ने जीत दर्ज की। दूसरा मैच लखनऊ बी वर्सेस उत्तराखंड गर्ल्स के बीच खेला गया जिसमें उत्तराखंड ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच आगरा वर्सेस उत्तराखंड बॉयज के बीच खेला गया जिसमें उत्तराखंड ने जीत दर्ज की। चौथा मैच प्रयागराज वर्सेस लखनऊ आ गर्ल्स के बीच खेला गया जिसमें प्रयागराज ने जीत दर्ज की। पांचवा मैच उत्तराखंड वर्सेस प्रयागराज बॉयज के बीच खेला गया जिसमें उत्तराखंड ने जीत दर्ज की। छटवा मैच प्रयागराज वर्सेस लखनऊ गर्ल्स के बीच खेला गया जिसमें प्रयागराज ने जीत दर्ज की। सातवां मैच लखनऊ ए वर्सेस लखनऊ बी बॉयज के बीच खेला गया जिसमें लखनऊ एनर्जी दर्ज की। इंडिविजुअल मैच की शुरूआत आज शाम 6:00 बजे से होगी जिसके सारे मैच नॉकआउट खेले जायेंगे। इस प्रतियोगिता में कौशलेंद्र सिंह चौहान ,प्रमोद भंडारी, शरद उपाध्याय, उपदेश भदोरिया, निनाद मार्श मिल्टन मौजूद रहे।

### 12 को आएगी गंगोत्री के जल वाली डाक कावड़

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भोलेनाथ के श्रद्धालुओ ने इस बार फिर से गंगोत्री से डाक कावड़ लाकर आगरा के सभी 10 मंदिरों में जलाभिषेक करने का निर्णय लिया है। आगामी 12 अगस्त को होने वाले जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं ने पोस्टर विमोचन भी किया है। डाक कावड़ यात्रा का आयोजन श्री साईं सेवा मित्र मंडल समिति के सचिव संजय सत्यदेव ने बताया कि समिति की 50 रनर की टीम आगरा से हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेगी। यह टीम दिनांक 10 अगस्त को माँ गंगा से 16 कावड़ लेकर दौड़ते हुए उत्तरकाशी के गंगोत्री की टीम के साथ सम्मिलित होकर आगरा के लिए प्रस्थान करेगी। समिति की दोनों टीमे माँ भागीरथी के पवित्र जल की 16 कावड़ों को लेकर आगरा के 16 विभिन्न शिव मन्दिरों में चढ़ाई जाएंगी। 12 अगस्त को सुबह आगरा पहुंचेगी। जहां सर्वप्रथम बल्केश्वर महादेव माँ गंगा एवं माँ भागीरथी के जल से शिव जी का अभिषेक कराया जायेगा। उसके बाद कैलाश मन्दिर, पृथ्वीनाथ मन्दिर, रावली मन्दिर, मनकामेश्वर मन्दिर, राजेश्वर मन्दिर पर शिव जी का जलाभिषेक कराया जायेगा। उसके उपरान्त समिति से जुड़े 10 मन्दिरों पर जलाभिषेक होगा। पूरी यात्रा की की रूट सूची एवं आगरा के मन्दिरों के जलाभिषेक की समय सारणी जारी की है। केंद्रीय मंत्री व सांसद प्रो. एस पी सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, पूर्व मंत्री व विधायक डा. जीएस धर्मेश, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी सौंपा है।

**आर्य समाज लखनऊ, गणेशगंज, लखनऊ**

हमारे कार्यालय द्वारा एक नोटिस दिनांक 30.07.2024 द्वारा मंत्री अभिषेक तिवारी जरिये प्रकाशन समाचार पत्र के माध्यम से साधारण सभा की बैठक की सूचना जारी की गई थी। जिसमें टंकण त्रुटिवश बैठक का स्थान गलत अंकित हो गया। उक्त तिथि 08.09.2024 पर ही बैठक आहूत है परन्तु बैठक का स्थल 68/101 वासुदेव भवन, गांधी नगर, लखनऊ व समय प्रातः 11:00 बजे है।

मंत्री
अभिषेक तिवारी
आर्य समाज लखनऊ
गणेशगंज, लखनऊ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | 1139–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 06.08.2024 |
| कार्य का नाम | कुंभ मेला 2025 के दौरान प्रयाग क्षेत्र के स्टेशनों पर रेकों के लिए प्री–कूलिंग और चार्जिंग पॉइंट की सुविधा के सृजन के संबंध में विद्युत कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु.1,69,60,054.20/– (एक करोड़ उनहत्तर लाख साठ हजार चौवन रुपये एवं बीस पैसा मात्र) |
| ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| बयाना राशि | रु. 2,34,800/– (दो लाख चौंतीस हजार आठ सौ रूपये मात्र) |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 30.08.2024 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |

सूचना सं0 1139–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक : 06.08.2024
2413/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी संजय कुमार ने नगर क्षेत्र नगर पंचायत के वार्डों का किया निरीक्षण

* गन्दगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत






मंगलवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज साफ सफाई व्यवस्था को लेकर नगर क्षेत्र के खकरा, बेनी चैधरी, गैस चैराहा होते हुए मेन बाजार, छतरी चैराहा के आसपास, थानसिंह, गुलशन पुलिया वार्ड नम्बर-2 एवं नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के छत्रपति शिवाजी कॉलोनी सहित नगर क्षेत्र अन्य मोहल्ला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गन्दगी पाई तथा नाला नालियां चोक पाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी व सफाई नायकों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल अपने अपने वार्ड में साफ सफाई कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के छत्रपति शिवाजी कालोनी वार्ड नम्बर 01 का मौके पर पहुँचकर जायजा। इस दौरान वहाँ पर गन्दगी पाई गई तथा नालियों में अत्याधिक कीचड़ व चोक पाई। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल साफ सफाई कराने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित सफाई नायक के निलम्बन की कार्यवाही करने हेतु अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया, अधिशासी अधिकारी सहित नगर नगर पालिका के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने ऐमी एवं अमरगंज गौशाला का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने मंगलवार को जनपद के विकास खण्ड ललौरीखेडा क्षेत्र अन्तर्गत अस्थायी ऐमी एवं अमरगंज गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि ऐमी गौशाला में 128 एवं अमरगंज गौशाला में 182 निराश्रित गौवंशों को आश्रित किया गया है। जिलाधिकारी ने गौवंशों की नियमित देखरेख हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गौवंशों के ईयर टैगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अमरगंज गौशाला में दो गोवंश बीमार पाए गए जिनका इलाज चल रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में एक एक टिन शेड का निर्माण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ललौरीखेड़ा, पशु चिकित्सक, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# उप निरीक्षक 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

* तेजी बाजार थाने पर तैनात दरोगा हैदर अली को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा
* 27 माह पूर्व सुरेरी थाने पर भी तैनाती के दौरान रिश्वत लेते हुआ था गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



बदलापुर तेजी बाजार थाने के एसआई हैदर अली को मंगलवार को कंधी चौराहे से एंटी करप्शन टीम ने दस हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर बदलापुर कोतवाली ले आयी जहां विधिक कार्रवाई की जा रही है। तेजी बाजार थाना क्षेत्र के बरियारेपुर भटौली निवासी आशुतोष यादव जेसीबी व ट्रैक्टर चलाने का व्यवसाय करता है। एक माह पूर्व एसआई हैदर अली ने जेसीबी पकड़कर सीज कर दिया था। बाद में खनन विभाग को सौंप दिया। एक सप्ताह पूर्व जेसीबी छूटकर आयी तो पुनः उपनिरीक्षक ने जेसीबी चलाने के लिए 18 हजार रुपया हफ्ता दिये जाने की मांग किया। कहते-सुनते दस हजार पर सौदा तय हुआ। इसके बाद जेसीबी मालिक ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन वाराणसी से संपर्क किया। टीम से वार्ता के बाद रुपये देने की योजना बनायी। कंधी चौराहा स्थित युनियन बैंक की वक्रांगी शाखा के सामने एसआई सरकारी गाड़ी से जेसीबी मालिक के आने का इंतजार कर रहे थे। उधर पहले से ही एंटी करप्शन की टीम अपना जाल फैला चुकी थी। एसआई ने गाड़ी से उतरकर जेसीबी मालिक से पैसा गाड़ी में रखने को कहा। जैसे ही वह मुड़कर पैसा उठाया वैसे ही टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दबोच लिया। महराजगंज जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र के परसिया बुजुर्ग, गांव निवासी आरोपित दारोगा को टीम हिरासत में लेकर बदलापुर कोतवाली ले आई। तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। मालूम हो कि मई 2022 में सुरेरी थाने पर भी तैनाती के दौरान हैदर अली घूस लेते रंगेहाथ एंटी करप्शन के हत्थे चढ़ा था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक प्रमोद कुमार, नीरज कुमार सिंह, राकेश बहादुर सिंह के अलावा हेड कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार राय, विनोद कुमार, आरक्षी आशीष शुक्ल, अजय यादव, अजीत सिंह, सूरज गुप्त मनोज पांडेय, अश्वनी पांडेय और सुमित भारती शामिल रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नहर में पानी ना आने से किसान परेशान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सिंगरामऊ क्षेत्र की माइनरों में पानी न आने से किसान सिंचाई के लिए दर-दर भटक रहे हैं। पानी के अभाव में किसानों का बुरा हाल है। ऐसे में खेतों को पानी मिले तो कैसे। धान की पौध पानी के अभाव में मुरझा रही है। धान की फसल सूखे की भेंट चुकी है। बारिश का न होना किसानों के लिए मुश्किल भरा तो है ही, नहरों में पानी का न आना तो उन्हें बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। क्षेत्र के केवटली, नाभीपुर, करमपुर, भूला, बछुआर,हरिहरपुर,रघुनाथपुर,मल्लूपुर, गोनौली, सहित कई गांवों ऐसे हैं जहां किसान अब भी नहर में पानी आने की आस लगाए बैठे हैं। जिससे कि किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती है किसानों के मुताबिक पानी न आने से फसल सूख रही हैं। समस्या नहर में सिल्ट की सफाई न होने से आ रही है। पूरी नहर में सिल्ट के अलावा झाड़-झंखाड़ उग आई है।यही वजह है कि इधर एक बूंद पानी नहीं आ रहा है।ऊपर से हो रही भारी बिजली कटौती ने इनकी समस्या और बढ़ा दी है। सूखे की मार झेल रहे किसानों की फसलें सिंचाई के आभाव में दम तोड़ रही हैं और जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। इस विकट समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

### देशी तमंचे व कारतूस संग दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरपतहा थाना क्षेत्र के भगासा गांव निवासी दो युवकों को पुलिस ने मंगलवार को देशी तमंचे व कारतूस संग गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। विवेक गौतम व गौरव गौतम दो अदद देशी तमंचे व दो जिंदा कारतूस के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाई और अवैध असलहा रखने का मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरविंद सिंह, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र दुबे सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### कांवड़ियों तथा युवकों के बीच मारपीट, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। रविवार देर रात भवानीपुर गांव के पास स्थित नहर पुल पर कांवरियों व भुसौड़ी निवासी कुछ युवकों के बीच हुई मारपीट में पुलिस घायल कांवरियों के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश कर रही है। जब कि पीड़ित कांवरियों का आरोप है कि पुलिस ने स्वयं उनकी तरफ से प्रार्थना पत्र लिखकर मनमाने ढंग से मुकदमा दर्ज किया है। सुइथाकलां (महुआतर) निवासी एक दर्जन से अधिक युवक व महिलाएं रविवार रात पैदल ही भुवनेश्वर धाम बेलवाई जल चढ़ाने जा रहे थे। आरोप है कि भवानीपुर गांव में नहर के पुल पर भुसौड़ी निवासी सत्यम सिंह व बाबा आदि अपने कुछ अन्य साथियों के साथ बैठे थे। किसी बात को लेकर कांवरियों से उनका विवाद हो गया जो मारपीट में बदल गया। उक्त घटना में राजन बिंद तथा विकास बिंद घायल हो गए। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने उनका प्राथमिक उपचार कराते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इधर कांवरियों का आरोप है कि उनके साथ छिनैती हुई तथा आरोपितों द्वारा फायरिंग भी की गई किंतु पुलिस मामले में लीपापोती कर रही है। जब कि इस संबंध में थानाध्यक्ष सरपतहां अरविंद सिंह का कहना है कि घटना के समय पुलिस द्वारा वीडियो रिकार्डिंग कराई गई। जिसमें कोई भी पीड़ित छिनैती व फायरिंग की बात नहीं कह रहा है। बाद में इस तरह का माहौल क्यों बनाया जा रहा है इसे वही लोग जानें।

### चोरी हुई बाइक दूसरे दिन बरामद

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुइथाकला। थाना क्षेत्र के लालापुर गांव निवासी ज्ञानदत्त मिश्र की सोमवार को चोरी हुई बाइक बड़े ही नाटकीय रूप से चौबाहा गांव के पास से बरामद हो गई। बताया जा रहा है कि उक्त गांव निवासी ज्ञानदत्त अपनी बाइक रूधौली नहर पुल मिश्रा ढाबे के पास सोमवार को बाइक खड़ी कर खेत देखने चले गए। वापसी में बाइक ग़ायब देख सन्न रह गए। हालांकि खेत जाते समय बाइक के आसपास एक संदिग्ध युवक को उन्होंने देखा था , जिसे वे पहचानते थे। फिलहाल आशंका बस उसकी खोजबीन भुक्तभोगी द्वारा किया जाने लगा। उसी दौरान पटखौली गांव में किसी रिश्तेदार के यहां संदिग्ध युवक के होने का पता चलने पर भुक्तभोगी पहुंचकर पकड़ लिए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच कर उसे थाने ले गई, जहां कड़ाई से पूछताछ के दौरान चौबाहा गांव के पास से बाइक बरामद कर ली गई।बाइक मिलने पर जहां भुक्तभोगी के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर ले उड़ा युवक, पीड़ित ने दी नामजद तहरीर

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की पीड़ित की नाबालिग पुत्री को रविवार की शाम को गांव का ही युवक अरुन पुत्र वीर बहादुर उर्फ नन्हे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।वही तहरीर यह भी बताया की मैने अपनी नाबालिग पुत्री बहुत इधर-उधर व रिस्तेदारी मे तलाश किया है और वह नही मिली है।फिलहाल बरखेड़ा ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया और वही पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### ईंट भट्टे ठेकेदार पर ईंट पथाई के रुपए नही देने पर दी नामजद तहरीर

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा। दियोरिया थाना क्षेत्र के कुसुमा बड़ेपुरा निवासी सुरेश कुमार पुत्र नंदराम ने थाना बरखेड़ा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की थाना क्षेत्र गांव प्रतापडाडी निवासी विश्नु ठेकेदार पुत्र अज्ञात पर ईट भट्टे पर ईट पथाई के 82000 हजार रुपए लेने है तथा पैसे मांगने पर टाल-मटोल करते हुए जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर गन्दी गन्दी गालिया देकर धमकी दी है।

### रेल पटरी की तरफ शौच के लिए गई कांवड़िया की मौत

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। थाना क्षेत्र के रेहड़ा पुलिया के ऊपर नई रेल लाइन के पास सोमवार की सुबह शौच के लिए गई महिला कांवड़िया की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। समय रहते शौच के लिए गए अन्य कांवड़िये वहां से हट गए। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। कुशीनगर जिले के पटेहरवा थाना क्षेत्र के सिंधुरिया गांव निवासी 60 कांवड़िये 31 जुलाई को बस में सवार होकर घर से रवाना हुए थे। सभी लोग पहले बैजनाथ धाम और उसके बाद बासुकी नाथ धाम गए। वहां से श्री काशी विश्वनाथ दर्शन करने पहुचे। दर्शन के बाद सभी कांवड़िये रविवार को मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए आए थे।

# बांसबोझी में उप चुनाव को लेकर पुलिस के सामने मारपीट, हंगामा

* सिर में ईंट लगने से एक पक्ष का ग्रामीण घायल,
* थानाध्यक्ष को दूसरे दिन भी नहीं लगी घटना की जानकारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



पूरनपुर। क्षेत्र पंचायत सदस्य के उपचुनाव में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए दो प्रत्याशियों के समर्थक आमने-सामने आ गए। देर रात पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के समर्थकों में जमकर हंगामा हुआ।सिर में ईंट लगने से एक पक्ष का युवक घायल हो गया। थानाध्यक्ष को घटना की जानकारी तक नहीं लग सकी।थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंहुआ गुन्दे के वार्ड नंबर 190 में क्षेत्र पंचायत उपचुनाव को लेकर दो प्रत्याशियों के बीच चुनाव होना था।दो दिन पूर्व ही चुनाव प्रचार पूरी तरह से बंद करा दिया गया था। पुलिस की लापरवाही से सोमवार रात्रि दोनों प्रत्याशियों के समर्थक मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे।इसी दौरान गांव बांसबोझी में दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने आ गए। कहासुनी के बाद गाली-गलौच शुरू हो गया।कुछ ही देर में पुलिस की मौजूदगी हंगामा होने लगा।सिर में ईंट लगने से एक पक्ष के नीशू मिश्रा घायल हो गए।काफी देर तक हंगामा होता रहा।पूरे घटनाक्रम में पुलिस मूकदर्शक बनी रही। थानाध्यक्ष रुपा विष्ट ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं लगी।एक यूजर ने घटना की वीडियो एक्स अकाउंट पर ट्वीट की।जिसके बाद मामले की जानकारी हुई है।थाना पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मेडिकल कराकर कार्रवाई की जाएगी।दरोगा मनुफुल ने बताया कि उपचुनाव में दो पक्षों के समर्थकों में मारपीट हुई है।घायल युवक का मेडिकल कराया जाएगा। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# संविदा कर्मचारियों ने विधायक को ज्ञापन देकर मांगें पूरी कराए जाने की मांग की

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




बीसलपुर। संघ के प्रादेशिक आह्वाहन पर अपनी मांगो के सम्बन्ध में निरंतर चल रहे ज्ञापन कार्यक्रम के क्रम में आज जिला महामंत्री प्रशांत सक्सेना एवं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव गंगवार ने बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा को अपनी 15 सूत्रीय मांगो से सम्बन्धित ज्ञापन दिया और अपनी समस्त मांगो के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक अवगत करवाया और विधान सभा में हम एनएचएम संविदा कर्मियों की मांगो के सम्बन्ध में मुद्दा उठाकर हमारी मांगों को पूर्ण करवाकर हमे न्याय दिलवाने के लिए निवेदन भी किया। जिस पर उन्होंने हमारी समस्त मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए जल्द ही हमारी मांग मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के समक्ष रखकर उनको पूर्ण करवाने का अश्वासन भी दिया। आगामी विधानसभा सत्र में हमारी मांगों के लिए बिंदुवार मुद्दा उठाने के लिए भी पूर्ण विश्वास दिलवाया। जिस पर यूपीएचएचएम जिला कमेटी पीलीभीत ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर जिला कमेटी पीलीभीत के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री ने कंजनाथ शिव मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया

* पूजा अर्चना कर सर्व कल्याण की प्रार्थना की

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने विगत दिवस सोमवार को सावन के तीसरे सोमवार के पावन पर्व पर कंजनाथ पट्टी में भगवान भोले शंकर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया और भगवान भोले की पूजा अर्चना कर सर्व कल्याण की प्रार्थना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सावन का तीसरा सोमवार भगवान भोले का प्रिया दिन है और इस दिन भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना खास बात हैं। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक छत्रपाल ग्राम प्रधान गोनर चूड़ामणि ग्राम प्रधान रूपलाल ग्राम प्रधान रामपाल ग्राम प्रधान कृष्ण गोपाल लाखन सिंह गुर्जर लालता प्रसाद मौर्य सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं ग्राम प्रधानगढ़ मौजूद रहें। कार्यक्रम के अंत में ललौरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख लालाओरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने क्षेत्र के लोगों के इस कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की और भगवान भोले से सबके कल्याण की प्रार्थना। इस कार्यक्रम के बाद राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कावड़ यात्रा लेकर जा रहे कावड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर कर उनका स्वागत अभिनंदन किया।

## 3.041 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

गंगा के जलस्तर में वृद्धि का क्रम सोमवार को फिर शुरू हो गया है। सोमवार को सुबह आठ बजे गंगा के जलस्तर में 3.041 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही थी। इसके साथ ही जिले में गंगा का जलस्तर 70.800 मीटर पहुंच गया है। पानी बढ़ने से गंगा के किनारे बसे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। जिले में चेतावनी बिंदु 76.724 मीटर तथा खतरे का निशान 77.724 मीटर पर है। गंगा चेतावनी बिंदु से लगभग छह मीटर और खतरे के निशान से लगभग सात मीटर नीचे बह रही हैं। गंगा के जलस्तर में सबसे ज्यादा वृद्धि वर्ष 1978 में 80.34 मीटर दर्ज किया गया था। वर्ष 2023 में अधिकतम जलस्तर 73.66 मीटर रिकॉर्ड किया गया था।

# पुलिस अफसर बनकर युवक से की गई हजारों रूपये की ठगी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पूरनपुर। पिता की मौत के बाद दर्ज मुकदमें में पुलिस अफसर बनकर युवक से हजारों रुपए की ठगी कर ली। कई बार ऑनलाइन ट्रांजक्शन के बाद युवक को ठगी का एहसास हुआ तो उसके होश उड़ गए। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। कलीनगर निवासी अखिल गुप्ता ने बताया 18 जुलाई रात सड़क हादसे में विजयपाल गुप्ता की मौत हो गई थी। मामले में अगले दिन मुकदमा दर्ज कराया था। कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने को पुलिस अफसर बताया। उसने पीलीभीत सीओ ऑफिस से बताकर थाना माधोटांडा में बैठा होना बताया। इसके बाद दुर्घटना में दर्ज मुकदमे में मृत्यु प्रमाण पत्र सहितअन्य दस्तावेजों में ऑनलाइन फीस जमा होने की बात कही। विश्वास में आकर युवक ने पहली बार में 1860 फिर 2 हजार, 3 हजार 260, 3 हजार 862 सहित 17 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांजक्शन कर दिए। इसके बावजूद अतिरिक्त रुपए की मांग की तो उसे ठगी का एहसास हुआ। फोन पर वार्ता करने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। अखिल गुप्ता ने बताया आरोपी ने खुद को पुलिस अफसर बताकर कई बार में 17 हजार की ठगी की है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। माधोटांडा थाना प्रभारी अचल कुमार ने बताया युवक ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत की थी। मामला साइबर सेल गया है। इसमें जांच चल रही प्रभारी को अवगत करा दिया है।

# सुमित जैसवार के नेतृत्व में मनाया गया एमएलसी अनूप गुप्ता का जन्मदिन





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

* 11 फलदार वृक्षों का रोपण एवं वृद्ध स्थल में फल वितरण कर मनाया जन्मोत्सव

आज भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता का जन्मदिन पीलीभीत में सुमित जैसवार के नेतृत्व में सनातन धर्म इंटर कॉलेज 11 फलदार वृक्षों का रोपण कर एवम वृद्धाश्रम में फल आदि का वितरण कर मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में राम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार गंगवार उपस्थित रहें। जिसमे प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता के उत्तम स्वास्थ्य एवम दीर्घआयु की कामना की गई सुमित जैसवार ने कहा के अनूप गुप्ता जी पूर्णतया समर्पित और कार्यकर्ताओ की चिंता करने वाले पदाधिकारी के रूप में जाने जाते है उनको संगठन कार्य का बहुत लंबा अनुभव है जो सभी कार्यकर्ताओं को कार्य करने की प्रेरणा देता है वह आज भी अविवाहित रहकर पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में संगठन की सेवा कर रहे हैं। जन्मदिन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमित गुप्ता, दीप अग्रवाल, हिमांशु जैसवार, आशीष कुमार, धर्मेंद्र गंगवार, सुशांत जैसवार,आदेश चौहान,राजू मौर्य, आशीष गंगवार, विष्णु आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सेवा ही सत्कर्म मेरे जीवन का आधार इनरव्हील क्लब पीलीभीत ग्रेटर की अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

इनर व्हील क्लब पीलीभीत ग्रेटर द्वारा जिला अस्पताल, पीलीभीत में शारीरिक रूप से असक्षम मरीजों के लिए धूप से बचाव के उद्देश्य से टीन शेड और स्टील कुर्सी सेट की व्यवस्था की गई। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्घाटन पीलीभीत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) आलोक कुमार एवं सीएमएस डॉ रमाकांत सागर के कर कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में क्लब की अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, सीजीआर रीमा अग्रवाल, सचिव श्वेता अग्रवाल, ट्रेजरार रूमा अग्रवाल, आइएसओ नीलिमा अग्रवाल, नेहा गुप्ता, पूजा, सुरभि, सोनाली ,मोनीशा बग्गा , अजंली सिंघल,अंजली अग्रवाल और अन्य सदस्यायें शामिल हुई। सभी ने इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई और मरीजों के लाभ के लिए इस कार्य की सराहना की। यह पहल शारीरिक रूप से असक्षम मरीजों को बेहतर सुविधा और सहूलियत प्रदान करने के लिए की गई है, जिससे उनके इलाज के दौरान उनकी स्थिति में सुधार हो सके।

### विधायक ने प्रमुख सचिव को लेटर भेजकर समस्या को विधानसभा में उठाये जाने की की मांग

बीसलपुर। रेलवे स्टेशन पर कोयला डिपो बनाये जाने को लेकर मोहल्लाबासियों ने धरना प्रदर्शन किया। जिसको देखते हुए भाजपा विधायक ने प्रमुख सचिव को मांगपत्र देकर सदन में बात रखे जाने की मांग की है। भाजपा विधायक विवेक वर्मा प्रमुख सचिव विधानसभा उत्त्र प्रदेश को मांगपत्र देकर कहा है कि जनपद पीलीभीत की विधानसभा क्षेत्र 130 बीसलपुर के अन्तर्गत उत्तर रेलवे लाइन की रेलवे स्टेशन आबादी के मध्य है। विधि एवं नियम विरुद्ध कोयला डिपो स्थापित कर मालगाड़ियों से कोयले का उतार किया जा रहा है। जिससे कोयले की राख से सम्पूर्ण नगर प्रभावित है। विशेष रुप से अध्ययनरत छात्र प्रभावित हैं। कोयले के प्रदूषण से 7 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। भोजन एवं खाद्य पदार्थ दूषित हो रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### खड़े ट्रक में पीछे से घुसी कार, दो की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सिधरपुर गांव के पास मंगलवार भोरपहर पांच बजे तेज रफ्तार कार ट्रक में पीछे से घुस गई। घटना में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है संतकबीर जिले के खलीलाबाद निवासी रामनिवास (42) सिद्धार्थनगर जिले के तितौली स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर थे। वह खलीलाबाद थानाक्षेत्र के सरौली गांव निवासी सुफियान (38) पुत्र महरूफ के साथ आगरा की ओर जा रहे थे। मंगलवार भोर पहर करीब पांच बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के सिरधरपुर गांव के पास कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। घटना में दोनों की मौत हो गई। कोतवाल राजकुमार ने बताया कि दोनों शवों की शिनाख्त हो गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

### बुखार के बाद हाथ-पैर के जोड़ों में हो रहा दर्द

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** बुखार ठीक होने के एक सप्ताह बाद भी मरीजों के हाथ-पैर के जोड़ों में दर्द हो रहा है। फिजीशियन से इलाज के बाद अब मरीज अस्थि रोग विशेषज्ञ के पास पहुंच रहे हैं। अस्थिरोग विशेषज्ञ की ओपीडी में रोजाना औसतन 80 मरीज आ रहे हैं। डॉक्टर दवा के साथ सेंकाई की सलाह दे रहे हैं। कभी बारिश तो कभी तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है। इससे लोग बुखार, दस्त और डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। बुखार की चपेट में आने वाले मरीजों को अब जोड़ों का दर्द परेशान कर रहा है। जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में इस समय पहुंचने वाले मरीजों में 40 फीसदी ऐसे हैं, जिन्हें सात दिन पहले बुखार आया था और वह ठीक हो गए, लेकिन हाथ-पैरों के जोड़ों में दर्द से परेशान हैं। वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि बुखार व उससे संबंधित बीमारियां आने के बाद रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। जिनका शरीर पहले से कमजोर होता है, उनके जोड़ों में दर्द होने लगता है। ट्रामा सेंटर में इस समय रोजाना औसतन 80 मरीज पहुंच रहे हैं।

### सेलेक्ट्रा मशीन से दो दिन बाद फिर जांच शुरू

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** जिला अस्पताल की ओपीडी में इस समय रोजाना औसतन 1200 मरीज पहुंच रहे हैं। इसमें 200 से अधिक पेट संबंधित बीमारियों से पीड़ित होते हैं। ऐसे मरीजों को डॉक्टर केएफटी (किडनी फंक्शन टेस्ट) और एलएफटी (लीवर फंक्शन टेस्ट) की जांच लिख रहे हैं। शनिवार सुबह अचानक मशीन में तकनीकी खराबी आ गई और जांच बंद हो गई थी। लेकिन मशीन की मरम्मत होने से सोमवार को पहुंचे मरीजों के सैंपल लिए गए। दो दिन मशीन का संचालन न होने भीड़ अधिक रही। उन्हें अपना खून का सैंपल देने के लिए काफी देर तक लाइन में खड़ा होना पड़ा। हालांकि लाइन खड़े सभी मरीजों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। सीएमएस डॉ. आए मिर्जा ने बताया कि मशीन की मरम्मत करवा दी गई है। अब मरीजों को मायूस होकर नहीं लौटना पड़ेगा।

### डॉक्टर को दिखाने के लिए घंटों लगाई कतार

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** दूषित भोजन, पानी और अन्य खाद्य पदार्थों के सेवन से लोग संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सोमवार को जिला अस्पताल में 1924 मरीज पहुंचे। इसमें 674 संक्रामक रोग से पीड़ित थे। सोमवार को सुबह से ही पर्चा काउंटर पर भीड़ रही। 10 बजे के बाद भीड़ अधिक होने पर मरीजों में कई बार धक्का-मुक्की भी हुई। हालांकि स्वास्थ्य कर्मियों ने मामला शांत कराया। इसके बाद ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। डायरिया और बुखार से हालत गंभीर होने के कारण 18 मरीजों को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया।

### कल्याणी मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग का रुद्राभिषेक

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** शहर के कल्याणी देवी मंदिर परिसर में स्थापित बारह ज्योतिर्लिंग का सोमवार को श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुद्राभिषेक किया। आचार्य जुगल किशोर तिवारी के आचार्यत्व में पूर्व जिला जज व उपभोक्ता फोरम कानपुर के जज अखिलेश तिवारी, निधि शरद वर्मा, नीलम नमन पांडेय, प्रीति अभय कुशवाहा, उर्मिला, संगीता राकेश बाजपेई, ललिता रामप्रसाद गुप्ता आदि ने बाबा सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, विश्वनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर त्र्यम्बकेश्वर, केदारनाथ व घृष्णेश्वर शिवलिंग का पूजन किया। कार्यवाहक अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने बताया कि अगला रुद्राभिषेक श्रावण माह के चौथे सोमवार 12 अगस्त 2024 को दोपहर 12:30 से होगा।

### एक्सप्रेसवे, रायबरेली हाईवे किनारे की जमीन का सर्किल रेट निर्धारित

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे और रायबरेली हाईवे किनारे की भूमि का पहली बार सर्किल रेट तय हुआ है। प्रशासन ने लखनऊ-कानपुर व गंगा एक्सप्रेसवे के नजदीक 300 मीटर के दायरे की जमीन की रजिस्ट्री की दर तय कर दी है। जिले में सात साल बाद जमीनों का सर्किल रेट बढ़ाया गया है। इस समय जनपद में गंगा के साथ लखनऊ-कानपुर एलीवेटेड एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन है। वहीं, उन्नाव-रायबरेली हाईवे का काम लगभग पूरा होने को है। यह सभी 2017 के बाद बने हैं। इसलिए पहली बार इनके किनारे की 300 मीटर दायरे की जमीन के रेट बढ़ाए गए हैं। सहायक निबंधक सदर राजेश कुमार सरोज ने बताया कि पहली बार निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे व बन चुके हाईवे के रेट तय किए गए हैं। इसके अलावा प्रस्तावित दोस्ती नगर बाईपास का भी सर्किल रेट तय किया गया है।

### राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना में आवेदन की तिथि घोषित

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संचालित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना में आवेदन की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। विभिन्न कक्षाओं के लिए आवेदन की तारीखें भी अलग-अलग निर्धारित की गई हैं। केंद्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति प्रदान करता है। इस शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के तहत किए जाने वाले आवेदन की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया कि प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। पोस्ट-मैट्रिक/टॉप क्लास छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 31 अक्तूबर तक किए जा सकते हैं। बताया कि पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं समय से अपना आवेदन कर विभागीय कार्यालय में जमा कर दें। इससे उन्हें राष्ट्रीय छात्रवृत्ति का लाभ दिलाया जा सके। इससे संबंधित अधिक जानकारी छात्रवृत्ति की वेबसाइट से भी ली जा सकती है।

### डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** गंजमुरादाबाद। तीन दर्शनार्थियों की बाइक में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला मरी कंपनी के पास एक डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो साथी घायल हो गए। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरहन निवासी श्यामू रैदास (20) पुत्र नन्हकू रैदास अपने साथी अमर सिंह (19) पुत्र सुरेश सिंह और कृष्णा (21) पुत्र शिवगोपाल के साथ एक बाइक से सुनासीरनाथ मंदिर गए थे। जहां से वह तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। तभी सोमवार शाम साढ़े चार बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला मरी कंपनी के नजदीक सड़क किनारे लगी आम की दुकान पर रुककर भाव पूछा। इसके बाद जैसे ही बाइक सड़क के बीचोबीच पहुंची वैसे ही विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, इसमें श्यामू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अमर सिंह और कृष्णा घायल हो गए।

### फायरिंग मामले में चार पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** पाटन। बिहार थानाक्षेत्र में कोटे के विवाद में शुक्रवार रात दो पक्षों में विवाद और फायरिंग मामले में चार पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशनीखेड़ा निवासी विजय बहादुर सिंह उर्फ बब्बन का छोटा भाई धीरज सेना में है। वह छुट्टी पर घर आया था। वह मुड़ियनखेड़ा गांव से शुक्रवार रात 10:30 बजे बाइक से लौट रहा था। किशनीखेड़ा के पास कोटे के विवाद को लेकर गांव के दो युवकों ने अपने साथियों के साथ उसे रोककर मारपीट की थी। भाई के साथ मारपीट की सूचना पर विजय बहादुर अपने बेटे राजवीर के साथ पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर फायर कर दिया था। गोली विजय बहादुर के दाहिने पैर में लगी थी, जिससे वह घायल हो गए थे। उनके गिरते ही बेटे राजवीर को भी आरोपियों ने पीट दिया था। लोगों को आता देख हमलावर मौके से भाग निकले थे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया था। शनिवार को दोनों पक्षों में सुलह होने के बाद भी पुलिस ने तीन लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई कर दी थी। सोमवार को विजय बहादुर सिंह ने तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हरिओम सिंह, अरुण प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह और आकाश उर्फ शिव सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। थानाध्यक्ष सुरेशचंद्र मिश्र ने बताया कि घटना की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# हिंदूपुर गांव में दामाद के बांका से ताबड़तोड़ हमले में बेटी के बाद सास ने भी दम तोड़ा

* सेवानिवृत शिक्षक ने बेटी और बेटे में फर्क कर पत्नी और सास को मौत के घाट उतारा
* संपत्ति के लालच में पत्नी और सास की निर्मम हत्या में पूरी तरह से हिल गया





- सेवानिवृत शिक्षक कौशल किशोर कटियार अपने सर्विस के दौरान बच्चों को शिक्षा देता रहा और साथ बैठे अपने अध्यापक गणों को भी एक दूसरे को ज्ञान देते और लेते हैं कि पढ़ी-लिखी बेटी और बेटे में कोई फर्क नहीं होता है आखिरी कार जब अपने पर आती है तो शिक्षक लालच में इतने अंधा हो जाते हैं फिर उनको बेटी और बेटी में फर्क दिखाई पड़ने लगता है इस मामले में दोनों पति-पत्नी रिटायर्ड शिक्षक हैं उनका लगाओ विवाहित बेटी की तरफ हो गया और उनको अपने बेटे की तरफ लगाव हो गया और इतना खाई बढ गई दोनों के बीच में रिश्तों की उन्होंने बेटी को जमीन लिखना शुरू कर दिया उन्होंने उधर से आक्रोश और अपने दिमाग में तहस-नहस करने की सोच ली इसलिए लोग कहते हैं कि मिली हुई जमीन बहुत कम लोगों को ही फलती है नहीं तो जितनी आती है उससे ज्यादा चली जाती है यह कहानी हर अध्यापक अरौल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है
- कानपुर में कुछ समय तक इलाज एसपीएम हॉस्पिटल कल्याणपुर इलाज चल रहा था जिंदगी और मौत से जूझते हुए 8 दिन बाद मंगलवार को दोपहर एसपीएम हॉस्पिटल कल्याणपुर में उन्होंने दम तोड़ दिया अरौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए स्टाफ को भेज दिया गया है शव देर रात तक पोस्टमार्टम होकर आने की उम्मीद है।

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत हिंदूपुर गांव में 29 जुलाई को सुबह लगभग 6:00 बजे खड़ा मऊ गांव निवासी कौशल किशोर कटियार 65 वर्षीय अपनी ससुराल हिन्दूपुर कार द्वारा अपने साथ बांका लेकर जा धमका उस समय गांव/मोहल्ले के लोग सोकर उठ ही रहे थे कि उसने घर के अंदर दाखिल होकर ताबड़तोड़ बांके से सास इमरती देवी लगभग 85 वर्षीया पर हमला करना शुरू कर दिया इस बीच पत्नी मनोरमा 62 वर्षीय ने आकर पति कौशल किशोर कटियार 65 वर्षीय खड़ामऊ निवासी का मुकाबला किया और मां को बचाने में उसकी मौत हो गई चीख पुकार सुनते ही जब तक मोहल्ले को लोग आते तब तक कौशल किशोर कार लेकर वहां से फरार हो गया सूचना पर पहुंची अरौल थाना पुलिस ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर गंभीर रूप से घायल अवस्था में मां बेटी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य बिल्हौर भिजवाया जहां पर डाक्टर ने गंभीर हालत में सास इमरती देवी को कानपुर रिफर कर दिया गया और इलाज होने से पहले ही पत्नी मनोरमा की मौत हो गई थ

## बिल्हौर तहसील बिल्डिंग परिसर में जगह-जगह खड़े वाहनों के नीचे पानी भरा, जमा कूड़े का ढेर

**जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह**



बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर की चाक चौबंद सफाई के लिए गठित सफाई कर्मचारियों की टीम लगातार सफाई कर रही है लेकिन बिल्हौर तहसील पुरानी बिल्डिंग परिसर में जगह-जगह वाहन बरसों से खड़े हैं उनके नीचे पानी भरा है और कूड़ा जमा है जहां पर मच्छर दिनभर भनभनाते रहते हैं रात में दशा क्या होती होगी जबकि वहीं पर 10 मीटर की दूरी पर थाना कार्यालय संचालित होता है वहां पर दिन में ही जब इतने मच्छर दिख रहे हैं तो रात में क्या स्थिति होती होगी सफाई कर्मचारी सिर्फ सड़कों की सफाई करके चले जाते हैं जो वर्षों से पुलिस(एक्सीडेंट वाहन)द्वारा खींचे गए वाहन परिसर में खड़े हैं उनके नीचे गंदगी का अंबार लगा हुआ है आखिर कार सफाई कर्मचारी उसके अंदर कैसे घुसकर सफाई करें वहीं पर अगर सफाई नहीं कर सकते हैं तो कम से कम दवा का छिड़काव भी हो जाए जो इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में दवा का छिड़काव हो रहा है लेकिन तहसील परिसर की बिल्डिंग में कहीं पर नहीं हुआ है इस संबंध में तहसील के कर्मचारी और पुलिस विभाग के कार्यालय कर्मियों ने बताया कि मच्छरों का बहुत आतंक है अभी तो बारिश शुरू हुई है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा ने बताया कि कल दिखाकर सफाई और दवा का छिड़काव प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। कोतवाली प्रभारी केशव तिवारी ने बताया कि वाहनों की वजह से गंदगी है और बरसात की वजह से पानी भर गया है। जिससे रात ड्यूटी में गार्डो को दिक्कत होती है।

### एक हजार लोगों पर भारी पड़ा था एक विरोध

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** सफीपुर। नीबीगाड़ा गांव को वर्ष 2005 में राजीव गांधी ग्राम विद्युतीकरण योजना में शामिल किया गया था। गांव में खंभे लगे, तार भी दौड़ाए गए, लेकिन एक व्यक्ति ने मकान के ऊपर से तार निकालने का ऐसा विरोध किया कि एक हजार लोगों की आवाज भी गांव में बिजली नहीं ला सकी। नवंबर 2023 में सफीपुर तहसील दिवस में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र पंचायत सदस्य राजरानी के पति रामदयाल,अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देने पहुंचे थे। वहां मौजूद संवाददाता को जानकारी हुई तो समस्या की जानकारी ली गई। रामदयाल ने गांव की समस्या की जानकारी दी थी और पूर्व में दिए गए प्रार्थनापत्र भी दिखाए। बताया कि दर्जनों प्रार्थनापत्र देने के बाद भी अधिकारी हों या जनप्रतिनिधि किसी ने गौर नहीं किया। इसके बाद अमर उजाला ने गांव पहुंचकर समस्या को जाना और लगातार खबरों का प्रकाशित करके जिम्मेदारों को कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। समस्या जिला प्रशासन से लेकर बिजली विभाग के अफसरों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाई। पत्राचार शुरू हुआ और सार्थक परिणाम सामने आया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने सर्वे कराया और स्टीमेट स्वीकृत कराकर गांव का विद्युतीकरण कराया और गांव तक बिजली पहुंची।

## नीबीगाड़ा गांव में पहुंची बिजली



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

### बोले ग्रामीण

- बिजली सप्लाई शुरू होते ही गांव निवासी कक्षा 11 के छात्र अंकित कुमार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कहा कि गांव में बिजली न होने के कारण लैपटॉप व मोबाइल चार्ज नहीं हो पाता था। अब पढ़ाई में आसानी होगी, जिससे भविष्य सुधरेगा।
- कक्षा नौ के छात्र श्रीराजपूत ने बताया कि मोमबत्ती जलाकर ज्यादा देर तक पढ़ना संभव नहीं था। हमेशा तैयारी अधूरी होने से स्कूल में डांट पड़ती थ। अब बिजली आने से देर रात तक पढ़ाई का मौका मिलेगा। परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतर सकेंगे।
- उमा देवी ने बताया कि गांव में अंधेरा होने से चोरी का हर समय डर बना रहता था। अब गांव में बिजली पहुंचने से बड़ी राहत मिली है। खंभों की लाइटें जलने से सड़कों का अंधेरा भी दूर हुआ है। गांव के तमाम लोगों के लिए यह बड़ा बदलाव है
- गांव की राजरानी ने बताया कि अंधेरे के कारण घर के काम में बड़ी समस्या होती थी।अब घर में रोशनी हो गई है। ऐसे में काम जल्दी निपटा कर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान दे सकेंगी। लंबे समय बाद बिजली आने से खुशी का ठिकाना नहीं है।

**सफीपुर।** सोमवार को नीबीगाड़ा गांव में बिजली पहुंची। गांव की बिजली लाइन में करंट दौड़ा तो ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सभी ने को धन्यवाद दिया और बिजली चालू कराने पहुंचे अधिकारियों का स्वागत किया। पहले ही दिन 35 लोगों ने कनेक्शन के लिए आवेदन किया। नीबीगाड़ा में वर्ष 2005 में 15 खंभे लगाकर लाइन डाली गई थी लेकिन विभागीय अफसरों की लापरवाही से बिजली लाइन को गांव से 100 मीटर दूर से निकले मुख्य तार से नहीं जोड़ा गया था। कुछ महीने बाद गांव में लगे तीन ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गए और तार, पोल भी टूट गए थे। नवंबर 2023 में गांव में बिजली पहुंचाने का बीड़ा उठाया और मुहिम शुरू की थी। ग्रामीणों को जागरूक किया और अफसरों के संज्ञान में मामला लाकर बिजली पहुंचाने की कवायद शुरू कराई थी।

छह दिसंबर 2023 को बिजली अधिकारियों ने गांव पहुंचकर सर्वे कराया। इसके बाद नए पोल, तार व ट्रांसफार्मर रखने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा था। पिछले माह शासन से बजट जारी हुआ तो कार्यदायी संस्था ने 15 नए खंभे लगाकर 500 मीटर की नई लाइन बिछाई। फिर गांव के मुख्य सिरे पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर रखवाया। इसके बाद गांव के लोगों को बिजली कनेक्शन दिया गया। सोमवार को अधिशासी अभियंता राजनाथ यादव व उपखंड अधिकारी एजाज अहमद गांव पहुंचे। अधिकारियों ने गांव में बिछाए गए तार को मुख्य लाइन से जुड़वाया तो ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामदयाल व अन्य ग्रामीणों ने अमर उजाला का आभार जताया। कहा कि जब आस टूट रही थी तब समाचारों के माध्यम से उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। इसका परिणाम है कि गांव में बिजली आपूर्ति चालू हुई। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता सहित अन्य अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान 35 लोगों ने कनेक्शन के लिए आवेदन भी किया।

## महिला को खंभे में बांधकर छेड़छाड़ का वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**पुरवा।** कोतवाली के एक गांव की 28 वर्षीय महिला को खंभे में बांधकर तीन देवरों, भतीजे व पड़ोसी गांव के युवक ने छेड़छाड़ की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। महिला ने आरोपियों पर दुष्कर्म का भी आरोप लगाया। एसपी से शिकायत के बाद पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है।

सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें महिला को खंभे से बांधने और उसे गलत तरीके से छूते हुए लोग दिख रहे हैं। अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित महिला का कहना है कि तीन माह पूर्व छह मई 2024 को पति लल्लन के कहने पर गांव के बाहर विद्युत पोल में ननद की मौजूदगी में तीन देवरों, भतीजे और पड़ोस के गांव के युवक ने छेड़छाड़ व दुष्कर्म किया था।

किसी ने डायल 112 पर सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पीआरवी सभी को थाने ले गई थी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज न करके वापस कर दिया था। महिला का आरोप है कि 30 जुलाई 2024 को डीएम कार्यालय के बाहर आत्मदाह करने की धमकी दी तो पुलिस ने उसे थाने बुलाया था। एक दरोगा ने वीडियो सोशल मीडिया से डिलीट करने के लिए कहा और ऐसा न करने पर रिपोर्ट दर्ज करने की धमकी दी। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामला पारिवारिक मारपीट का है।

एसपी के निर्देश पर नामजद सभी आरोपियों पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## भूमि की पैमाइश के लिए धरने पर बैठा किसान

* तहसीलदार ने जमीन को कब्जामुक्त कराने का आश्वासन दिया

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

पट्टे की पूरी भूमि पर कब्जा न मिलने का आरोप लगाते हुए एक किसान कलक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ गया। उसने तहसीलदार पर बातचीत के बहाने कार्यालय बुलाकर धक्कामुक्की का भी आरोप लगाया।

विकासखंड सिकंदरपुर कर्ण के गांव पिखना मजरा हड़हा निवासी किसान जागरण यादव सोमवार सुबह 10 बजे कलक्ट्रेट के बाहर आजाद अधिकार सेना दिव्यांग बिग्रेड के बैनर तले धरने पर बैठ गया। किसान का आरोप है कि उसे वर्ष 2018 में गांव में जमीन का पट्टा मिला था। वह लंबे समय से जमीन की पैमाइश की मांग कर रहा है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। आरोप लगाया गांव में 400 बीघा बंजर भूमि है, जिस पर लोगों का कब्जा है। लेखपाल ही रुपये लेकर बंजर भूमि पर कब्जा करा रहे हैं। किसान के मुताबिक, 22 जुलाई को आमरण अनशन शुरू किया था तो तहसीलदार ने जमीन को कब्जामुक्त कराने का आश्वासन दिया, लेकिन कार्रवाई नहीं की।

सोमवार को वह धरने पर बैठा तो तहसीलदार ने उसे बात करने के बहाने एक अधिकारी के कार्यालय बुलाया और धक्का-मुक्की की। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि प्रकरण पुराना है। पूर्व में किए गए धरना-प्रदर्शन के बाद एसडीएम को जांच के लिए गांव भेजा था। एसडीएम ने गांव में जमीन देने के लिए कहा था। इसके बाद भी वह मानने के लिए तैयार नहीं है। फिर भी समस्या के निस्तारण के लिए एक और प्रयास कर रहे हैं। टीम गांव भेजकर जांच कराई जाएगी।

### ऋण के नाम पर उगाही का आरोप, आत्मदाह की धमकी

शुक्लागंज पीपरखेड़ा की निवासी अनीता कश्यप, पीडी नगर के रामबरन व विमलेश शुक्ला भी कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर सभी ने प्रदर्शन किया। कहा कि पीडी नगर में एक हाउसिंग बैंक संचालित है। वहां के मैनेजर अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

हाउसिंग बैंक से उन लोगों ने लोन लिया है। अब मैनेजर मनमाफिक तरीके से ऊंची ब्याज दरें व अतिरिक्त चार्ज लगाकर वसूली कर रहे हैं। वह लोग ऋण का पैसा जमा भी कर चुके हैं लेकिन इसके बाद भी ब्याज बकाया बताया जा रहा है। कहा कि अवैध तरीके से लोन की किस्तें निकाल भी ली हैं। सभी ने न्याय न मिलने पर आत्मदाह की धमकी दी। पुलिस व एलआईयू पहुंची और उन्हें एडीएम से मिलाया। उन्होंने जांच कराने का आश्वासन दिया।

## अघोषित बिजली कटौती से गुस्साए लोगों ने दिया धरना

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**हसनगंज।** अघोषित बिजली कटौती से परेशान लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। सोमवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की।

एसडीएम ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। हसनगंज बिजली वितरण खंड पंचम क्षेत्र के हसनापुर फीडर से जुड़े गांवों में रोस्टिंग के नाम पर अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इसके अलावा, बिजली की नियमित तौर पर हर माह रीडिंग न होने, बिल बढ़ाकर भेजने की शिकायतों ने ग्रामीणों को परेशान कर दिया है। इससे आक्रोशित 50 से अधिक ग्रामीण अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंच गए और धरने पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। साथ ही विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एक्सईएन को दिया। इसमें बताया कि हसनापुर, मौलाबांकीपुर व नई सराय आदि फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में 18 घंटे की बजाए पांच से छह घंटे ही बिजली आपूर्ति हो रही है। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा चोरी के नाम पर छापा मारकर उगाही की जा रही है। मीटर रीडर हर माह रीडिंग नहीं कर रहे हैं। बिना रीडिंग के ही चार गुना ज्यादा फर्जी बिल बनाकर भेजा जा रहा है।

जिसके बाद सही कराने के नाम पर उगाही की जाती है। तार टूटने व अन्य समस्या होने पर ग्रामीणों को चंदा लगाकर विभाग के कर्मचारियों को देना पड़ता है, तब मरम्मत होती है। एसडीएम राम देव निषाद धरना स्थल पहुंचे और लोगों से उनकी समस्या की जानकारी कर, जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया और धरना समाप्त कराया।

## प्रधान व बीडीसी की रिक्त चार सीटों पर मतदान आज

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

### 45 ग्राम पंचायत सदस्य हो चुके निर्विरोध निर्वाचित

ग्राम पंचायत सदस्य की कुल 76 सीटें रिक्त हैं। इनमें 48 सीटों पर एकल नामांकन हुए थे। जांच में तीन पर्चे खारिज हो गए थे। बची 45 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया है। शेष सीटें रिक्त रह गई हैं।

### दबौली में प्रधान सीट पर तीन प्रत्याशी मैदान में

ग्राम पंचायत दबौली में ग्राम प्रधान के रिक्त पद के लिए मैदान में विजय शंकर, नीरज कुमार व सुनील कुमार हैं। गांव में 3098 मतदाता हैं। वहीं औरास की बछौली में दिवंगत शंकर लाल की पत्नी राम दुलारी, धर्मेंद्र व मनोज कुमार के बीच कांटे की टक्कर है। यहां कुल 3146 मतदाता हैं। सिकंदरपुर ग्राम पंचायत में छह प्रत्याशी व 3920 वोटर हैं।

प्रधान व बीडीसी की रिक्त चार सीटों पर मतदान आज होगा। इसके लिए सोमवार को पोलिंग पार्टियों को विकासखंड कार्यालयों से बूथों के लिए रवाना किया गया।

जिले में प्रधान की पांच, बीडीसी की नौ व ग्राम पंचायत सदस्य की 76 सीटें खाली थीं। इन सीटों पर उपचुनाव के लिए 22 जुलाई को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई थी। हिलौली की ग्राम पंचायत बिसारा और हसनगंज की चंदौली बुजुर्ग में प्रधान पद पर एकल नामांकन से निर्विरोध चुने जाने की घोषणा कर दी गई थी। अब शेष बची प्रधान पद की तीन सीटों फतेहपुर चौरासी की दबौली, सिकंदरपुर सरोसी की सिकंदरपुर व औरास की बछौली में चुनाव होना है। इसके अलावा, बीडीसी की रिक्त नौ सीटों में एक पर एसटी आरक्षण होने से कोई भी नामांकन नहीं हुआ था। इससे यह सीट खाली रह गई है। शेष आठ में सात पर एकल नामांकन से निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। अब मात्र एक सीट पर मंगलवार को मतदान होना है। सोमवार को संबंधित विकासखंड कार्यालयों से चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों को निर्धारित बूथों के लिए रवाना किया गया। मतदान मतपत्रों से होना है। इसके लिए पार्टियां मतपेटी के साथ अन्य निर्वाचन सामग्री लेकर गईं। सहायक निर्वाचन अधिकारी वीके श्रीवास्तव ने बताया कि मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा जो शाम पांच बजे तक चलेगा। वोटिंग की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## बम-बम भोले के उद्घोष से गूंजे शिवालय

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

सावन के तीसरे सोमवार को भी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। भीड़ को देखते हुए सुबह शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख मंदिरों के पट सुबह पांच बजे से ही खोल दिए गए। गंगा नदी से जल लेकर पैदल गोकुल बाबा मंदिर पहुंचने वाले कांवड़ यात्री भी खूब पहुंचे। लोगों ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। शिवलिंग पर बेल पत्र, फूल, भांग, धतूरा आदि चढ़ाकर पूजन-अर्चन किया। हर तरफ, हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे। मगरवारा स्थित गोकुल बाबा मंदिर में भी सुबह से ही भीड़ रही। शहर के बड़े चौराहे स्थित झंडेश्वर, तालिब सरांय का झारखंडेश्वर, सिद्धनाथ, शिव नगर का शिव मंदिर, पूरन नगर का गोपेश्वर महादेव, राजाशंकर सहाय स्थित शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों के पट भोर पहर ही भक्तों के लिए खोल दिए गए थे। सुबह नौ बजे के करीब भीड़ काफी बढ़ गई तो भक्तों की कतारें लग गईं। भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ दूध, बेलपत्र, फूल, भांग व अन्य सामग्री चढ़ाई और उनका पूजन किया। इसके बाद भक्तों ने भगवान सदाशिव की आरती उतारी। घरों में भी श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का पूजन किया। शिव चालीसा का पाठ किया। उधर, ग्रामीण अंचलों के भी शिव मंदिरों में भीड़ रही। तहसील बीघापुर के कस्बा पाटन स्थित सहस्त्रलिंगेश्वर, पनहन के अचलेश्वर, खरही रामपुर के गौरीशंकर, कस्बा बिहार के पौराणिक नर्वदेश्वर, मुर्लेश्वर, भगवंतनगर के गजरेश्वर मंदिर में श्रद्धालु सुबह से ही जलाभिषेक करने पहुंच गए। समृद्धि की प्रार्थना की।

# बांग्लादेश की हालत बदतर

## 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और मंदिरों को बनाया निशाना, लोगों का रो-रोकर बुरा हाल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है। भीषण आगजनी के बीच हालात बेहद खराब हो गए हैं। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। वहीं, हालात इतने बदतर हो गए है कि देश में हिंदुओं के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। भीड़ ने यहां के कम से कम 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमला किया और उनके कीमती सामान भी लूट लिए। वहीं, देशभर में कम से कम चार मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है।

### लोगों को पीटा जा रहा

उन्होंने कहा, ऐसा कोई इलाका या जिला नहीं बचा है, जहां सांप्रदायिक हमले न हुए हों। हमें घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमलों के बारे में देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार खबरें मिल रही हैं। लोग रो रहे हैं, कह रहे हैं कि उन्हें पीटा जा रहा है और उनके घरों और व्यवसायों को लूटा जा रहा है। हमारी क्या गलती है? क्या यह हमारी गलती है कि हम देश के नागरिक हैं? मोनिंद्र कुमार नाथ ने इस बात का उल्लेख किया कि देश में हिंदुओं को और अधिक हमलों का डर है। उन्होंने पूछा कि अगर इस तरह के हमले यहां जारी रहे तो हम कहां जाएंगे? हम हिंदू समुदाय के सदस्यों को कैसे सांत्वना देंगे?

### लोगों का छलका दुख

भयावह का अंदाजा इस बात का लगा सकते हैं कि हाटीबंधा उपजिला के पुरबो सरदुबी गांव में कल रात 12 हिंदू घरों को जला दिया गया। वहीं, सदर उपजिला में कई हिंदू घरों में तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। जब पत्रकारों ने ओइक्या परिषद के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव मोनिंद्र कुमार नाथ से बात की, तो उनका दुख छलक आया। नाथ ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे अपने समुदाय पर इस तरह के हमले देखेंगे।

### उपद्रवियों ने चार मंदिरों में की तोड़फोड़

बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को ढाका में इंडिया कल्चर सेंटर पर हमला बोला। साथ ही काली व इस्कॉन समेत देशभर में कम से कम चार मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है। हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के नेता काजोल देबनाथ कहते हैं कि जैसे ही देशभर में शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने की खबर फैली है, जगह- जगह हिंदू मंदिरों पर हमले होने लगे हैं। हिंदुओं सहित तमाम अल्पसंख्यक समुदाय के लोग डरे हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया क ढाका के धानमंडी इलाके में स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र पर भीड़ ने हमला कर उसे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर आग लगाई है। इनमें धनमंडी स्थित बंगबंधु भवन, जिसे बंगबंधु स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है, भी शामिल है।

### कम से कम 10 हिंदू घरों को बनाया निशाना

दिनाजपुर शहर और अन्य उपजिलों में कम से कम 10 हिंदू घरों को निशाना बनाया गया है। हमलावरों ने शहर के रेलबाजारहाट में एक मंदिर में तोड़फोड़ करने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने हंगामा कर रोक दिया।

### इन जगहों पर भी हमले

सूत्रों ने कहा कि बाराबंदर क्षेत्र के स्वर्गीय कोलाश चंद्र रॉय, बाराबंदर की नित्या गोपाल, गुंजाबारी क्षेत्र के बुनू बिस्वास और दिनाजपुर में बिराल उपजिला के रोमा कांत रॉय के घर पर हमला हुआ। बांग्लादेश हिंदू-बुद्ध ईसाई ओइक्या परिषद के महासचिव उत्तम कुमार रॉय ने कहा कि खानसामा उपजिले में तीन हिंदू घरों पर हमला किया गया। वहीं, लक्ष्मीपुर में ओइक्या परिषद के सहायक संगठन सचिव गौतम मजूमदार ने बताया कि 200-300 से अधिक हमलावरों ने शाम करीब साढ़े सात बजे उनकी दो मंजिला इमारत में आग लगा दी।

बांग्लादेश की द डेली स्टार की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने कल शाम तेलीपारा गांव में लालमोनिरहाट पूजा उद्यापन परिषद के सचिव प्रदीप चंद्र रॉय के घर में तोड़फोड़ की और लूटपाट की। इतना ही नहीं, पूजा उद्यापन परिषद के नगर पालिका सदस्य मुहिन रॉय के स्वामित्व वाली एक कंप्यूटर की दुकान में भी तोड़फोड़ की और लूटपाट की। इसके अलावा, जिले के कालीगंज उपजिले के चंद्रपुर गांव में चार हिंदू परिवारों के घरों में लूटपाट की गई।

# हिमाचल में जल प्रलय से हाहाकार

## मनाली-लेह हाईवे और 87 मार्ग बंद, अभी तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/शिमला/रुद्रप्रयाग**

हिमाचल प्रदेश में कई दिनों की भारी बारिश के कारण जल प्रलय की स्थिति पैदा हो गई है। प्रदेश में जगह-जगह अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के चलते मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग और 87 अन्य सड़कें बंद हो गई हैं। वहीं, अगले तीन दिन मूसलाधार बारिश होने का अनुमान है और मौसम विभाग ने सात और आठ अगस्त के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, उत्तराखंड में केदारनाथ धाम और उसके रास्ते में फंसे लोगों को मौसम साफ होने के बाद सुरक्षित निकालने के काम में तेजी आई है। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने बताया कि भारी बारिश के चलते चंद्रभाग नदी का जल स्तर बढ़ गया है। लाहौल और स्पीति जिले में दो जगहों पर अचानक बाढ़ आ गई और जिंगबार के पास मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग 3 पर पानी और मलबा आ गया। इसके चलते दारचा और सरचू पुलिस चेक पोस्ट पर अगले आदेश तक यातायात रोक दिया गया। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) राजमार्ग से मलबा हटाने में जुटा है। मौसम विभाग ने पूर प्रदेश, विशेषतौर पर कांगड़ा, हमीरपुर और चांबा जिलों में भारी बारिश के चेतावनी दी है और खराब मौसम को लेकर दो दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य भागों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### केदारनाथ मार्ग पर फंसे 1,401 यात्री और निकाले गए

केदारनाथ पैदल मार्ग पर अतिवृष्टि के बाद अलग-अलग स्थानों पर फंसे यात्रियों और स्थानीय लोगों का रेस्क्यू पांचवें दिन भी जारी रहा। सोमवार को 1,401 लोगों का रेस्क्यू किया गया। एमआई-17, चिनूक सहित अन्य हेलिकॉप्टर से 645, पैदल मार्ग से 584, भीमबली-लिनचोली-चौमासी मार्ग से 172 यात्री व स्थानीय लोगों को निकाला गया। पांच दिन में 11,775 यात्रियों का रेस्क्यू किया जा चुका है।

### गुजरात के नवसारी-वलसाड के कई इलाके जलमग्न

गुजरात के नवसारी और वलसाड जिलों में भारी बारिश हो रही है। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। इन इलाकों से 1,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। नवसारी जिले के खेरगाम तालुका में सोमवार सुबह छह बजे तक बीते 24 घंटे में 229 मिमी बारिश दर्ज की गई। वलसाड जिले में औरंग नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

# भारतीय ऑटो कंपनियां जल्द ही बनाएंगी 100 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाले वाहन: गडकरी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारतीय ऑटो कंपनियां जल्द ही देश में 100 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली कारों और दोपहिया वाहनों का उत्पादन करेंगी। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब इथेनॉल को पेट्रोल में मिलाकर पूरे देश में बेचा जा रहा है। साथ ही, उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वाहन निर्माता फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक पर काम कर रहे हैं। जिससे एक कार पेट्रोल और इथेनॉल दोनों पर चलाई जा सकेगी। केंद्रीय मंत्री फ्लेक्स-फ्यूल इंजन से चलने वाली कार में संसद आए। एएनआई के मुताबिक, गडकरी ने कहा कि यह दुनिया का पहला वाहन है जिसमें फ्लेक्स इंजन है और यह यूरो 6 उत्सर्जन मानदंडों का अनुपालन करता है। रिपोर्ट के मुताबिक गडकरी ने कहा, ÷यह शुद्ध शून्य उत्सर्जन देता है। गन्ने के रस, गुड़ और मकई से उत्पादित इथेनॉल पर चलता है।÷ टोयोटा ने इससे पहले अगस्त 2023 में भारत में इनोवा हाइक्रॉस का फ्लेक्स-फ्यूल प्रोपेल्ड वर्जन पेश किया था। जिसे अभी देश में बड़े पैमाने पर बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया है। हालांकि, यह जापानी कार निर्माता की फ्लेक्स-फ्यूल वाहन बनाने की क्षमता को दर्शाने वाला एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन था। यह एमपीवी पेट्रोल इंजन बंद होने पर अपनी कुल दूरी का 40 प्रतिशत इथेनॉल पर और शेष 60 प्रतिशत इलेक्ट्रिक पर तय करने में सक्षम होने का दावा करती है। हाल ही में, टोयोटा ने एलान किया था कि वह स्थानीय स्तर पर फ्लेक्स-फ्यूल कारों का उत्पादन करने के लिए भारत में एक प्लांट स्थापित करेगी। यह विनिर्माण सुविधा महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश से लगाई जाएगी। गडकरी ने खुलासा किया है कि टाटा मोटर्स और सुजुकी भी 100 प्रतिशत इथेनॉल या फ्लेक्स-फ्यूल इंजन वाले वाहन बनाने पर काम कर रही हैं। न सिर्फ यात्री वाहन क्षेत्र में, बल्कि भारतीय दोपहिया वाहन बाजार में भी बजाज ऑटो, टीवीएस और हीरो मोटोकॉर्प जैसी ऑटो कंपनियां फ्लेक्स-फ्यूल इंजन से चलने वाली मोटरसाइकिल और स्कूटर बना रही हैं। गडकरी ने कहा, अन्य निर्माता भी फ्लेक्स इंजन लाने पर काम कर रहे हैं। पेट्रोल पंपों की तरह ही, हमारे किसानों के पास अब इथेनॉल पंप होंगे। हमारे पास 16 लाख करोड़ रुपये का आयात है। ऐसे वाहन प्रदूषण को कम करेंगे, लागत बचाएंगे और किसानों को लाभ पहुंचाएंगे।

### वैश्विक फ्लेक्स-फ्यूल वाहन बाजार

फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश किया जा चुका है। और टोयोटा ने 2022 में अपने कोरोला का फ्लेक्स-फ्यूल वर्जन लॉन्च किया था। लेकिन अब भारत BS-VI उत्सर्जन मानकों के अनुरूप फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों का उत्पादन करने के लिए तैयार है। इस बारे में बोलते हुए, गडकरी ने कहा कि इथेनॉल उद्योग किसानों के लिए एक वरदान है। इथेनॉल की मांग बढ़ने से भारत की कृषि अर्थव्यवस्था में नया बदलाव आएगा। गडकरी ने कहा, फ्फ्लेक्स कारें किसानों के लिए वरदान साबित होंगी। इथेनॉल स्वदेशी है और किसान इसके सभी लाभ उठाएंगे। पेट्रोल पंपों की तरह इथेनॉल पंप भी होंगे।

# अदालत में एक मामले की जल्द सुनवाई की मांग कर रहे वकील पर भड़के सीजेआई, कहा, एक दिन हमारी जगह बैठ कर देखिए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



'एक दिन के लिए यहां बैठ जाइए, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि आप अपनी जिंदगी से दूर भागने लगेंगे।' देश की सर्वोच्च अदालत में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ एक वकील पर गुस्सा करते हुए नजर आए। दरअसल, वकील द्वारा शिवसेना विधायकों को अयोग्य ठहराने के मामले की जल्द सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत पर दबाव डाला जा रहा था। महाराष्ट्र में राजीनीतिक विवाद से जुड़े दो अलग अलग मामलों में सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत में दो याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पादरीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ तारीखें तय कर रहीं थीं।

### पहला मामला

पहला मामला उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना और एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना से जुड़ा है। इसे लेकर उद्धव ठाकरे पक्ष की तरफ से अदालत में याचिका दायर की गई। याचिका में महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ते आदेश को चुनौती दी गई है। राहुल नार्वेकर ने विधायनसभा में आदेश पारित किया था कि जून 2022 में विभाजन के बाद एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना ही असली राजनीतिक पार्टी है।

### दूसरा मामला

इसके अलावा अदालत में दूसरी याचिका शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की तरफ से दायर की गई है। इस याचिका में भी राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती दी गई है। राहुल नार्वेकर ने अजित पवार नीत राकांपा को असली पार्टी बताया था। इस संबंध में शीर्ष अदालत ने अजित पवार और उनके 40 विधायकों को शरद पवार पक्ष की तरफ से दायर याचिका को लेकर नोटिस जारी किया था।

### उद्धव के वकील ने अदालत में की जल्द सुनवाई की जिद

अदालत में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि शिवसेना के मामले में वाद-विवाद की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उधर, राकांपा विवाद के मामले में अजित पवार पक्ष की तरफ से वकील एनके कौल अदालत के समक्ष पेश हुए। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि शरद पवार पक्ष की तरफ से पेश की गई याचिका का जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दें। इसके बाद अदालत ने अजित पवार गुट के 40 विधायकों को नोटिस का जवाब देने के लिए 10 दिन का समय देते हुए कहा कि उसके बाद ही याचिका पर सुनवाई होगी। इस बीच उद्धव ठाकरे पक्ष के एक वकील इस मामले में सुनवाई के लिए जल्द से जल्द तारीख की घोषणा करने की जिद करने लगे। वकील ने आगे कहा कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और इस वजह से मामले की जल्द से जल्द सुनवाई होनी चाहिए।

### कृपया अदालत को निर्देश ना दें: डीवाई चंद्रचूड़

इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'कृपया अदालत को निर्देश ना दें।' मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा, 'आप एक दिन के लिए यहां आकर क्यों नहीं बैठ जाते। तब आप अदालत को बताएं कि आप कौन सी तारीख चाहते हैं। आप यह महसूस करेंगे कि अदालत में काम का कितना दबाव होता है। कृपया यहां आइए और एक दिन के बैठिए। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि आप अपनी जिंदगी से दूर भागने लगेंगे।'

# लालकृष्ण आडवाणी अपोलो अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी (96) की तबीयत मंगलवार को एक बार फिर खराब हो गई। उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ विनीत सूरी की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। इससे पहले 26 जून को,ढ्ढह्वह्य दिल्ली में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में उनका एक छोटा ऑपरेशन हुआ था। अगले दिन उन्हें अस्पताल से छुट्?टी मिल गई थी। करीब एक हफ्ते बाद रात में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अपोलो में भर्ती कराया गया था। हालांकि एक दिन बाद ही वे घर आ गए थे। लालकृष्ण आडवाणी को 31 मार्च को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे।

# बैंक धोखाधड़ी के आरोपी को अदालत ने मान लिया था मृत अब 20 साल बाद हुआ गिरफ्तार, फरारी में भी किया घोटाला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

सीबीआई ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो बीते 20 वर्षों से फरार था और यहां तक कि उसे अदालत ने मृत भी घोषित कर दिया था, लेकिन आखिरकार वह सीबीआई के हत्थे चढ़ ही गया। आरोपी की पहचान वी चालापति राव के रूप में हुई है, जो 20 साल पहले एसबीआई बैंक में धोखाधड़ी का आरोपी है। गिरफ्तारी से बचने के लिए ही उसने अपनी मौत का झूठा नाटक रचा और साथ ही अपनी पहचान बदल-बदलकर अलग-अलग जगहों पर रहा। हालांकि वह सीबीआई से नहीं बच सका।

### अदालत ने मान लिया था मृत

सीबीआई ने मई 2002 को चालापति राव के खिलाफ मामला दर्ज किया था। चालापति राव हैदराबाद स्थित एसबीआई शाखा में काम करता था। चालापति पर आरोप था कि उसने अपने परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों के नाम पर बनाए गए इलेक्ट्रॉनिक दुकान के फर्जी कोटेशन और फर्जी वेतन प्रमाण पत्र के आधार पर बैंक से 50 लाख रुपये की ठगी की। सीबीआई ने 31 दिसंबर 2004 को चालापति के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। इसी दौरान चालापति फरार हो गया। चालापति की पत्नी ने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई और फिर फरार आरोपी को मृत घोषित कर सिविल कोर्ट में अपील की। सिविल कोर्ट ने भी आरोपी को मृत मान लिया और आदेश पारित कर दिया। हालांकि आरोपी जिंदा था और सीबीआई से बचने के लिए वह लगातार अपनी पहचान और ठिकानों को बदलता रहा।

### दूसरी शादी कर पहचान भी बदली

आरोपी ने फरारी के दौरान न सिर्फ अपनी पहचान बदली बल्कि दूसरी शादी भी कर ली। आरोपी ने अपने आधार कार्ड समेत सभी पहचान पत्र फर्जी बनवा लिए। फरारी के दौरान आरोपी तमिलनाडु के सलेम भाग गया था और वहीं पर उसने दूसरी शादी की। हालांकि साल 2014 में वह सलेम छोड़कर भोपाल पहुंच गया। भोपाल में कुछ समय बिताने के बाद वह उत्तराखंड के रुद्रपुर शिफ्ट हो गया था। सीबीआई को आरोपी के रुद्रपुर में होने का पता चला, लेकिन जब तक सीबीआई उस तक पहुंचती, वह रुद्रपुर छोड़कर भाग गया। बाद में सीबीआई को पता चला कि वह औरंगाबाद के वेरुल गांव में एक आश्रम में रहा। दिसंबर 2021 में उसने आश्रम भी छोड़ दिया और कथित तौर पर आश्रम में भी 70 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी राजस्थान के भरतपुर चला गया और फिर भरतपुर छोड़कर अपने एक शिष्य के साथ तिरुनेलवेली चला गया। आरोपी समुद्री रास्ते से श्रीलंका भागने की तैयारी कर रहा था। सीबीआई ने चार अगस्त को तिरुनेलवेली के नरसिंगनल्लूर गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी को सीबीआई ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 16 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# पालघर में 10 स्कूलों के 50 आदिवासी छात्र फूड प्वाइजनिंग का शिकार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पालघर**

महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहानु तालुका में बड़ी संख्या में आश्रम विद्यालयों में छात्रों के फूड प्वाइजनिंग से बीमार पड़ने का मामला सामने आया है। डिप्टी कलेक्टर सुभाष भागाडे ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तालुका के लगभग 10 आश्रम स्कूलों के कम से कम 50 छात्र मंगलवार सुबह फूड प्वाइजनिंग के कारण बीमार पड़ गए। उन्हें विभिन्न अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें कि आश्रम विद्यालय आदिवासी छात्रों के लिए बनाए गए आवासीय विद्यालय हैं। पालघर निवासी डिप्टी कलेक्टर सुभाष भागाडे ने कहा कि फूड प्वाइजनिंग के कारणों की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित स्कूल जिले के दहानू, पालघर, तलासारी और वसई तालुका में स्थित हैं।

# सिंगापुर-हांगकांग में भारतीय मसालों पर प्रतिबंध नहीं, राज्यसभा में सरकार ने साफ की स्थिति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सिंगापुर और हांगकांग में भारतीय मसालों पर प्रतिबंध को लेकर कई बार केंद्र सरकार द्वारा स्थिति साफ करने के बाद एक बार फिर राज्यसभा में सरकार ने इस बारे में जवाब दिया है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि इन देशों ने भारतीय मसालों पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक लिखित उत्तर देते हुए कहा कि भारत से निर्यात किए गए कुछ मसाला मिश्रणों के विशिष्ट बैचों को स्वीकार्य सीमा से अधिक एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) की उपस्थिति के कारण हांगकांग और सिंगापुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा वापस ले लिया गया था। उन्होंने कहा कि अपने आयात निगरानी के हिस्से के रूप में, सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने संबंधित ब्रांडों के मसालों की खेप को एक महीने की अवधि के लिए होल्ड-एंड-टेस्ट व्यवस्था के तहत रखा। उन्होंने यह भी कहा कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत मसाला बोर्ड ने आयातक देश की अलग-अलग ईटीओ सीमाओं को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसमें निर्यात किए जाने वाले मसालों का अनिवार्य प्री-शिपमेंट परीक्षण और कच्चे माल की खरीद, पैकिंग, भंडारण और परिवहन के लिए निर्यातकों द्वारा पालन किए जाने वाले व्यापक दिशानिर्देश जारी करना शामिल है। अनुप्रिया पटेल ने यह भी बताया कि इसके अलावा, एफएसएसएआई ने 2011, 2016, 2018, 2020, 2022 और 2023 में दूध और दूध उत्पादों की राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी की है। उन्होंने कहा कि 2018, 2020 और 2022 में की गई जांच की दूध निगरानी की रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है। साथ ही एफएसएसएआई ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दूध और दूध उत्पादों की स्क्रीनिंग और तेजी से परीक्षण के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स तैनात करने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि इसने 2022 में मसालों पर अखिल भारतीय निगरानी की है।

# वायनाड लैंडस्लाइड, मौत का आंकड़ा 402 पहुंचा,180 अब भी लापता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। केरल**

केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 402 हो गई हैं। इनमें से 181 लोगों के शरीर के सिर्फ टुकड़े ही मिले हैं। 180 लोग अब भी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन का आज (6 अगस्त) 8वां दिन है। रेस्क्यू टीम आज सोचीपारा के सनराइज वैली इलाके में तलाशी की जाएगी। यह एक ऐसा दुर्गम क्षेत्र है, जहां अब तक रेस्क्यू का काम नहीं हुआ था। वायुसेना के हेलिकॉप्टर से एक टीम यहां पहुंचेगी। वहीं प्रभावित इलाकों को 6 जोन में बांटकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इधर सोमवार देर रात पुथुमाला में लैंडस्लाइड में मारे गए 29 अज्ञात लोगों और 154 बॉडी पार्ट्स का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए आज मंगलवार को सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया है।

# पड़ोसी देश के बिगड़ते हालात के बीच प. बंगाल पुलिस का लोगों से अनुरोध, भड़काऊ वीडियो साझा न करें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**



बांग्लादेश में महीनों से सुलग रही आरक्षण और सरकार विरोधी चिंगारी भीषण आग के रूप में फूटी। 300 लोगों की मौत के बाद देशभर से प्रदर्शनकारियों ने राजधानी ढाका तक चीनी कम्युनिस्ट क्रांति के अंदाज में लॉन्ग मार्च का एलान किया और सेना भी उग्र भीड़ को संभाल नहीं पाई। नतीजा यह रहा कि करीब डेढ़ दशक से बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज शेख हसीना को जान बचाकर देश से भागना पड़ा। साथ ही अपने पद से इस्तीफा भी देना पड़ा। इन सबके बीच, पश्चिम बंगाल की पुलिस ने लोगों से भड़काऊ वीडियो साझा करने से बचने का आग्रह किया है।

### कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें: बंगाल पुलिस

बंगाल पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, पड़ोसी बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए हमने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट और वीडियो देखे हैं, जो कलह और अशांति पैदा कर सकते हैं। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें, भड़काऊ वीडियो साझा न करें, फर्जी खबरों के जाल में न फंसें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)